RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 201
नई दिल्ली, सोमवार, 30 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



हिट फिल्म से सबको होता है फायदा
राष्ट्रीय-9

# जदयू ने काटा केंद्रीय इस्पात मंत्री आरसीपी सिंह का राज्यसभा टिकट

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**जनता** दल (यूनाइटेड) (जदयू) ने केंद्रीय इस्पात मंत्री आरसीपी सिंह को झटका देते हुए राज्सभा का टिकट काटते हुए उनकी जगह झारखंड के कम नामचीन नेता खीरू महतो को राज्यसभा जाने का रास्ता तैयार कर बड़ा उलटफेर कर दिया है। इस बीच, भाजपा ने रविवार को राज्यसभा के चुनाव के लिए अपने 16 उम्मीदवारों की सूची जारी की, जिसमें केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण कर्नाटक से चुनाव लड़ेंगी और केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल महाराष्ट्र से उच्च सदन में जाएंगे।

भाजपा नेतृत्व के साथ आरसीपी सिंह की बढ़ती नजदीकियों को लेकर जदयू के कई वरिष्ठ नेताओं द्वारा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके नामांकन के विरोध की खबरों के बीच पार्टी का राज्यसभा सीट देने से इनकार करने का फैसला आया है। मोदी सरकार में जदयू की तब तक कोई मौजूदगी नहीं होगी जब तक कि भाजपा उन्हें अगले छह महीनों के भीतर समायोजित नहीं कर लेती। राज्यसभा में आरसीपी सिंह का मौजूदा कार्यकाल 7 जुलाई को खत्म हो रहा है।

- भाजपा ने कर्नाटक से निर्मला सीतारमण को नामांकित किया
- भाजपा के 16 उम्मीदवारों में पीयूष गोयल, डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी भी शामिल


निर्मला सीतारमण


पीयूष गोयल

## कांग्रेस ने 10 उम्मीदवार घोषित किए

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने राज्यसभा के लिए 10 जून को होने वाले चुनाव के लिए रविवार को 10 उम्मीदवारों की घोषणा की, जिसमें केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम, जयराम रमेश और अजय माकन के साथ ही पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला शामिल हैं। चिदंबरम को तमिलनाडु, रमेश को कर्नाटक, माकन को हरियाणा और सुरजेवाला को राजस्थान से उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने मुकुल वासनिक और उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ ने प्रमोद तिवारी को राजस्थान से, विवेक तन्खा को मध्य प्रदेश, राजीव शुक्ला और रणजीत रंजन को छत्तीसगढ़ तथा इमरान प्रतापगढ़ी को महाराष्ट्र से उम्मीदवार बनाया है।

जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने पार्टी की झारखंड इकाई के पूर्व अध्यक्ष महतो के नाम की घोषणा की। पूर्व विधायक महतो कुर्मी जाति से हैं, इसी जाति से नीतीश कुमार और आरसीपी सिंह भी हैं। आरसीपी सिंह को पिछले साल ही केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था और वर्तमान में वह उच्च सदन में लगातार उनका दूसरा कार्यकाल है। भाजपा से राज्यसभा प्रत्याशी बनने की आरसीपी सिंह का प्रयास सफल नहीं हुआ, भगवा पार्टी ने सतीश चंद्र दुबे और बिहार राज्य के सचिव शंभू शरण पटेल के रूप में दो उम्मीदवारों को नामित किया है। पटेल अत्यंत पिछड़ी जाति (धनुक) से आते हैं, जो लगभग 4 फीसदी वोट है, धनुकों ने पारंपरिक रूप से जद (यू) के समर्थक माने जाते हैं। (शेष पेज 8)

# नेपाल के पर्वतीय इलाके में विमान लापता

- चार भारतीयों समेत 22 लोग थे सवार

**भाषा। काठमांडू**

**नेपाल** के पर्यटक शहर पोखरा से उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद हिमालई पर्वतीय क्षेत्र में रविवार को लापता हुए स्थानीय विमानन कंपनी के एक छोटे विमान में सवार मुंबई के रहने वाले एक परिवार के चार सदस्यों समेत 22 लोगों के साथ क्या हुआ है, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है क्योंकि खराब मौसम और बादल छाए रहने के कारण विमान का पता लगाना मुश्किल हो गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तारा एयर विमानन कंपनी के एक प्रवक्ता ने बताया कि ट्विन ओट्टर 9एन-एईटी विमान ने पोखरा से पूर्वाह्न करीब 10 बजे उड़ान भरी थी, लेकिन 15 मिनट बाद ही उसका नियंत्रण टॉवर से संपर्क टूट गया। प्रवक्ता ने बताया कि विमान में चार भारतीय, दो जर्मन और 13 नेपाली यात्रियों के अलावा चालक दल के तीन नेपाली सदस्य सवार थे। विमानन कंपनी ने यात्रियों की सूची जारी की है, जिसमें भारतीयों की पहचान अशोक कुमार त्रिपाठी, धनुष त्रिपाठी, ऋतिका त्रिपाठी और वैभवी त्रिपाठी के रूप में की गई है। नेपाल में भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, तारा एयर उड़ान संख्या 9एनएईटी ने आज पूर्वाह्न नौ बजकर 55 मिनट पर पोखरा से उड़ान भरी थी। इसमें चार भारतीयों समेत 22 लोग सवार थे। यह विमान लापता हो गया है। तलाश और बचाव अभियान जारी है। दूतावास उनके परिवारों के संपर्क में है।


लापता विमान की खोज के लिए काठमांडू के त्रिभुवन हवाई अड्डे से रवाना होती राहत और बचाव कर्मियों की टीम

दूतावास ने अपना आपात हॉटलाइन नंबर भी मुहैया कराया है। माय रिपब्लिका समाचार पत्र ने पोखरा हवाई अड्डा सूचना अधिकारी देव राज अधिकारी के हवाले से बताया कि चालक दल के सदस्यों का नेतृत्व कैप्टन प्रभाकर प्रसाद घिमिरे कर रहे थे। उत्सव पोखरेल सह चालक और किसमी थापा विमान परिचारिका के रूप में विमान के चालक दल में शामिल थे। विमानन सूत्रों ने बताया कि विमान को पश्चिमी पर्वतीय इलाके में जोमसोम हवाई अड्डे पर उतरना था, लेकिन पोखरा-जोमसोम हवाई मार्ग पर घोरेपानी के ऊपर आसमान में विमान का टॉवर से संपर्क टूट गया। जोमसोम हवाई अड्डे में एक हवाई यातायात नियंत्रक के अनुसार, जोमसोम के घासा में एक जोरदार आवाज सुनाई देने की अपुष्ट खबर मिली है। माय रिपब्लिका अखबार ने मुस्तांग के पुलिस उपाधीक्षक राम कुमार दानी के हवाले से बताया कि इस बात का संदेह है कि विमान धौलागिरि इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। इस बीच माय रिपब्लिका समाचार पत्र ने त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के महाप्रबंधक प्रेमनाथ ठाकुर के हवाले से बताया कि 10 जवानों और नागर विमानन प्राधिकरण के दो कर्मियों को लेकर नेपाल की सेना का एक हेलीकॉप्टर संभावित दुर्घटनास्थल नरसिंह मठ के निकट एक नदी के किनारे उतरा। दिलचस्प बात यह है कि नेपाल टेलीकॉम ने ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम नेटवर्क के माध्यम से यह पता लगाया कि विमान के पायलट कैप्टन प्रभाकर घिमिरे का मोबाइल फोन कहां है, जिसके बाद विमान का पता लगाया गया।

म्यागड़ी के मुख्य जिला अधिकारी चिरंजीवी राणा ने बताया कि खराब मौसम ने उस स्थान पर तलाशी के प्रयासों को बाधित किया है, जहां स्थानीय लोगों ने विमान को आखिरी बार देखा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि विमान खैबंग में दो चक्कर लगाए और वह लेटे पास (2,500 मीटर) के निकट कीटी डंडा की ओर बढ़ गया। उन्होंने कहा, स्थल की ओर पुलिस के एक दल को भेजा गया है। इस स्थल से लेटे तक 12 घंटे की पैदल यात्रा है। (शेष पेज 8)

# जज की पत्नी ने अपने भाई के घर लगाई फांसी

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

- फ्लैट से मिले तीन सुसाइड नोट

**दक्षिणी** दिल्ली के साकेत कोर्ट के एक न्यायाधीश की पत्नी ने आत्महत्या कर ली। शनिवार देर रात उनका शव एक रिश्तेदार के घर पंखे से लटका मिला। शव के बाद से तीन सुसाइड नोट बरामद किए गए हैं। जज ने शनिवार को ही पत्नी की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक दक्षिणी दिल्ली के राजपुर खुर्द एक्सटेंशन में इस फ्लैट से तीन सुसाइड नोट भी बरामद किए गए हैं।

साकेत अदालत के एक न्यायाधीश ने शनिवार की रात करीब साढ़े दस बजे पुलिस को सूचना दी कि उनकी पत्नी सुबह करीब साढ़े 11 बजे मालवीय नगर बाजार गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। उसके बाद न्यायाधीश ने साकेत थाने में अपनी पत्नी की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई और तब मामले की जांच की गई। पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाला तब उसने पाया कि कि 42 वर्षीय महिला ऑटो-रिक्शा में सवार हुई थी। ऑटो-रिक्शा चालक ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उसने न्यायाधीश की पत्नी को राजपुर खुर्द इलाके में पहुंचा दिया था। पुलिस उपायुक्त बेनिता मैरी जयकर के मुताबिक ऑटो-रिक्शा चालक से प्राप्त जानकारी न्यायाधीश के साथ साझा की गई, जिन्होंने पुष्टि की कि उनका साला उस इलाके में रहता है। जब न्यायाधीश पुलिस के साथ उस फ्लैट पर पहुंचे तो उन्होंने फ्लैट बाहर से बंद देखा, फिर लोहे की ग्रिल तोड़कर पुलिस फ्लैट में दाखिल हुई तब उसने महिला को एक दुपट्टे के जरिए पंखे से फंदे से लटका हुआ पाया। पुलिस उपायुक्त ने कहा, यह पहली मंजिल पर एक खाली फ्लैट था। उसका (महिला का) भाई का परिवार दूसरी मंजिल पर रहता है। घटनास्थल से तीन सुसाइड नोट भी मिले हैं। शव को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की मोर्चरी में रख दिया गया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

# मैग्नेटिक बम, ग्रेनेड ले जा रहे पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया

**जम्मू (भाषा)।** वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा से पहले जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में रविवार को पुलिस ने एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया गया, जो सात मैग्नेटिक बम और इतनी ही संख्या में यूबीजीएल ग्रेनेड ले जा रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, जम्मू जोन, मुकेश सिंह ने बताया कि राजबाग के तल्ली हरिया चक इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय सीमा में प्रवेश करने के कुछ ही देर बाद ड्रोन को पुलिस के एक दल ने मार गिराया। जम्मू सेक्टर में जून 2020 के बाद यह हथियारों और गोला बारुद से लदा तीसरा पाकिस्तानी ड्रोन है, जिसे सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। सिंह ने बताया कि पुलिस के एक दल ने सुबह ड्रोन की गतिविधि देखी और उस पर गोली चलाई। ड्रोन में ले जा रहे विस्फोटकों का निरीक्षण करने के लिए बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया और इससे सात मैग्नेटिक बम और इतनी ही संख्या में अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर्स (यूबीजीएल) से जुड़े ग्रेनेड बरामद किए गए। (शेष पेज 8)

# पंजाब में गायक सिद्धू मूसेवाला की गोली मारकर हत्या

**भाषा। चंडीगढ़**

**पंजाब** के मानसा जिले में रविवार को अज्ञात हमलावरों ने मशहूर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की गोली मारकर हत्या कर दी। राज्य सरकार द्वारा मूसेवाला की सुरक्षा वापस लिए जाने के एक दिन बाद यह घटना हुई है। पुलिस उपाधीक्षक (मानसा) गोबिंदर सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि 27 वर्षीय मूसेवाला को कई गोलियां लगीं। हमले के समय वह एक गांव में अपनी जीप में थे। मानसा के सिविल सर्जन डॉक्टर रंजीत राय ने पत्रकारों को बताया कि सिविल अस्पताल लाए जाने से पहले ही मूसेवाला की मौत हो चुकी थी। मूसेवाला ने हाल में हुए विधानसभा चुनाव में मानसा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था और आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉक्टर विजय सिंगला से हार गए थे।

कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने मूसेवाला की हत्या पर स्तबधता और आक्रोश व्यक्त किया है और उनकी सुरक्षा वापस लेने के लिए राज्य की आम आदमी पार्टी


सिद्धू मूसेवाला (फाइल फोटो)

(आप) सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस पार्टी ने ट्वीट किया, पंजाब से कांग्रेस उम्मीदवार रहे और एक प्रतिभाशाली संगीतकार सिद्धू मूसेवाला की हत्या, कांग्रेस पार्टी और पूरे देश के लिए एक भयानक सदमे की तरह है। उनके परिवार, प्रशंसकों और मित्रों के प्रति हम गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। इस बेहद दुखद घड़ी में हम एकजुट और अडिग हैं। मूसेवाला को कांग्रेस में लाने में अहम भूमिका निभाने वाले कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है। (शेष पेज 8)

# पीएम-किसान योजना के लाभार्थियों को कल 11वीं किस्त जारी करेंगे मोदी

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के लिए संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत 21,000 करोड़ रुपए की 11वीं किस्त 31 मई को जारी करेंगे जिससे 10 करोड़ से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा। कृषि मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हिमाचल प्रदेश के शिमला में इस योजना की 11वीं किस्त जारी करेंगे। वह गरीब कल्याण सम्मेलन के एक हिस्से के तौर पर केंद्र सरकार की 16 योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित होने वाले लोगों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संवाद भी करेंगे। गरीब कल्याण सम्मेलन नाम का राष्ट्रीय कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित किया जा रहा है। बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 21,000 करोड़ रुपए की 11वीं किस्त जारी करेंगे। वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर दिल्ली के पूसा परिसर से इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# विविधता हमें अधिक सशक्त करती है : प्रधानमंत्री

**मन की बात**

**भाषा। नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने देश में कई भाषाओं, लिपियों और बोलियों का समृद्ध खजाना होने का उल्लेख करते हुए कहा कि विविधता, एक राष्ट्र के रूप में हमें अधिक सशक्त करती है और एकजुट रखती है। रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में मोदी ने भाषा की विविधता पर जोर दिया और उत्तराखंड की निवासी कल्पना का जिक्र किया, जिन्होंने कर्नाटक में 10वीं की परीक्षा में कन्नड़ में 92 अंक हासिल किए। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे देश में कई सारी भाषा, लिपियों और बोलियों का समृद्ध खजाना है। अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग पहनावा, खानपान और संस्कृति, ए हमारी पहचान है। ए विविधता, एक राष्ट्र के रूप में हमें, अधिक सशक्त करती है और एकजुट रखती है।

विविधता के उदाहरण को रेखांकित करते हुए मोदी ने छात्रा कल्पना के बारे में चर्चा की।



प्रधानमंत्री ने कहा, कल्पना ने हाल में कर्नाटक में 10वीं की परीक्षा पास की है, लेकिन, उनकी सफलता की बेहद खास बात यह है कि, कल्पना को कुछ समय पहले तक कन्नड़ भाषा नहीं आती थी। उन्होंने ना सिर्फ तीन महीने में कन्नड़ भाषा सीखी बल्कि 92 अंक प्राप्त किए। उन्होंने कहा, कल्पना के बारे में और भी कई बातें ऐसी हैं जो आपको हैरान भी करेगी और प्रेरणा भी देगी। कल्पना, मूल रूप से उत्तराखंड के जोशीमठ की रहने वाली हैं। वह पहले टीबी से पीड़ित रही थीं और जब वह तीसरी कक्षा में थीं तभी उनकी आंखों की रोशनी भी चली गई थी, लेकिन कहते हैं न, जहां चाह-वहां राह। (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,884 | |
| निफ्टी | 16,352 | |
| सोना | 50,939 | /10g |
| चांदी | 62,636 | /kg |

## क्विक न्यूज

### असम में बाढ़ की स्थिति में हो रहा लगातार सुधार

गुवाहाटी। असम में बाढ़ की स्थिति में शनिवार को और सुधार हुआ और अधिकांश नदियों का जलस्तर कम हो गया, जबकि राज्य में दो और व्यक्तियों की जान चली गई और लगभग 4.50 लाख लोग अब भी प्रभावित है। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया है कि नगांव जिले के दो निवासियों की डूबने से मौत के साथ इस साल बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की दैनिक रिपोर्ट के अनुसार, कछार, दीमा हसाओ, गोलपारा, होजई, कामरूप, कामरूप (मेट्रो), मोरीगांव और नागांव जिलों में 4,49,136 लोग बाढ़ से पीड़ित है। शुक्रवार को बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या 5,00,852 थी।

# सरकार ने आधार कार्ड की फोटो कॉपी साझा न करने का परामर्श वापस लिया

**भाषा। नई दिल्ली**

**सरकार** ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के उस परामर्श को वापस ले लिया है जिसमें आम जनता को किसी भी संगठन के साथ अपने आधार की फोटोकॉपी (प्रति) साझा करने को लेकर आगाह किया गया था। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि वह आधार की फोटोकॉपी साझा नहीं करने के परामर्श वाली प्रेस विज्ञप्ति को वापस ले रहा है क्योंकि इसकी गलत व्याख्या हो सकती है।

मंत्रालय ने कहा, प्रेस विज्ञप्ति में लोगों को सलाह दी गई थी कि वे किसी भी संगठन के साथ अपने आधार की प्रति साझा न करें क्योंकि इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसकी जगह पर आधार संख्या के सिर्फ अंतिम चार अंकों को दर्शाने




वाले आधार (मास्क्ड आधार) का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसमें आधार संख्या के पहले आठ अंक छिपे रहते हैं और सिर्फ अंतिम चार अंक ही दिखते हैं। लेकिन इस विज्ञप्ति की गलत व्याख्या की आशंका को देखते हुए इसे तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाता है। यूआईडीएआई के बेंगलुरु स्थित क्षेत्रीय कार्यालय की तरफ से जारी विज्ञप्ति में आम जनता से किसी भी संगठन के साथ अपने आधार की फोटोकॉपी साझा नहीं करने को कहा गया था। इसमें विकल्प के तौर पर आधार संख्या के (शेष पेज 8)

# केरल में तीन दिन पहले ही मानसून ने दी दस्तक

- दक्षिण पश्चिम मानसून के आगमन के साथ ही वर्षा ऋतु का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा। तिरुवनंतपुर/ नई दिल्ली**

**मानसून** अपने तय समय से तीन दिन पहले रविवार को केरल में दस्तक दे दी है। दक्षिण-पश्चिम मानसून अपने निर्धारित समय एक जून से तीन दिन पहले रविवार को केरल पहुंचने के साथ भारत की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण वर्षा ऋतु का भी शुभारंभ हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि केरल में शनिवार से ही वर्षा हो रही है और राज्य में 14 में से 10 मौसम निगरानी केंद्रों में 2.5 मिलीमीटर से अधिक वर्षा दर्ज की गई है जो मानसून के आगमन के मापदंड को पूरा करता है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि दक्षिण पश्चिम मानसून अपने निर्धारित समय एक जून के बजाय 29 मई को ही केरल पहुंच गया। वैसे तो मानसून केरल तथा तमिलनाडु के कई हिस्सों में आगे बढ़ा है लेकिन मौसम तंत्र की बंगाल की खाड़ी वाली शाखा कमजोर पड़ गई है और वह अभी अंडमान द्वीपों पर ही है। आईएमडी के विस्तारित रेंज अनुमान में सुझाव दिया गया है कि कर्नाटक, गोवा और समूचे पूर्वोत्तर भारत में मानसून की गति धीमी रह सकती है।



अगरतला में भारी बरसात के बाद सड़कों पर भर गया पानी

पहले आईएमडी ने चक्रवात असानी के प्रभाव के चलते 27 मई को मानसून के केरल पहुंचने का अनुमान लगाया था। हालांकि दक्षिणी प्रायद्वीप पर ठहरे इस शेष मौसम तंत्र (असानी) का प्रभाव कमजोर हो गया। असानी एक पखवाड़े पहले बंगाल की खाड़ी में आया था। केरल में मानसून के आगमन की घोषणा के लिए मापदंड में समुद्र तल पर साढ़े चार किलोमीटर तक पछुआ हवा की रफ्तार आदि शामिल हैं। मौसम कार्यालय ने कहा कि केरल में मानसून के आगमन की सभी शर्तें रविवार, 29 मई, 2022 को पूरा हो गई हैं। अगले तीन चार दिनों में दक्षिण पश्चिम मानसून के मध्य अरब सागर के कुछ हिस्सों, केरल के बाकी हिस्सों, तमिलनाडु के कुछ और हिस्सों, कर्नाटक की ओर बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल हैं।

मानसून के नक्शे के अनुसार स्उत्तरी केरल के कुछ हिस्सों में मानसून सामान्य (2-5 जून) की तुलना में बहुत पहले अपने आगमन को दर्शाता है, जबकि तमिलनाडु के कुछ हिस्सों जैसे नागापट्टिनम तक मानसून नहीं पहुंचा है जबकि यहां आमतौर मानसून के पहले दिन से ही यहां बारिश का अनुभव किया जाता रहा है। आईएमडी के अनुसार, दक्षिण-पूर्व अरब सागर और केरल के आसपास के इलाकों में बादल छा गए थे और पछुआ हवाएं 25-25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थीं।

### दिल्ली में हल्की बारिश

**राष्ट्रीय** राजधानी के कुछ हिस्सों में रविवार शाम को हल्की बारिश हुई, जिससे झुलसाने वाली गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने बताया कि अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के लिए सामान्य है, जबकि न्यूनतम तापमान मौसम के औसत से दो डिग्री अधिक 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, सोमवार को मौसम खुशनुमा रहने व आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और गरज के साथ छीटें पड़ने की संभावना है।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 30 मई 2022



# अतिक्रमण के खिलाफ ग्रेनो प्राधिकरण चलाएगा अभियान

## सीईओ ने तीनों एसीईओ व दोनों ओएसडी को सौंपी ध्वस्तीकरण की कमान

● अथॉरिटी के पांच वरिष्ठ अधिकारी करेंगे कार्रवाई की निगरानी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान और तेज करने के लिए कमर कस ली है। प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेंद्र सिंह ने अतिक्रमण को ध्वस्त करने और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के अभियान की कमान अपने तीनों एसीईओ व दोनों ओएसडी को सौंपी है। सीईओ ने चेतावनी दी है कि अगर प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण हुआ तो उस एरिया के वर्क सर्किल इंजीनियरों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने अपने अधीनस्थों के साथ बैठक कर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। सीईओ ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की निगरानी के लिए पांच वरिष्ठ अधिकारियों की दिनवार सप्ताहिक ड्यूटी लगा दी है। हर सोमवार को एसीईओ अदिति सिंह अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की मॉनिटरिंग करेंगी। हर मंगलवार को एसीईओ दीप चंद्र, हर बुधवार को एसीईओ अमनदीप डुली, हर बृहस्पतिवार को ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव व हर शुक्रवार को ओएसडी सचिन कुमार सिंह अतिक्रमण की कार्रवाई की मॉनिटरिंग करेंगे। अतिक्रमण हटाने के लिए जरूरी संसाधनों के इंतजाम की जिम्मेदारी भी इन अधिकारियों पर होगी।

बैठक में सीईओ ने निर्देश दिए कि प्राधिकरण द्वारा अर्जित भूमि, जिसमें भू-स्वामियों द्वारा प्रतिकर, आबादी का प्लॉट सहित सभी लाभ लेने के बावजूद भी अवैध कब्जा किया है तो उसे तत्काल हटाएं। फील्ड में घूमकर अतिक्रमण वाले जगहों को चिंहित कर लें। उसे जगह-जगह प्रदर्शित करें। अतिक्रमण रोकने के लिए वन मैप ग्रेटर नोएडा पर उपलब्ध डाटा का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। सीईओ ने कहा कि शाहबेरी जैसी घटना भविष्य में न हो, इसके लिए अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने प्राधिकरण की अर्जित, कब्जा प्राप्त व एलएमसी की जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ एफ आईआर दर्ज करा कर जेल भेजने के निर्देश दिए। ऐसी कार्रवाई न करने पर उस एरिया के वरिष्ठ प्रबंधक की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस से सहयोग ले सकते हैं। अगर किसी अधिकारी के संरक्षण में अवैध अतिक्रमण होने की सूचना मिली तो उस एरिया के वरिष्ठ प्रबंधक, प्रबंधक व सहायक प्रबंधक के खिलाफ सेवा नियमावली के तहत कार्रवाई की जाएगी। सीईओ ने निर्देश दिया कि बिना नक्शा पास कराए अगर कोई व्यक्ति निर्माण करता है तो उसे तत्काल रोक दें और उसके खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई कराएं।

# विद्युत विभाग का एमएमजी अस्पताल पर डेढ़ करोड़ बकाया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिला एमएमजी अस्पताल पर विद्युत निगम का लगभग डेढ़ करोड़ रुपया बकाया है। जिसके समायोजन के लिए विद्युत निगम की ओर से अस्पताल को पत्र भी जारी किया गया है। समायोजन नहीं होने पर कनेक्शन काटने की चेतावनी भी दी गई है। जिला एमएमजी अस्पताल में 160 बेड हैं, जिन पर 100 से ज्यादा मरीज भर्ती हैं। इसके अलावा इमरजेंसी और ऑक्सीजन प्लांट भी हैं। यदि अस्पताल की बिजली कटती है तो मरीजों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

विद्युत निगम के गाजियाबाद के चीफ इंजीनियर एसके पुरवार बताया कि बकाए को लेकर अस्पताल प्रबंधन को कई बार पत्र जारी किए जा चुके हैं, लेकिन अस्पताल की ओर से समायोजन के प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। इस संबंध में शासन को भी सूचना भेजी गई है।



● वसूली के लिए प्रबंधन को भेजा नोटिस

उधर, एमएमजी अस्पताल के सीएमएस डॉ मनोज चतुर्वेदी बकाए की जानकारी होने से इनकार कर रहे हैं। डॉ चतुर्वेदी बताया कि उनकी तैनाती को ज्यादा समय नहीं हुआ है। उनकी जानकारी में मई माह के बिजली बिल का 22 लाख रुपया बकाया है, जिसके समायोजन के लिए विभाग को पत्र भेजा जा चुका है।

# सरकारी अस्पतालों में जांच की मशीनें खराब

## *सुविधा नहीं मिलने से निजी लैब में भटक रहे परेशान मरीज*

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



फाइल फोटो

जिले के तीन बड़े सरकारी अस्पतालों में मरीजों को सुविधा नहीं मिल रही। एमएमजी अस्पताल में सीटी स्कैन की मशीन खराब पड़ी है। वहीं, संयुक्त अस्पताल में डिजिटल एक्स रे की सुविधा से मरीज वंचित हैं। महिला अस्पताल में रेडियोलाजिस्ट नहीं होने से अल्ट्रासाउंड जांच प्रभावित हो रही है।

एमएमजी में करीब चार साल से सीटी स्कैन की मशीन खराब है। यहां प्रत्येक मरीज से सीटी स्कैन कराने के लिए 500 रुपये फीस ली जाती थी। लेकिन मशीन खराब होने के कारण मरीजों को बाजार में सीटी स्कैन कराने के लिए आठ हजार रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। वहीं, संजय नगर स्थित संयुक्त अस्पताल में करीब चार महीने से डिजिटल एक्स.रे नहीं हो रहा है। क्योंकि अस्पताल में एक्स रे की फिल्म नहीं है। जबकि बाजार में डिजिटल एक्सरे के लिए मरीज को 600 से 800 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं।

सीएमएस डा विनोद चंद्र पांडेय बताते हैं कि डिजिटल एक्सरे की फिल्म की आपूर्ति के लिए शासन को पत्र लिखा है। जबकि अस्पताल में सामान्य एक्स रे हो रहा है। महिला अस्पताल में रेडियोलाजिस्ट नहीं होने के कारण मरीजों को 12 से 16 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है।

इसका मुख्य कारण यह है कि महिला अस्पताल में करीब दस महीने पहले रेडियोलाजिस्ट डा अशोक कुमार का ट्रांसफर हो गया था, तब से अब तक किसी भी रेडियोलाजिस्ट की नियुक्त यहां नहीं हो सकी है।

हालांकि सीएमओ ने एमएमजी अस्पताल के रेडियोलाजिस्ट डा पंकज को महिला अस्पताल में संबद्ध किया है, लेकिन वह भी ज्यादातर अन्य कार्यों में व्यस्थ रहते हैं। इस कारण महिला गर्भवती को अल्ट्रासाउंड की जांच कराने के लिए निजी केंद्रों पर जाना पड़ता है। जहां उनसे 800 से 1200 रुपये तक लिए जाते हैं। महिला अस्पताल की सीएमएस डा संगीता गोयल बताती हैं कि अस्पताल में स्थायी रेडियोलाजिस्ट की नियुक्त करने के लिए शासन को पत्र लिखा है।

## ऑनलाइन पलंग बेचने के नाम पर ठगे रुपए

**नोएडा।** साइबर ठग ने एक महिला को ऑनलाइन पलंग बेचने के बहाने 25 हजार रुपये की ठगी कर ली। आरोपी ने महिला से एडवांस रुपये लेकर न तो पलंग दिया और न ही पैसे वापस किए। अब आरोपी पैसे वापस मांगने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस संबंध में उसके खिलाफ सेक्टर 24 थाने में शिकायत दी गई है।

पुलिस को दी शिकायत में नीलू शर्मा ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर 11 में रहती है। उनके पति सोनू एक निजी कंपनी में मैनेजर है। सोनू का कहना है कि कुछ समय पहले उनकी पत्नी ने इंटरनेट से मोबाइल नंबर लेकर एक व्यक्ति को कॉल किया था।

# देवेंद्र चंदेला की 4 करोड़ रुपए की संपत्ति को किया सीज

## प्रॉपर्टी विवाद में चचेरे भाइयों को उतारा था मौत के घाट, मामले में 8 लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा गिरधरपुर हत्याकांड में गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी देवेंद्र चंदेला की 4 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी को जब्त किया है। पुलिस कमिश्नर का आदेश है कि इस मामले में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। अभी तक इस मामले में 8 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जिसमें मुख्य आरोपी देवेंद्र चंदेला भी शामिल है।

यह घटना 2 साल पहले 8 फरवरी 2021 की है। जब देवेंद्र चंदेला ने प्रॉपर्टी विवाद में अपने दो चेचरे भाई सलेक उर्फ सुरेश और अमित को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। इस घटना में मृतकों के चाचा प्रेम सिंह भी गोली लगने से घायल हो गए थे, लेकिन इलाज के दौरान उनकी जान बच गई थी और वह मुख्य गवाह बन गए थे।

प्रेम सिंह ने कोर्ट में देवेंद्र चंदेला और उसके साथियों के खिलाफ गवाही दी थी। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पीड़ित लोगों ने इस मामले में पुलिस से सुरक्षा की मांग की थी।

शुरुआत में प्रेम सिंह को सुरक्षा मिल गई थी, लेकिन बाद में सुरक्षा हटा ली गई थी। गवाही के बाद



पुलिस ने प्रेम सिंह को सुरक्षा दे दी थी। बाद में पुलिस ने जब प्रेम सिंह की सुरक्षा हटा ली थी तो 16 दिसंबर 2021 को उसकी गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। इस मामले में प्रेम सिंह के बेटे धर्मेंद्र ने देवेंद्र चंदेला, रविद्र और अमित सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद से ही पुलिस इस मामले में एक्शन मोड़ में है। रविवार को पुलिस कमिश्नर के आदेश पर देवेंद्र चंदेला के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी सीज की है।

## वाटर ड्रेन चैंबर ढकने पर होगी कार्रवाई

**नोएडा।** बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पहल शुरू की है। सेक्टरों में वाटर ड्रेन चैंबर को रैंप से ढकने वालों को चेतावनी दी है। प्राधिकरण ने ऐसे मकान मालिकों से कहा है कि वह तीन दिन के अंदर चैंबर को अतिक्रमण से मुक्त कर दें और उसे सड़क से तीन इंच नीचे रखें। अगर ऐसा नहीं किया तो प्राधिकरण खुद कार्रवाई करेगा। इसके लिए प्राधिकरण सेक्टरों में मुनादी करा रहा है।

शहर में बारिश के समय सेक्टरों में जलभराव की समस्या बढ़ जाती है। समस्या का मूल कारण है कि लोगों ने वाटर ड्रेन चैंबर को ढक लिया है। इसके चलते पानी नहीं जा पाता है। लोगों ने अपने रैंप बढ़ाकर वाटर ड्रेन चैंबर के ऊपर तक ले लिया। उससे चेंबर ऊपर हो गए और सड़क नीचे हो गई।

# बच्चेदानी के कैंसर से बचाने को लगेगी एचपीवी वैक्सीन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

आजकल महिलाओं में काफी ज्यादा ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर के मामले अधिक सामने आ रही हैं। भारत के कोने-कोने में यह कैंसर फैला हुआ है। शुक्रवार को प्रदेश सरकार ने जारी किए गए बजट में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एक लाख से अधिक लड़कियों को एचपीवी मतलब ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन लगाने की बात की गई है। यह वैक्सीन 9 साल से 14 साल तक की लड़कियों को लगेगी।

सेक्टर-39 स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ कैंसर प्रीवेंशन एंड रिसर्च सेंटर की वैज्ञानिक डॉ एकता गुप्ता ने बताया कि अगर यह वैक्सीन किसी कारणवश 14 साल की उम्र तक नहीं लगती है, तो यह 26 साल की उम्र तक लगवाई जा सकती है।



इसकी 3 डोज 6 महीने के अंतराल में लगाई जाती है। वैक्सीन को पहले सेक्सुअल रिलेशनशिप बनाने से पहले लगवाना बेहतर होता है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर सुनील दोहरे ने बताया कि विभाग कितनी लड़कियों को वैक्सीन लगाने के आदेश देता है, इसकी जानकारी आनी अभी बाकी है। गौतमबुद्धनगर स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक यहां 9 से 14 साल तक की लड़कियों की संख्या करीब 22 हजार है।

# किराए के फ्लैट में चल रहा था कसीनो, 19 लोग गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पुलिस ने बंगाली कालोनी में किराए के फ्लैट में चल रहे अवैध कसीनो और सट्टे का भंडाफोड़ करके 19 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। संचालक मौके पर नहीं मिला है। उसने छह हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से फ्लैट किराए पर लिया था। पुलिस उसकी व मकान मालिक की तलाश कर रही है।

पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि दिल्ली से सटी बंगाली कालोनी में अवैध

● मकान मालिक और संचालक की तलाश जारी

कसीनो और सट्टा लगवाने की सूचना मिली। कार्यवाहक पुलिस क्षेत्राधिकारी साहिबाबाद रितेश त्रिपाठी व साहिबाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र चौबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मुखबिर से पता चला कि अब्दुल हसन उर्फ अब्बुल के मकान के प्रथम तल के फ्लैट में कैसीनो व सट्टा लगवाया जा रहा है।

## बिल्डरों पर 30 हजार करोड़ रुपये बकाया

**नोएडा।** ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं में भूमि आवंटन के सापेक्ष बिल्डरों पर नोएडा प्राधिकरण का कुल बकाया लगभग 12000 करोड़ है। इसमें से लगभग 3000 करोड़ दिवाला कार्यवाही में फंस गए हैं।

तीनों प्राधिकरणों को मिलाकर बकाया राशि 30000 करोड़ है। प्राधिकरण सीईओ रितु माहेश्वरी ने कहा नोएडा अथॉरिटी वित्तीय लेनदार नहीं हैं। आईबीसी में इस स्थिति के कारण डेवलपर्स कानून का दुरुपयोग कर रहे हैं। एक कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत रियल एस्टेट कंपनी का पहला दायित्व परियोजना को पूरा करके खरीदारों के हितों को सुरक्षित करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद से मिले ग्रेटर नोएडा के किसान

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के किसानों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ महेश शर्मा से मुलाकात की। किसानों ने कहा हम लोग पल्ला गांव में दिल्ली.मुंबई इंडस्ट्रियल रेलवे फ्रेट कॉरिडोर में हुए भूमि अधिग्रहण और तमाम दूसरी मांगों को लेकर 6 महीनों से धरना दे रहे हैं। कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। इस पर सांसद ने किसानों को आश्वासन दिया है। किसानों ने कहा रेलवे कॉरिडोर के लिए नए भूमि अधिग्रहण कानून के अनुसार उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले। प्रभावित गांवों के सभी भूमिधर और भूमिहीन किसानों को पुनर्वासन व पुनर्व्यवस्थापन के सभी लाभ दिए जाने चाहिए। साथ ही आबादियों का निस्तारण किया जाए।

### प्राधिकरण का दफ्तर बना रही कंपनी हुई ब्लैक लिस्ट

**नोएडा।** सेक्टर-96 में नोएडा प्राधिकरण का नया ऑफिस बना रही निर्माण कंपनी मैसर्स प्रतिभा इंडस्ट्री लिमिटेड को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है। काम काफी धीमी गति से किए जाने की वजह से कंपनी के खिलाफ नोएडा प्राधिकरण ने कार्रवाई की है। अब कंपनी प्राधिकरण से जुड़े किसी काम में तीन साल तक हिस्सा नहीं ले सकेगी। अब बचे काम को कराने के लिए नए सिरे से रिक्स एंड कास्ट पर 15 दिन में टेंडर जारी कर दिया जाएगा।

# 30 मिनट की जगह तीन घंटे में दूर हो रही बिजली समस्या

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

विद्युत निगम द्वारा गर्मियों में लोकल फॉल्ट को आधे घंटे में दुरुस्त करने के दावे किए गए थे, जबकि दावों के उल्ट हकीकत में लोकल फॉल्ट को दुरुस्त करने में तीन घंटे तक का समय लग रहा है। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती झेलनी पड़ रही है।

बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए गत वर्षों में फॉल्ट लोकेटर मशीन पावर कॉरपोरेशन को उपलब्ध कराई गई थी ताकि अंडरग्राउंड केबल में हुए फॉल्ट को तत्काल ठीक किया जा सके। इसके अलावा शहर में दो मोबाइल वैन की सुविधा भी शुरू की गई है, जिससे फॉल्ट को त्वरित ठीक किया जा सके।

इसके बाद भी फॉल्ट को ठीक करने के लिए कॉरपोरेशन के कर्मचारियों को घंटों समय लग रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गत दिनों सेक्टर 6 में क्षतिग्रस्त बिजली लाइन को दुरुस्त करने में तीन घंटे से अधिक समय लग गया। सेक्टर 22 के निवासी ने बताया कि आए दिन सेक्टर में बिजली गुल हो रही है।

PUBLIC NOTICE
My Clients NARENDER SONI S/o CHUNNI LAL SONI, AND CHANDRIKA SONI W/o SHRI NARENDER SONI, both R/o 1071, Chand Mohalla, Gandhi Nagar, Delhi-110031, have severed all relations from their SON SATISH SONI S/o NARENDER SONI and daughter-in-law RUPAL SONI W/o SATISH SONI, Second son HITESH SONI S/o NARENDER SONI his wife ARCHANA SONI VERMA W/o HITESH SONI, debar them from all their moveable and immoveable properties because of their misbehaviour. My client will not be responsible for any act/transactions/deal done by Them.
Raj Kumar and Associates (Advocate)
Delhi High Court
33A, Krishan Kunj, Extn.-II, Laxmi Nagar, Delhi-92

## कई स्टंटबाजों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**नोएडा।** नोएडा के एडिशनल डीसीपी रणविजय सिंह ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर स्टंटबाजों की वीडियो वायरल हो रही है। जैसे ही पुलिस को ऐसे मामले में सूचना प्राप्त होती है, तत्काल एक्शन लिया जाता है।

पिछले कुछ दिनों के दौरान स्टंटबाजों की जो भी वीडियो सामने आई है। उस मामले में शिकायत दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की गई है और काफी लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को भी पुलिस ने शक्तिमान बनने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया था।

# शोरूम के किरायेनामे की होगी जांच

## निबंधन विभाग ने विद्युत निगम से मांगी कनेक्शन की रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

शहर में व्यवसाय के लिए किराये पर चल रहे शोरूम के किरायेनामे की जांच करके बकाया स्टांप शुल्क वसूला जाएगा। निबंधन विभाग ने विद्युत निगम से पांच किलोवाट से ज्यादा क्षमता वाले कनेक्शन की डिटेल मांगी है।

जनपद में लाखों रुपये प्रति माह किराए पर शोरूम व अन्य कार्यालय चल रहे हैं। नियमानुसार कोई भी ऑफिस या संस्थान यदि किराए पर संचालित है तो उसका किरायानाम रजिस्ट्रर्ड कराना जरूरी है। लेकिन केवल सरकारी व सेमी प्राइवेट कंपनियों के दफ्तरों के किरायेनामे ही रजिस्ट्रर्ड हो रहे हैं। यह सभी किरायानामा रजिस्ट्रर्ड कराते समय नियमानुसार स्टांप शुल्क अदा करते हैं। इसके विपरीत जनपद में बड़ी संख्या में निजी शोरूम संचालित हो रहे हैं, कोई भी शोरूम किरायानामा रजिस्ट्रर्ड नहीं कराता।

किरायेनामे का पंजीकरण न कराने पर विभाग को स्टांप शुल्क के रूप में राजस्व की हानि हो रही है। नियमानुसार जनपद में चल रहे किराए के व्यवसाय पर उचित स्टांप शुल्क लगता है। लेकिन मात्र 15 से 20 फीसदी मामलों में ही उचित स्टांप शुल्क देकर किरायानामा रजिस्ट्रर्ड कराया जाता है। 80 फीसदी किराएदारी मात्र 100 रुपये के स्टांप पर तय हो जाती है। अब प्रशासन से विद्युत निगम के अधिकापरियों से पांच किलोवाट के कमर्शियल कनेक्शन की सूची मांगी है। इनमें विद्युत कनेक्शन लेते समय किरायानाम लगाया हुआ होता है। विद्युत निगम से जानकारी प्राप्त होने के बाद विभाग की ओर से सभी को नोटिस भेजा जाएगा।




बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन करते सोसायटी के लोग।

# ओएसिस बिल्डर के खिलाफ निवासियों ने खोला मोर्चा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पैन ओएसिस हाउसिंग सोसायटी के निवासियों ने बिल्डर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। निवासियों का कहना है कि यूपी रेरा के आदेश के बावजूद भी बिल्डर हाउसिंग सोसाइटी में एओए का गठन नहीं कर रहा है। सोसायटी के निवासियों ने बिल्डर पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। इसी को लेकर सैकड़ों निवासी बिल्डर की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

सोसाइटी निवासी शंभू शरण ने बताया कि सोसायटी के सैकड़ों निवासी पिछले करीब 9 दिनों से पैन ओएसिस बिल्डर के खिलाफ धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं। निवासियों की मुख्य मांग सोसाइटी में एओए का गठन और लंबित रजिस्ट्री है, लेकिन बिल्डर किसी की सुनने को तैयार नहीं है। सोसाइटी के फ्लैट खरीदारों की मांग है कि सोसाइटी का मेंटेनेंस निवासियों को सौंपा जाए। सोसाइटी में एओए का गठन किया जाए। जिससे 500 से 700 हर महीने फ्लैट खरीदार की बचत होगी। सोसाइटी और सोसाइटी की रखरखाव भी बेहतर तरीके से होगी।

# दुहाई डिपो में रैपिड रेल का ट्रैक तैयार

## ओएचई लगाने का काम प्रगति पर, जल्द गाजियाबाद पहुंचेगी देश की सबसे तेज ट्रेन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल रैपिड रेल आरआरटीएस कॉरिडोर के लिए पहली ट्रेन जल्द ही गाजियाबाद के दुहाई डिपो में पहुंच जाएगी। इसके लिए दुहाई डिपो में ट्रैक बनकर तैयार हो चुके हैं। ट्रेन की टेस्टिंग के लिए भी पूरी तैयारी है। आरआरटीएस ट्रेनों के संचालन के लिए दुहाई डिपो में ही प्रशासनिक भवन बनाया गया है। 17 किमी लंबे प्रायोरिटी सेक्शन में साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई आरआरटीएस स्टेशन और दुहाई डिपो हैं।

आरआरटीएस ट्रेनों के लिए दुहाई डिपो में 11 स्टेबलिंग लाइन, 2



वर्कशॉप लाइन, 3 इंटरनल.बे लाइन आईबीएल और एक हेवी इंटरनल क्लीनिंग एचईसी लाइन बनाई जा रही हैं, जिनमें एक वर्कशॉप और एक आईबीएल लाइन का निर्माण अंतिम चरण में हैं, जबकि बाकी लाइनों का निर्माण पूरा हो चुका है। स्टेबलिंग लाइनों का प्रयोग ट्रेनों के खड़ा करने के लिए किया जाता है। वर्कशॉप लाइनों पर ट्रेनों के रख रखाव और तकनीकी खराबियों को ठीक किया जाता है। आईबीएल लाइनें ट्रेनों की टेस्टिंग के लिए बनाई जाती हैं और हेवी इंटरनल क्लीनिंग लाइन पर ट्रेनों के भीतर की सफाई की जाती है। दुहाई डिपो में ट्रेनों के लिए रूफशेड लगाने, अंडरपास और बाउंड्री वॉल के निर्माण समेत अन्य कई कार्य तेजी से चल रहे हैं। इसके साथ ही ट्रेनों के लिए विद्युत आपूर्ति के लिए ओएचई लगाने का काम जल्द शुरू होने वाला है। डिपो में ओएचई लगाने के लिए पोल और केंटीलिवर लगाए जा चुके हैं। जल्द ही पूरा डिपो ट्रेनों के संचालन के लिए तैयार हो जाएगा। इसके साथ ही दुहाई आरआरटीएस स्टेशन को दुहाई डिपो से जोडने वाले वायाडक्ट का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है।

इस वायाडक्ट के पूरा होने के साथ ही ट्रेनों के लिए डिपो से बाहर निकलने के लिए लाइन तैयार हो जाएगी। वहीं प्रायोरिटी सेक्शन पर ट्रैक बिछाने और ओएचई लगाने का कार्य भी प्रगति पर है।

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक
आपकी उम्मीद का खाता
सार्वजनिक सूचना
नकल करने वालों / धोखेबाजों से सावधान
हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ धोखेबाज/अपराधी तत्व/नकल करने वाले **उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक** के प्रतिनिधि के रूप में खुद को गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे हैं और सस्ती दरों पर ऋण के माध्यम से प्रलोभन दे रहे हैं। वे जनता के सदस्यों को इस उद्देश्य के लिए **उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक** के साथ खोले गए बैंक खाते में प्रसंस्करण शुल्क, स्टेम्प ड्यूटी शुल्क और किसी भी अन्य शुल्क जमा करने की सलाह देते हैं। हम जनता के सदस्यों को इस तरह के किसी भी नकली संचार / गलत बयानी से अवगत होने और ऐसे किसी भी प्रस्ताव / प्रस्तावों पर विचार करने से बचने के लिए सावधान करते हैं। यह भी देखा गया है कि ये व्यक्ति/संस्थाएं **उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के लोगो (जैसा कि ऊपर शीर्ष लेख में दिखाया गया है)** का अवैध रूप से उपयोग कर रहे हैं। जबकि बैंक ऐसे धोखेबाजों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर रहा है, जनता के सदस्यों को इस तरह के भ्रामक प्रस्तावों के शिकार न होने की सलाह दी जाती है।
किसी भी सहायता/स्पष्टीकरण के लिए आप **उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के ग्राहक सेवा से 1800 123 9878/1800 208 1788** पर संपर्क कर सकते हैं।
कृपया ध्यान दें कि **उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक** ऐसे धोखेबाजों / आपराधिक तत्वों के गलत बयानी / कृत्यों के कारण किसी भी ग्राहक / जनता के सदस्यों को हुए किसी भी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 30 मई, 2022



# जाम से मिलेगी निजात, सरपट दौड़ेंगे वाहन

## ट्रैफिक पुलिस ने एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली से वाहनों को नियंत्रित करने की बनाई योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



लोगों को जल्द ही यातायात जाम की समस्या से निजात मिलने वाली है। राजधानी दिल्ली में जाम की स्थिति में कमी लाने और वाहनों की तेज आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली यातायात पुलिस ने एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली (आईटीएमएस) शुरू करने की योजना बनाई है। नई प्रणाली मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर काम करेगी।

इसके साथ ही यह एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवा वाले वाहनों को त्वरित रूप से मार्ग उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान करने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

यातायात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वाहनों के परिचालन और निगरानी के लिए कमान केंद्र दिल्ली पुलिस मुख्यालय में स्थापित होगा। इस परियोजना का मकसद सभी यातायात बत्तियों में तालमेल पैदा करने और इनके स्वत: ही विनियमित होने का है।

आईटीएमएस वाहन चालकों को आगे जाम की स्थिति होने पर पहले ही आगाह करते हुए वैकल्पिक रास्ता सुझाएगी। पुलिस उपायुक्त एसके सिंह ने कहा, यह प्रणाली नगर निकाय द्वारा संचालित सभी पार्किंग स्थलों से भी जुड़ी होगी ताकि वाहन चालकों को उक्त स्थान पर पहुंचने से पहले ही पार्किंग की स्थिति से अवगत कराया जा सके। वाहन चालक दिल्ली नगर निगम के मोबाइल ऐप पर अद्यतन स्थिति को देख सकते हैं जो पॉपअप संदेश प्रदर्शित करेगा। यह गूगल मैप से भी जुड़ा होगा। यातायात पुलिस ने एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली के लिए सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग (सी-डैक) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं जो कार्य को आगे परामर्शदाता को हस्तांतरित करेगा।

सिंह के अनुसार मौजूदा समय में योजना शुरुआती दौर में है। उन्होंने परियोजना और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के लिए आठ महीने का समय दिया है।

इस दौरान 42 स्थानों पर सर्वेक्षण होगा जिसके अंतर्गत 1200 सिग्नल और 600 ब्लिंकर्स हैं। यह रिपोर्ट इस साल नवंबर में जमा की जानी है।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले मुंडका स्थित एक इमारत में आग लगने से 27 लोगों की जान चली गई थी। कुछ दमकल की गाड़ियों को वहां पहुंचने में कथित तौर पर जाम की वजह से देरी हुई और अगर वे समय से पहुंचते तो कुछ लोगों की जान बच सकती थी।



ओखला बैराज पर एक बार फिर अमोनिया को स्तर बढ़ने लगा है। पानी में उठे छाग में नाव चलाता युवक।

# लैंडफिल के पास महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी को बनेगी समिति



● स्वास्थ्य पर गंभीर विपरीत प्रभाव को देखते हुए दिल्ली महिला आयोग ने की पहल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) लैंडफिल के आसपास रहने वाली महिलाओं व बच्चों के साथ-साथ एमसीडी सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर का आकलन करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाएगी। समिति इस मुद्दे पर सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी।

डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा, प्रथमदृष्टया हमने पाया कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ रहे लैंडफिल स्थलों (कूड़ा जमा करने का स्थान) के सवंदेनशील मुद्दे से निपटने के लिए लापरवाही वाला रवैया अपनाया है। लैंडफिल के आसपास के इलाकों में लोग सालों से रह रहे हैं।

मालीवाल ने कहा कि उनकी जिंदगी नरक जैसी हो गई है और इसका गंभीर असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ा है। एकीकृत और उत्तर एमसीडी पर वर्ष 2019 के राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश से पहले तक लैंडफिल को साफ करने लिए कोई प्रयास नहीं करने का आरोप लगाया। मालीवाल ने यह भी आरोप लगाया कि 70 करोड़ रुपए खर्च हो जाने के बावजूद लैंडफिल की स्थिति खराब होती जा रही है।

मालीवाल ने दावा किया, एमसीडी ने कभी ठोस कचरा प्रबंधन या लैंडफिल से स्वास्थ्य पर असर का अध्ययन करने की परवाह नहीं की।

इसके उलट तथ्य है कि उसके लिए इस समस्या का समाधान लैंडफिल के आसपास वर्षों से रह रहे लोगों को हटाना है। आयोग इस मुद्दे पर गहराई से अध्ययन करेगा और रिपोर्ट सरकार को सौंपेगा।

# तेज आंधी के बाद हल्की बारिश, मौसम खुशगवार



● कई इलाकों में गिरे पेड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिन भी तापिश के बाद दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में रविवार को दिनभर धूप व तपिश के बाद शाम को मौसम खुशगवार हो गया। यहां शाम को अलग-अलग जगहों पर हल्की बौछारें पड़ी। इसके बाद तेज व आंधी चलने लगी। जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और उमस भी कुछ कम हुई। कई इलाकों में पेड़ गिरने की खबर है। मौसम विभाग के मुताबिक यहां दिनभर का अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक शाम को हल्की बारिश व तेज हवा चलने से मौसम में चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखी गई। बारिश के शाम सात बजे तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को छुट्टी का दिन होने के चलते लोग शाम को घूमने बाहर निकले। वहीं, रविवार को दिनभर में उमस 66 फीसदी रही।

# दोस्त से लूटपाट के बाद हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

● मरने वाला बेटे की शादी का कार्ड रिश्तेदारों को बांटने संभल से दिल्ली आया था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बेटे की शादी कार्ड बांटने उत्तर प्रदेश के संभल से दिल्ली आए राकेश कुमार की हत्या का पर्दाफाश करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया कि वजीराबाद इलाके में बुराड़ी चौक के पास एक शव मिलने की सूचना मिली थी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान संभल के रहने वाले राकेश कुमार के रूप की। शव की पहचान के बाद किसी तरह से परिवार से संपर्क किया तो पचा चला कि राकेश बेटे की शादी का कार्ड बांटने के लिए दिल्ली थे। वह कुछ दिन यहां रुकने वाले थे लेकिन जब पुलिस ने परिजनों को उसकी मौत की खबर सुनाई तो परिजनों ने बताया कि मृतक के पास 50 हजार रुपये थे और वह अपने जानकार निहाल विहार निवासी नवीन के पास रुकना था। दोनों एक दूसरे को अच्छी तरह से जानते थे। छानबीन में पता चला कि पहले नवीन और मृतक राकेश ने द्वारका इलाके में एक साथ शराब पी। उसी दौरान नवीन के मालिक का फोन आया कि वजीराबाद इलाके में संजीव की गाड़ी खराब हो गयी है। राकेश और नवीन दोनों वजीराबाद पहुंचे और नवीन के गाड़ी को भी ठीक किया। संजीव और नवीन मिलकर राकेश के साथ लूट की योजना बनाई। विरोध करने पर चाकू से हमलाकर उसकी हत्या कर दी और शव को फेंकर वहां से भाग गए।

# मध्यस्थ को निष्पक्ष और स्वतंत्र होना चाहिए : कोर्ट

● भुगतान के संबंध में विवाद पैदा होने के बाद मामले को मध्यस्थता के लिए भेजा गया था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने कहा है कि मध्यस्थ को स्वतंत्र होने के साथ-साथ निष्पक्ष होना चाहिए तथा केवल एक पक्षकार द्वारा नियुक्त मध्यस्थ का फैसला अमान्य और निरस्त किए जाने योग्य होता है। जिला न्यायाधीश संजीव जैन ने केंद्रीय विद्यालय, नरेला में एक सड़क निर्माण की निविदा से संबंधित विवाद में भारत सरकार के खिलाफ बंसल ब्रदर्स की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

अदालत ने बंसल ब्रदर्स की ओर से पेश अधिवक्ता नमित सक्सेना की इन दलीलों को स्वीकार कर लिया कि मध्यस्थ की तटस्थता और उसकी स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता महत्वपूर्ण है। इस महीने की शुरुआत में पारित एक आदेश में कहा कि मध्यस्थता प्रक्रिया सहित कोई भी अर्ध-न्यायिक प्रक्रिया नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार होनी चाहिए। याचिका के अनुसार, भारत सरकार ने वर्ष 2017 में केंद्रीय विद्यालय ए-5, पॉकेट-11, नरेला, दिल्ली में सड़क निर्माण के लिए अच्छी मिट्टी की आपूर्ति और वाटर बाउंड मकैडम (डब्ल्यूबीएम) बिछाने के लिए निविदा आमंत्रित की थी, जो अंतत: बंसल ब्रदर्स को प्रदान की गई। याचिका में कहा गया है कि भुगतान के संबंध में विवाद पैदा होने के बाद मामले को मध्यस्थता के लिए भेजा गया था। इसने कहा कि मध्यस्थ की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा एकतरफा की गई, जिसने बंसल ब्रदर्स के खिलाफ फैसला सुनाया। अदालत ने कंपनी की याचिका यह कहते हुए स्वीकार कर ली कि मध्यस्थ द्वारा जारी निर्णय स्पष्ट रूप से अवैध था।

## संक्षिप्त समाचार



मन की बात सुनते भाजपा नेता।

### सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने के लिएप्रदेश भाजपा ने सभी 13820 बूथों पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली प्रभारी बैजयन्त जय पांडा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता समेत कई नेताओं ने कार्यक्रम को सुना महिपालपुर में मन की बात कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत के आदेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम का प्रयोग कभी भी राजनीतिक फायदें के लिए नहीं किया। मन की बात के 89वां संस्करण होने के बावजूद आज तक इसमें किसी भी तरह की ऐसी बातें नहीं हुई जो सामाजिक द्वेष पैदा करता हो। पीएम मोदी इस मंच का प्रयोग करते हुए देश विदेश के अलग-अलग हिस्सों में घटने वाली समाजिक घटना, विभिन्न परम्परा और प्रेरणा देती लोगों की कहानियों को साक्षा करते है जो इस कार्यक्रम की विशेषता है।

### कोविड-19 के 357 नए मामले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रविवार को कोविड-19 के 357 नए मामले आए और संक्रमण दर 1.83 प्रतिशत रही, जबकि संक्रमण के कारण किसी मरीज की मौत नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, यह लगातार तीसरा दिन है, जब कोरोना वायरस के कारण किसी की मौत नहीं हुई है। संक्रमण के नए मामलों से राजधानी में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 19,06,311 हो गई, जबकि मृतकों की संख्या 26,208 है। ताजा बुलेटिन में कहा कि एक दिन पहले दिल्ली में कोविड-19 के लिए 19,478 नमूनों की जांच की गई। दिल्ली में शनिवार को 2.02 प्रतिशत संक्रमण दर के साथ कोविड-19 के 445 मामले आए थे। दिल्ली में इस साल 13 जनवरी को महामारी की तीसरी लहर के दौरान एक दिन में संक्रमण के सबसे अधिक 28,867 मामले आए थे।

# मनोज तिवारी ने खुद के कार्यों का दिया ब्योरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र में केंद्र सरकार और स्वयं के द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर लाइव प्रसारण के माध्यम से बिंदुवार सभी कार्यों को विस्तार से बताया और उसकी अहमियत के बारे में जानकारी दी।

मनोज तिवारी ने बताया कि 2014 में उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद बनने के बाद राष्ट्रपति शासन के दौरान सिग्नेचर ब्रिज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कराया। बिजली कटौती का सामना कर रहे लोगों की समस्याओं को देखते 205 करोड़ की लागत से हर्ष विहार पावर ट्रांसमिशन केंद्र की क्षमता बढ़ाई। जाम से निपटने के लिए आमरण अनशन कर 303 करोड रुपए की लागत से सीलमपुर शास्त्री पार्क फ्लाईओवर बनवाया। इसके अलावा 14 00 करोड़ रुपए की लागत से छह लेन का एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, मेट्रो फेज 4 बड़ी तेजी से संसदीय क्षेत्र के एक छोर से सीलमपुर, घोंडा ,करावल नगर, बुराड़ी, तिमारपुर क्षेत्र को जोड़ा जिसका कार्य बड़ी तेजी से चल रहा है। 142 करोड़ की लागत से वजीराबाद से भोपुरा तक सिग्नल फ्री कॉरिडोर बनाने का काम शुरू करवाया। 25,000 लोगों को 180 करोड़ मुद्रा लोन दिलवाया।

संसदीय क्षेत्र में यात्रियों की सुविधा के लिए मीत नगर सबोली में रेलवे हाल्ट बनाया। शहादरा में केंद्रीय विद्यालय बनवाया और खजूरी खास में केंद्रीय विद्यालय की मंजूरी दिलवाई। बुराड़ी में केंद्रीय विद्यालय बनाने का काम तेजी से प्रक्रिया के दौर में है एक जवाहर नवोदय विद्यालय मंजूर कराया जमीन की तलाश है।

# लैंगिक उत्पीड़न के दोषियों को मिले सख्त सजा: एबीवीपी

● कैंपस के चंद्रभागा हॉस्टल छत पर आईसा कार्यकर्ता पर छात्रा के साथ दुर्व्यवहार का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में पिछले दिनों लैंगिक उत्पीड़न की दो घटनाओं ने शिक्षा के मंदिर को झकझोर कर रख दिया था । एबीवीपी जेएनयू के इकाई अध्यक्ष रोहित कुमार ने कहा पुलिस प्रशासन को इस घटना पर तुरंत संज्ञान लेकर दोषी को कड़ी से कड़ी सजा देना चाहिए।

रोहित कुमार ने कहा कि कुछ दिनों पहले कैंपस के चंद्रभागा हॉस्टल छत पर आईसा कार्यकर्ता ने जेएनयू की ही छात्रा के साथ शारीरिक रूप से दुर्व्यवहार का प्रयास किया था। एक अन्य घटना में एनएसयूआई से संबद्ध और भाषा स्कूल के चीनी भाषा के छात्र पर पूर्वोत्तर भारत की एक छात्रा के साथ यौन उत्पीडन का आरोप लगा था। इकाई मंत्री उमेश उमेश चंद्र अजमीरा ने बताया कि इस मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज होना चाहिए।

### छेड़छाड़ में जेएनयू छात्र के खिलाफ एफआईआर

**नई दिल्ली।** जेएनयू के एक छात्र के खिलाफ साथी छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की तृतीय वर्ष की छात्रा की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया।

दिल्ली पुलिस ने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि जेएनयू की तृतीय वर्ष की छात्रा की ओर से छेड़छाड़ की शिकायत मिलने के बाद वसंतकुंज नॉर्थ थाने में भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

आरोपी छात्रा को जानता है और जांच में शामिल हो गया है। आरोपी ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा) का कार्यकर्ता भी है।

# राजधानी में इस साल लगेंगे छह लाख पौधे

## दिल्ली नगर निगम की 20 मिनी फॉरेस्ट और विकसित करने की योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम ने इस वर्ष वृक्षारोपण के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। निगम ने इस वर्ष लगभग 85000 पौधे एवं 5,20,000 झाड़ियां और सजावटी पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

इसके अलावा निगम इस वर्ष 20 स्थानों पर मिनी फॉरेस्ट विकसित किए जाएंगे। दिल्ली नगर निगम ने इस वर्ष पौधरोपण के लिए पार्कों, क्षेत्रीय कार्यालयों, निगम विद्यालयों, डिस्पेंसरियों, सड़क के किनारों,सामुदायिक केंद्रों आदि स्थानों को चिन्हित किया है। इसके अलावा निगम ने पिछले वर्ष 17 स्थानों पर लगभग 8000 अतिरिक्त वृक्ष लगाकर मिनी फॉरेस्ट विकसित किए था। ठीक इसी तरह इस वर्ष भी 20 स्थानों पर मिनी फॉरेस्ट विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। दिल्ली नगर निगम का लक्ष्य केवल वृक्षारोपण करने तक ही सीमित नहीं है बल्कि निगम लगाए गए पेड़-पौधों की उचित देखभाल के लिए भी प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में दिल्ली के तीनों निगमों ने एकीकरण से पहले पिछले पांच वर्षों में किए गए वृक्षारोपण का थर्ड पार्टी ऑडिट कराया है। भूतपूर्व दक्षिणी एवं पूर्वी निगम ने पूसा रोड स्थित आई.ए.आर.आई. को थर्ड पार्टी ऑडिट की जिम्मेदारी दी गई थी। वहीं पहले के उत्तरी निगम ने वृक्षारोपण के थर्ड पार्टी ऑडिट फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट देहरादून से कराया है।

### मूसेवाल हत्याकांड
### भगवंत मान और केजरीवाल पर केस दर्ज हो : सिरसा

**नई दिल्ली।** गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया जाए। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने गत शनिवार को पंजाब में कई लोगों की सुरक्षा वापस लिया था। इन लोगों में सिद्धू की सुरक्षा भी शामिल थी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा वापस लेने की सूची जान बूझ कर सोशल मीडिया पर वायरल की गई। जिसके बाद उनकी जान जोखिम में पड़ गई है।

सिरसा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस मामले की जांच कराने का अनुरोध किया है। साथ ही यह भी पता लगाया जाए कि सुरक्षा वापस लेने वालों की सूची किसने वायरल की। जिस के बाद यह घटना घटी है।

# कैंसर जागरूकता के लिए हाफ मैराथन

● लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



रविवार की सुबह वेगस मॉल में पोटपौरी चैलेंज नाम से एक हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें 1250 से भी ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। इस पहल का उद्देश्य दिल्ली के लोगों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम रिपोर्ट 2020 के अनुसार सन 2020 में भारतीय जनता में कैंसर के 13 लाख से भी अधिक मामले सामने आए हैं,

इस अवसर पर वेगस मॉल के एसिस्टेंट वाइस प्रेसीडेंट रविंदर चौधरी ने कहा कि वेगस की टीम के रूप में हमारा उद्देश्य अपने लक्ष्य की दिशा में पूरी दृढ़ता से प्रयास करते जाना है, जो साल भर आयोजित होने वाले हमारे सभी कार्यक्रमों में स्पष्ट परिलक्षित होता है। प्रसिद्ध खेल आयोजक, कोच रविंदर ने आयोजन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता कभी निराश नहीं करती। कैंसर योद्धाओं के बीच उम्मीद जगाने और उन्हें यह बताने के लिए कि इस लड़ाई में वह अकेले नहीं हैं, हर आयु-वर्ग से इतने सारे लोगों को एक साथ प्रतिभाग करते देखना सचमुच एक भाव-विभोर कर देने वाला अनुभव है।

# मन की बात: मोदीजी ने शुरू किया सामाजिक आंदोलन

## जेपी नड्डा और ओमप्रकाश धनखड़ ने गुरुग्राम में सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात





पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को गुरुग्राम के सरस्वती मंडल के बूथ नंबर 273 पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मन की बात कार्यक्रम को सामाजिक आंदोलन बताते हुए इस आंदोलन से ज्यादा-ज्यादा लोगों को जुड़ने की अपील की।

यहां सेक्टर-27 के कम्युनिटी सेंटर में मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खड़ा किया गया। एक सामाजिक आंदोलन है, इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि हम हर माह इसे सार्वजनिक रुप से एकत्रित होकर सुनें। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 10 लाख 40 हजार बूथों में से साढ़े 5 लाख बूथों पर मन की बात एकत्रित होकर सामूहिक रूप से सुनी जाती है, लेकिन इस कार्यक्रम को देश के सभी बूथों पर सुनने का लक्ष्य प्राप्त करना है। नड्डा ने कहा कि 3 अक्टूबर 2014 से शुरू हुआ मन की बात कार्यक्रम पूरे देश को सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से जोड़ने वाला कार्यक्रम है।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की सबसे रोचक और समझने की बात यह है कि देश के प्रधानमंत्री, जो कि एक राजनीतिक व्यक्ति भी है, लेकिन उन्होंने कभी भी अब तक मन की बात कार्यक्रम में राजनैतिक बात नहीं की है, बल्कि राजनीतिक बातों से परहेज करते हुए प्रासंगिक, समरसता के साथ भारत की संस्कृति, भारत का समाज, समाज में चल रहे कार्यों की चर्चा करते हुए रोचक तरीके से बातों को रखा है।

रविवार को 89वें मन की बात कार्यक्रम का जिक्र करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने आज भी पर्यावरण की बात की, स्वच्छता की बात की, गांवों में मीठा पानी पहुंचने पर बात की। मोदीजी ने कभी भी इस मंच से राजनीतिक चर्चा नहीं की है। बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भारत कहाँ खड़ा है और कैसे आगे बढ़ रहा है, सदा इस बात को सबके सामने रखा।नड्डा ने कहा कि कोरोना महामारी में प्रधानमंत्री ने आम आदमी की जरूरतों का ध्यान रखा। जब पश्चिमी देश कोरोना में घुटनों पर आ गए थे तो विश्व में सबसे ज्यादा वैक्सीनेशन और सबसे तेज वैक्सीनेशन प्रोग्राम प्रधानमंत्री जी के प्रोत्साहन से भारत में हुआ। भारत में लोग बिना मास्क के घूम रहे हैं, ये सुरक्षा कवच मोदी जी के कार्यों और नीतियों के कारण देश के लोगों को मिला। भारत के लोगों को मुफ्त वैक्सीन के साथ दुनिया को वैक्सीन देकर कोरोना में भारत ने एक अभूतपूर्व कार्य किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कोरोना महामारी के दौरान एक सप्ताह के अंदर ही ऑक्सीजन की उपलब्धता 3 हजार मिलियन टन से बढ़ाकर 9 हजार मिलियन टन करने को भी बड़ा कदम बताया और कहा कि ये सब मोदी जी की कुशल नीतियों के कारण संभव हो पाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज को जागरूक करने और समाज को आगे बढ़ाने के काम में लगी है। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश ने भी अपना संबोधन रखा। कहा कि मन की बात कार्यक्रम हर भारतीय को रास्ता दिखाने वाला है। इसमें देश के हर उस व्यक्ति की चर्चा प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है, जो देश और समाज के लिए मेहनत कर रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि हर बार मन की बात कार्यक्रम सामुहिक रूप से सुनें। राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी भाजपा के नगर निकाय प्रकोष्ठ के सह संयोजक अनिल यादव और डिप्टी मेयर सुनिता यादव को दी गई। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुधा यादव, जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़, प्रदेश के मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी, आईटी हैड अरूण यादव, पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत, जिला महामंत्री महेश यादव, रमन मलिक, जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव आदि उपस्थित रहे।

### 48 देशों को तो डेढ़ करोड़ डोज मुफ्त दीं

**नड्डा** ने कहा कि देश ने कोई बाहर से वैक्सीन नहीं मंगवाई, बल्कि 9 महीने में 2 वैक्सीन का निर्माण मोदी जी के प्रयासों से देश में ही किया गया। नड्डा ने बताया कि दुनिया के 100 देशों में भारत ने वैक्सीन की साढ़े 18 करोड़ डोज पहुंचाकर उनकी सहायता की, जिसमें से 48 देशों को तो डेढ़ करोड़ डोज मुफ्त दी गईं।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यार्थियों का जिला उपायुक्त ने किया उत्साह वर्धन



**फरीदाबाद।** जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव ने हरियाणा के राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृति के टॉपर छात्र लोकेश सिंह व जिला फरीदाबाद के 6 सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 55 फरीदाबाद के छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर अभिनंदन एवं उत्साह वर्धन किया। यादव ने सफल छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य व समस्त अध्यापकों के परिश्रम, योग्यता और निष्ठा पूर्वक कार्य करने की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 55 आज हरियाणा के सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों में शीर्ष पर है। प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत ने सभी का परिचय कराया, जिनमें लोकेश सिंह हरियाणा राज्य में प्रथम व जिला में प्रथम, छात्रा लक्ष्मी राज्य में चतुर्थ व जिला में द्वितीय तथा हर्षित, रुद्राक्ष, सौरभ, राशि बघेल ने जिले में क्रमशः तीसरा, चौथा, पांचवां व छटा स्थान प्राप्त किया है। इस विद्यालय के कुल 30 विद्यार्थी राष्ट्रीय साधन व योग्यता (एन एम एम एस) छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफल रहे। जो की संपूर्ण जिले के कुल 53 सफल विद्यार्थियों की आधी से भी अधिक है। सभी सफल छात्र छात्राओं को आगामी 4 वर्षों तक रूपये 12000 प्रति वर्ष छात्रवृत्ति मिलती रहेगी। सौरोत ने बताया कि एनएमएमएस की तैयारी कराने में गणित प्राध्यापक अरविंद अग्रवाल, विज्ञान अध्यापिका व नोडल अधिकारी वंदना, सामाजिक विज्ञान अध्यापक मनोज शर्मा प्रमुख रूप से रहे।

### मुंह-खुर व गलघोटू से बचाव को चलाया टीकाकरण अभियान

**नूंह।** पशु पालन विभाग द्वारा पशुओं को मुंहखुर और गलघोटू बीमारी से बचाने के लिए 25 मई से टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान में पशु चिकित्सक पशुपालकों के घर-घर जाकर पशुओं का टीकाकरण कर रहे हैं। इसके साथ-साथ पशुओं के कान में 12 अंकों का टैग भी लगाया जा रहा है। विभाग के अधिकारी इस अभियान का निरंतर निरीक्षण भी कर रहे हैं। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपनिदेशक डॉ नरेंद्र यादव ने बताया कि आजादी के अमृत का महोत्सव के उपलक्ष में पशुओं को मुंहखुर तथा गलघोटू बीमारी की रोकथाम के लिए घर-घर जाकर टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस टीकाकरण अभियान में चार महीने से छोटे बछड़े-बछड़ी व कटड़े-कटड़ी तथा सात महीने से ज्यादा गर्भवती गायों और भैंसों को छोडक़र सभी गाय एवं भैंसों आदि की प्रजाति के पशुओं को टीकाकरण अभियान में शामिल किया गया है। इस दौरान पशुओं के कान में 12 अंकों का टैग भी लगाया जाएगा, जिसको ऑनलाइन किया जाएगा ताकि पशुपालन विभाग पशु पालकों के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं बनाकर पशु पालकों की आमदनी को बढ़ा सके। उन्होंने बताया कि टीकाकरण के दौरान पशुपालकों को पशु पालन से संबंधित योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पशु पालकों को जागरुक किया जा रहा है कि टीकाकरण से पशुओं को बीमारियों से बचाया जा सकता है। ऐसे में पशुपालक विभाग द्वारा समय-समय पर चलाए जाने वाले अभियान के तहत पशुओं का टीकाकरण अवश्य करवाएं।

# गुरुग्राम की दो बॉक्सर खेलो इंडिया यूथ गेम्स में करेंगी प्रतिभा प्रदर्शन



**गुरुग्राम।** प्रदेश में पंचकूला में 4 जून से शुरू होने वाले खेलों इंडिया गेम्स-2021 में गुरुग्राम की 2 बॉक्सर मेडल लाने के लिए अपने प्रतिद्वंदियों को कड़ी टक्कर देने जा रही हैं। ये खिलाड़ी रोजाना 8 घंटे की कड़ी मेहनत करते हुए दिन-रात खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 की तैयारियों में लगी हुई हैं। गुरूग्राम में इन खिलाड़ियों की खेलो इंडिया में परफोरमेंस का हर किसी को इंतजार है। खिलाड़ियों में भी खेलों में मेडल लाने को लेकर आत्मविश्वास देखा जा सकता है। इन खेलों में गुरुग्राम जिला से 37 खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे। इन में से ही 2 खिलाड़ी नामतः खुशी व मुस्कान खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 में होने जा रही बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगी। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने इन खिलाड़ियों को खेलो इंडिया के लिए अपनी शुभकामनाए दी हैं।

बहुत ही सामान्य से परिवार से संबंध रखने वाली ये खिलाड़ी कई राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भागीदारी करते हुए अपनी किस्मत आजमा चुकी हैं लेकिन खेलों इंडिया को लेकर इन खिलाड़ियों का जज्बा कुछ अलग ही लेवल का देखा जा सकता है। ये खिलाड़ी अलग-2 प्रकार की प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेते हुए अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ियो को कड़ी चुनौती दे चुकी हैं। जिला के गांव रिठौज से संबंध रखने वाली खुशी पहली सब जूनियर वीमेन नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट है। इसके साथ ही वे तीसरी सब

### दिन-रात 8 घंटे की कड़ी मेहनत करते हुए कर रही है अभ्यास

### कई राज्यस्तरीय व राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में ले चुकी हैं भाग

जूनियर वीमेन नेशनल, एएसबीसी जूनियर एशियन प्रतियोगिता, तीसरे खेलो इंडिया यूथ गेम्स, चौथे यूथ नेशनल गोल्ड, यूथ एशियन , ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में कई मेडल प्राप्त कर चुकी हैं। खुशी के पिता पेशे से एक किसान है।

**मुस्कान है बोहड़ाकला की रहने वाली** : मुस्कान राघव जिला के गांव बोहड़ाकलां की रहने वाली है जो अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भागीदार कर कई मेडल जीत चुकी हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वे बॉक्सम इंटरनेशनल टूर्नामेंट, ब्लैक फोरेस्ट कप इंटरनेशनल टूर्नामेंट, गोल्डन गर्ल्स इंटरनेशनल टूर्नामेंट तथा राष्ट्रीय स्तर पर 63वीं नेशनल स्कूल गेम 2017-18, 64वी नेशनल स्कूल गेम 2018-19, दूसरी खेलों इंडिया , 65वे नेशनल स्कूल गेम 2019-20, चौथी यूथ वीमेन नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप-2021 में अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों को धूल चटा चुकी है।

# जागरुकता को हुई बेसिक लाइफ स्पॉट ट्रेनिंग

### डॉ. हितेश ने उपस्थित लोगों को आकस्मिक हार्ट अटैक होने से बचाव के तरीके बताए

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**मारुति** कुंज क्षेत्र में जागरूक भारत चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आम लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिये फोर्टिस एस्कॉर्ट हॉस्पिटल के अनुभवी डॉक्टरों डॉ हितेश व प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर योगेश के सहयोग से दून वैली इंटरनेशनल स्कूल निर्मल एनक्लेव मारुति कुंज में बेसिक लाइफ स्पॉट ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बेसिक लाइफ सपोर्ट ट्रेनिंग कार्यक्रम में डॉक्टर हितेश ने उपस्थित लोगों को आकस्मिक हार्ट अटैक होने पर उससे बचाव के विभिन्न तरीकों की जानकारी प्रोजेक्टर व लाइव डेमो के माध्यम से दी व उपस्थित विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों ने इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में अत्याधिक रुचि व जिज्ञासा लेते हुए इससे संबंधित विभिन्न प्रकार के सवाल जवाब कर अपनी जिज्ञासा को शांत कर इससे संबंधित जानकारी को ग्रहण भी किया। इस ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ मारुति कुंज क्षेत्र के विधायक संजय सिंह के कार्यालय प्रमुख व समाजसेवी देवेंद्र राघव (देवीलाल) भौंडसी के द्वारा रिबन काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम के समापन पर दून वैली इंटरनेशनल स्कूल संस्थापक सुनील मान व जागरुक भारत चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष वेद प्रकाश गौड़ ने संयुक्त रूप से फॉर्टिस एस्कॉर्ट हॉस्पिटल के मेडिकल स्टाफ उपस्थित लोगों व मुख्य अतिथि का धन्यवाद व्यक्त करते हुए आशा की कि ट्रस्ट के द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के आम लोगों के काम आने वाले उपयोगी कार्यक्रमों का आयोजन ट्रस्ट के द्वारा उनके विद्यालय में किया जाएगा व लोगों को जागरूक भी किया जाएगा।

# चुनाव आयोग ने नगर परिषद चुनाव में खर्चा राशि में बढ़ोतरी की

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

### चुनाव निर्वाचन आयोग ने खर्च की सीमा तय करते हुए पाबंदी लगाई

### नगर परिषद में चेयरमैन पद के उम्मीदवार 16 लाख रुपये ही खर्च कर सकेंगे

**निर्वाचन** आयोग नगर परिषद चुनाव में उम्मीदवारों के खर्चे पर पैनी नजर रखेगा। ताकि उम्मीदवार अनाप शनाप खर्च न कर सकें। जिसके लिए चुनाव निर्वाचन आयोग ने खर्च की सीमा तय करते हुए पाबंदी लगा दी है। ऐसा होने से उम्मीदवार धन का अपव्यय नहीं कर सकेंगे और न ही मतदाताओं को लुभा सकेंगे।

चुनाव आयोग ने नगर परिषद चुनाव में उम्मीदवार द्वारा उम्मीदवार द्वारा खर्च की जाने वाली राशि में बढ़ोत्तरी की है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेशों के तहत नगर परिषद में चेयरमैन पद के उम्मीदवार 16 लाख रुपये ही खर्च कर सकेंगे। पहले 15 लाख रुपये ही खर्च किये जा सकते थे। पार्षद पद के उम्मीदवार साढ़े तीन लाख रुपये की राशि खर्च कर सकेंगे। पूर्व चुनाव में खर्च सीमा 3 लाख 30 हजार रुपये तय थी। खर्च राशि का प्रति दिन लेखा जोखा देना होगा।

**ये रहेगी शैक्षणिक योग्यता** : नगर परिषद चुनावों में उम्मीदवारों का शिक्षित होना अनिवार्य है। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता निर्धारित कर दी है। अनपढ़ उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ सकेंगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने सामान्य वर्ग के चेयरमैन पद के लिए मैट्रिक तक की शिक्षा तय की है। जबकि अनुसूचित व महिला अनुसूचित वर्ग के लिए उम्मीदवार की शिक्षा आठवीं पास रहेगी। इसी प्रकार सामान्य वर्ग के पार्षद पद के उम्मीदवार की शिक्षा मैट्रिक तय की है। जबकि अनुसूचित वर्ग के लिए आठवीं तक शिक्षित होना अनिवार्य है।

**तय की गई जमानत राशि** : नगर परिषद चुनावों में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को आवेदन पत्र व दस्तावेजों के साथ प्रतिभूति भी जमा करानी होगी। चेयरमैन पद के लिए सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को 3 हजार रुपये जमानत राशि जमा करानी होगी। जबकि अनुसूचित वर्ग के उम्मीदवारों को 1500 रुपये जमानत राशि का भुगतान करना होगा। इसी प्रकार सामान्य वर्ग के पार्षद पद उम्मीदवार को दो हजार रुपये व अनुसूचित वर्ग उम्मीदवार को 1000 रुपये की राशि जमानत के रूप में जमा करानी होगी।

# कंदिमा मालदीव हर रोज लाइव मनोरंजन लाता है अतिथि अनुभव के दिलों में!

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**क्या** आप पूरे दिन और हफ्ते के हर दिन एक्टिव लाइफस्टाइल और मनोरंजन के खुबसूरत मिश्रण के साथ बढीया ट्रोपीकल मालदीव सैर की तलाश में है? कांदिमा मालदीव में, हम पार्टी के लिए सभी क्रियाओं को एक धमाके और कभी न खत्म होने वाली मस्ती के साथ शुरू करते हैं! कांदिमा मालदीव यात्री की मालदीव के लिए उत्सुकता को फिर से बढा देता है। अपना मनपसंदीदा लाइफस्टाइल का चुनाव करें। कांदिमा मालदीव की खुबसूरती के आनंद में डूब जाने का आनंद ले। आपकी ही पसंद है! # MyKindOfPlace रिसॉर्ट में हर दिन जीवन का उत्सव है! चाहे आप अपने साथी को लुभाना चाहते हैं, या अपने परिवार या दोस्तों को याद रखने के लिए ओह-सो-स्टाइलिश छुट्टी के साथ वाह करना चाहते हैं, कंदिमा मालदीव सभी के लिए अंतिम ट्रॉपिकल द्वीप स्वर्ग है। रिजॉर्ट प्रत्येक दिन सुबह से रात तक मज़ेदार मनोरंजन और चुनने के लिए कूल अनुभवों की एक लम्बी लिस्ट देता है। भारत या दुनिया भर से आने वाले यात्रियों के लिए सबसे ऊपर गो-टू डेस्टिनेशन के रूप में, हम लोगों के लाइफस्टाइल के बारे में सोचते है, इस जैसा कही और नहीं! तो बाहर आइए और हमारे रिसोर्ट के मनोरंजक लाइफस्टाइल में आप जैसे चाहे वैसे आनंद ले। #KandimaNeverSleeps.

यहां थोड़ा सा झुकाव आपके गर्मियों की छुट्टियों के गोल्स को पूरा करने की तरफ है # AnythingButOrdinary! द्वीप पर सबसे अच्छे लाइव मनोरंजन स्थलों के बारे में अधिक जानें और आप इसे केवल कंदिमा मालदीव में हर दिन शैली में कैसे जी सकते हैं- द्वीप पर सबसे अच्छे लाइव मनोरंजन स्थलों के बारे में अधिक जानें और आप इसे केवल कंदिमा मालदीव में हर दिन शैली में कैसे जी सकते हैं। बीच क्लब और ब्रीज पूल बार पर रात में स्प्लैश और मनोरंजन का मज़ा उठायें। ज्यादा बीच, चिंता कम! बीच क्लब में दिनों को रातों में बदल दें, परिवारों, कपल्स या सिंगल्स के लिए एक आदर्श घूमने का स्थान।

# घमाडौज टोल विवाद : प्रशासन ने फिर मांगे चार दिन, सर्विस रोड रहेगा फ्री

### महापंचायत में निर्णय हुआ, समाधान न होने तक टोल संघर्ष समिति का अभियान जारी रहेगा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लिए गया फैसले के बाद सोहना एसडीएम जितेन्द्र गर्ग महापंचायत में आश्वासन देते हुए।

**गुरुग्राम-सोहना** एलीवेटेड मार्ग के घामडौज टोल माफ ी विवाद में प्रशासन ने महापंचायत से मांगों पर आपसी सहमति बनाने के लिए चार दिन का समय मांगा। विवाद का हल न होने तक 20 किलोमीटर दायर में बसे गांवों के ग्रामीणों से टोल की वसूली नहीं होगी। समाधान न होने तक टोल संघर्ष समिति का अभियान जारी रहेगा।

गुरुग्राम-सोहना एलीवेटेड मार्ग पर घामडौज बना टोल से 20 किलोमीटर दायरे में आने वाले ग्रामीणों से टोल वसूली के विरोध में 6 मार्च से शुरु हुए अभियान को करीब तीन माह हो गए। इन तीन माह में टोल संघर्ष समिति क्षेत्र के विधायक से लेकर सांसद, उपमुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री और केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात करके मांगों को रख चुके हैं। इन तीन माह में टोल स्थल पर दो बड़ी पंचायतें भी हुई हैं, लेकिन पहली बार ग्रामीणों की मांग पर प्रशासनिक अधिकारियों के तेवर नरम पड़े हैं। रविवार को हुई टोल संघर्ष समिति की महापंचायत में वक्ताओं ने जैसे ही आरपार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। उसके करीब एक घंटा बाद एसडीएम सोहना जितेन्द्र गर्ग उच्चाधिकारियों के संदेश को लेकर महापंचायत में पहुंच गए। एसडीएम ने जिला उपायुकत निशान्त यादव से फोन पर बात करते हुए महापंचायत द्वारा टोल पर जाम लगाने के ओजस्वी इरादों की जानकारी दी। वैसे ही प्रशासनिक अधिकारियों ने टोल पर किसी भी प्रकार के विवाद होने की संभावना को भांपते हुए चार दिन का समय महापंचायत से मांग लिया। महापंचायत ने अपनी दो मुख्य मांगों को मनवाते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को चार दिन का समय दे दिया।

### ढाई घंटा चली महापंचायत

**महापंचायत** सुबह सवा 11 बजे टोल संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य सेवानिवृत महाराज सिंह की अध्यक्षता में हुई। महापंचायत में फरीदाबाद, पलवल, बादशाहपुर, गुरुग्राम, मानेसर, कोटा बिस्सर समेत आस पास के लगते 20 से 25 गांवों से ग्रामीण पहुंचे। एक मात्र सोहना शहर से भी सैकड़ों की संख्या में दुकानदार, व्यापारी और नागरिक पहुंचे। महापंचायत करीब ढाई घंटा चलते हुए पौने दो बजे समाप्त हुई।

### टोल माफी कराके ही दम लेगी समिति

**महापंचायत** की अध्यक्षता कर रहे महाराज सिंह ने सर्वसम्मति से लिया फैसला सुनाते हुए कहा कि यह संघर्ष क्षेत्रवासियों की मांगों पूर्ण होने तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़-सोहना और गुरुग्राम-फरीदाबाद के बीच लग रहे टोल को तुरन्त समाप्त किए जाने की मांग महापंचायत में उठी।

### गुरुवार तक रहेगा टोल फ्री

**सोहना** एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने उपायुक्त से बात करने के बाद एसडीएम ने महापंचायत में विवाद का समाधान करने के लिए दोनों पक्ष की तरफ से सदभावना बैठक जल्द ही बुलाने का आश्वासन देते हुए गुरुवार तक का समय मांगा। जल्द ही विवाद को हल निकालने का भरोसा भी दिया।

### वक्ताओं ने महापंचायत में भरा जोश

**महापंचायत** में प्रदेश में वर्तमान में बनी जजपा और भाजपा पार्टी की सरकार का एक भी विधायक या सांसद नहीं पहुंचा। वक्ताओं ने महापंचायत में आए सैकड़ों लोगों के मन में अपने आजस्वी भाषणों से जोश भर दिया। जिनमें मुख्य रुप से सतबीर पहलवान, हरीश नन्दा, बेघराज यादव, महेश दायमा, प्रताप खटाना, शमसुद्दीन, डॉक्टर चन्द्र, जोन्द्रि खटाना उर्फ जग्गू खटाना आदि शामिल थे।

### किसान आंदोलन का ही रूप

**महापंचायत** में आए वक्ताओं ने इस टोल विवाद को किसान आंदोलन की भांति मांग पूरी न होने तक चलाने का ऐलान किया। जब तक 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले ग्रामीणों का टोल फ्री नहीं होता है। तब तक आंदोलन को जारी रखने का ऐलान किया।

# शिव नादर यूनिवर्सिटी : दिल्ली एनसीआर में आठवें दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

### दो विशिष्ट लोगों को उल्लेखनीय योगदान के लिए माननीय डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/ग्रेटर नोएडा




**भारत** सरकार द्वारा 'इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस' के रूप में मान्यताप्राप्त, शिव नादर यूनिवर्सिटी ने अपना आठवां दीक्षांत समारोह शनिवार को मनाया। इस दीक्षांत समारोह में यूनिवर्सिटी के 474 अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट और पीएचडी विद्यार्थियों को उनकी डिग्री प्रदान की गईं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शांति के लिए नोबल पुरस्कार विजेता एवं भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश सत्यार्थी अपनी पत्नी, सुमेधा कैलाश के साथ मौजूद थे। विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं कुलाधिपति, शिव नादर ने दो विशिष्ट लोगों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए इस साल माननीय डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की। डॉक्टरेट की उपाधि भारत के सबसे प्रतिष्ठित वास्तुकारों में से एक और रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ ब्रिटिश आर्किटेक्ट्स के विशिष्ट फैलो तथा पद्मभूषण एवं पद्मश्री पुरस्कार विजेता, डॉ. बालकृष्ण दोशी और वन्यजीवन एवं प्राकृतिक संरक्षण के क्षेत्र में मशहूर लेखक व अथॉरिटी, और वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के पूर्व चेयरमैन, डॉ. एमके रंजीत सिंह को प्रदान की गईं। डॉ. अनन्या मुखर्जी, कुलपति, शिव नादर यूनिवर्सिटी, दिल्ली एनसीआर ने कहा, "मैं हमारे नए ग्रेजुएट्स को बधाई देती हूं! हम माननीय डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त करने वालों के आभारी हैं, जिनका हमारे साथ औपचारिक सहयोग एक सम्मान की बात है। हमें शिव नादर यूनिवर्सिटी, दिल्ली एनसीआर के पूरी दुनिया में मौजूद मजबूत एलुमनी समुदाय में इन ग्रेजुएट्स को शामिल करने में गर्व व खुशी महसूस हो रहे हैं।

उन्होंने कहा, "हमें खुशी है कि हमारे ग्रेजुएट्स यूनिवर्सिटी के दायरे से बाहर महान भविष्य के मार्ग पर बढ़ रहे हैं। कुछ अग्रणी संस्थानों के साथ अपना कॅरियर शुरू कर रहे हैं। कुछ भारत एवं विश्व के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए जा रहे हैं।" शिव नादर यूनिवर्सिटी, दिल्ली एनसीआर भारत सरकार द्वारा 'इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस' के रूप में मान्यता पाने वाली सबसे युवा यूनिवर्सिटी है।

# जलभराव से त्रस्त अजरौंदा निवासी करेंगे चुनाव का बहिष्कार

कविता। फरीदाबाद

**गांव** अजरौंदा नगर निगम मुख्यालय से करीब 10 मिनट की दूरी पर है। लेकिन यहां के निवासियों को नर्क से भी बदतर जिंदगी जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। मानसून को अभी एक माह बाकी है, लेकिन नगर निगम की लापरवाही से गांव में जलभराव ऐसे हो रहा है, जैसे लगातार बरसात हो रही हो। गांव के रास्तों पर पानी भरने से ग्रामीण मंदिर और बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच पाते है। गांव की जिस मुख्य सड़क पर पानी भरा है, वह उपायुक्त और जिला न्यायाधीश निवासी की ओर भी जाता है। समस्या का समाधान न होने पर गांव वासियों ने निगम चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला लिया है।

### मंदिर, स्कूल और घर के सामने, हर जगह है सीवर का पानी

अभी हाल में आई बारिश से जहां पूरा शहर जलमग्न हो गया था। अन्य हिस्सों से तो पानी निकल गया। लेकिन गांव अजरौंदा आज भी जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। समाजसेवी और अजरौंदा अधिकार एवं विकास मंच के अध्यक्ष बीरेंद्र गौड ने बताया कि गांव और सेक्टर 15ए को मथुरा रोड से जोड़ने वाली मुख्य सड़क जो राधा स्वामी सत्संग भवन, प्राचीन शिव मंदिर और राजकीय प्राथमिक पाठशाला, के सामने से उपायुक्त और जिला न्यायाधीश निवास की ओर जाती है, पिछले पांच दिनों से सीवर और बरसात के पानी से जलमग्न है। प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे, प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने जाने वाले भक्तजनों, दुकानदारों और राहगीरों को इस गंदे पानी से निकलना पड़ रहा है। जलभराव की यह वर्षों पुरानी समस्या है। जिसके लिए फरीदाबाद के सांसद, विधायक, नगर निगम आयुक्त और निगम अधिकारियों को अनेकों बार अवगत कराया गया है। परंतु आज तक समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। सीवर बंद होने पर यह समस्या और भी विकराल हो गई है। जिससे यहां के निवासियों का जीना और रहना दुर्भर हो रहा है।

हर वर्ष बरसात के दिनों में अजरौंदा गांव चारों ओर से जलमग्न होकर एक टापू का रूप ले लेता है। जिसकी जल निकासी का आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ है। ग्रामवासियों का कहना है कि चुनाव के समय तो सभी को अजरौंदा गांव याद आता है। लेकिन उसके बाद गांव को सब भूल जाते हैं। ग्रामवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इस जल भराव और गांव की अन्य समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वो आने वाले चुनावों का बहिष्कार करेंगे।



अजरौंदा गांव के स्कूल, मंदिर के बाहर और सड़क पर भरा पानी।

# बच्चों को अच्छा इंसान बनाने के लिए करें अच्छे शिक्षकों का चयन : त्रिपाठी

### अध्यापन के साथ बच्चों का बहुमुखी विकास कर्ता अच्छा शिक्षक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सीबीएसई** के सचिव एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अनुराग त्रिपाठी ने कहा है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर अच्छा इंसान बनाने के लिए स्कूल संचालकों अच्छे प्रिंसीपल और शिक्षकों का चयन करना होगा। अच्छे शिक्षकों का मतलब यह नहीं कि वे शत प्रतिशत नंबर हासिल करने वाले हों।

नई शिक्षा नीति के मुताबिक अच्छे शिक्षक वह होते हैं, जो बेहतर तरीके से पढ़ाने के साथ साथ बच्चों हर तरह से विकास कर सके। अनुराग त्रिपाठी रविवार को होटल रेडिसन ब्लू में फरीदाबाद प्रोग्रेसिव स्कूल कॉन्फ्रेंस द्वारा आयोजित सम्मान एवं अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल प्रबंधकों और शिक्षकों को सम्बोधित कर रहे थे।



एफपीएससी द्वारा आयोजित समारोह में सीबीएसई सचिव और उपायुक्त जितेंद्र यादव मॉडर्न बीपी स्कूल के प्रिंसीपल जितेंद्र परमार को सम्मानित करते हुए।

इस मौके पर सीबीएसई के सचिव अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि इस बोर्ड का गठन 1929 में राजस्थान में राजपूताना बोर्ड के नाम से 29 स्कूलों के साथ हुआ था। आज सीबीएसई के साथ लाखों की संख्या में स्कूल जुड़े हुए है। जिनमें काफी संख्या में अन्य देशों के भी कुछ स्कूल शामिल है। करीब पांच साल पहले उन्होंने सीबीएसई की जिम्मेदारी सम्भालने के साथ की कई बदलाव शुरू कर दिये थे। जिसकी बदौलत अब मात्र छह कागजात ऑनलाइन जमा करवाने पर सीबीएसई की मान्यता मिल जाती है। पहले इस काम में दो से आठ साल का समय लग जाता था।

एफपीएससी के अध्यक्ष नरेंद्र परमार ने कहा कि पहले भी कमजोर बच्चों को क्लास देने के लिए अवकाश में एक्स्ट्रा क्लास लगाई जाती थी, लेकिन तब उस समय कोई सवाल नहीं उठाया जाता था, लेकिन अब प्राइवेट स्कूलों को लेकर नए नए फरमान जारी कर दिए जाते है। वहीं प्राइवेट स्कूलों के लिए कई जगह गलत शब्दों का भी प्रयोग किया जाता है। जबकि शहर में 50 प्रतिशत बच्चों को प्राइवेट स्कूल ही शिक्षा दे रहे है। कोरोनाकाल में भी प्राइवेट स्कूलों में बच्चों की शिक्षा से कोई समझौता नहीं किया।

इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि शिक्षकों का समाज में एक अलग दायित्व होता है। शिक्षक के बिना किसी के जीवन की प्रगति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसलिए हमें उनका हमेशा सम्मान करना चाहिए। फरीदाबाद प्रोग्रेसिव स्कूल कांफ्रेस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्राइवेट स्कूल संचालकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कॉन्फ्रेंस के नरेंद्र परमार प्रेजिडेंट, टीएस दलाल वाइस प्रेसिडेंट, राजदीप सिंह जनरल सेक्रेटरी, भारत भूषण ट्रेजरर, सदस्य नारायण डागर व वाई के माहेश्वरी, सलाहकार आनंद मेहता, विनोद जोसेफ, मनीष डंगवाल, मोहित और प्रयास दलाल विशेष रूप से मौजूद थे।

# पार्कों के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का उद्घाटन


एनएच-2 बी ब्लाक में विकास कार्य का शुभारंभ करती विधायक सीमा त्रिखा।

**फरीदाबाद।** बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायिका सीमा त्रिखा ने एनएच-2 स्थित पार्क के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का उद्घाटन लगभग 15 लाख रुपये की अनुमानित लागत से आरंभ किया।


क्षेत्र में स्थित पार्कों के सौंदर्यीकरण एवं सुधारीकरण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को एनएच-2 स्थित पार्क में 15 लाख रुपए की लागत से कार्य किए जाएंगे। सीमा त्रिखा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए कार्य कर रही है। पूरे प्रदेश में एक समान रूप से कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्र में सुधारीकरण के लिए बुनियादी रूप से कार्य किए जा रहे हैं। बड़खल विधानसभा क्षेत्र में बड़खल झील का कार्य तेजी से प्रगति पर है और जल्द ही बडखल झील भरने का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि बड़खल झील को भरने से फरीदाबाद को एक नया स्वरूप मिलेगा। जो ऐतिहासिक बडखल झील कभी पूरे भारतवर्ष के लोगों का आकर्षण का केन्द्र हुआ करती थी, वह अब फिर एक बार पानी से सरोबार होगी। इसके भरने से जहां आसपास के क्षेत्रों में पानी का स्तर सुधरेगा, वहीं लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

# नेशनल जूनियर कप में प्रदेश के 112 खिलाड़ी भाग लेंगे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नेशनल जूनियर एथलेटिक्स फैडरेशन कप का आयोजन दो जून से चार जून तक छोटू भाई पुरानी स्पोर्ट्स काम्प्लैक्स नाडियाद (गुजरात) में किया जा रहा है।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि लड़की वर्ग में 100 मीटर में तमन्ना, 200 में तमन्ना, शिवानी, 400 में सिम्मी, 800 में उर्वशी, अंजू, यशिका,1500 में संजना सिंह, 3000 में अनु देशवाल, ललिता, 5000 मीटर दौड में ज्योति, 3000 मीटर स्टेपल चेज में प्रीति, रितुराज, 400 मीटर हर्डल इवेंट में आशा, 110 मीटर हर्डल इवेंट में पूजा, हैमर थ्रो में अंकिता, ट्रिपल जंप में हेमा, काजल, मानसी चौहान, जेवेलिन थ्रो में हिमांशी, डिस्कस थ्रो में निष्ठा, प्रिया, सान्या यादव, पोलवाल्ट में रजनी, शबनम , वंशिका घनघस,हाई जंप में जोनिका पहल अपने बेहतरीन खेल प्रदर्शन से हरियाणा राज्य का नाम रोशन करेंगी।



सत्यवीर धनखड़ मीडिया प्रभारी एथलेटिक्स हरियाणा।

# केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने किया सड़कों का शुभारंभ

### आने वाले सालों में फरीदाबाद का ओर ज्यादा विकास होगा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने 87 लाख की लागत से बनने वाली नगला रोड, अग्रवाल स्कूल के सामने वाली सड़क व 83 लाख की लागत से बनने वाली 60 फुट रोड, महादेव पॉकेट की सड़क का शिलान्यास किया।

इस मौके पर वहां उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जब से मोदी और मनोहर की सरकार आई है मेरा फरीदाबाद बदल रहा है। फरीदाबाद में विकास के कामों को पंख लग गए हैं। तेजी के साथ सभी विकास कार्य हो रहे हैं। 2014 से पहले का फरीदाबाद को देखिए यहां न सड़के चलने लायक थी, न ही सड़कों पर रोशनी होती थी, न ही फरीदाबाद में अच्छे पार्क थे और न ही बच्चों के लिए स्टेडियम था। उन्होंने कहा कि आज आप देखेंगे इन 7 सालों में सिर्फ सड़क के ही नहीं बल्कि सड़को के साथ-साथ पार्कों का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। रेलवे पर अंडरपास हो या नहर पर ओवरब्रिज, कौशल महाविद्यालय और लड़कियों के लिए कॉलेज, नए-नए स्कूल और नए-नए नेशनल हाईवे जैसे दिल्ली-वडोदरा-मुंबई वाले हाईवे का काम भी तेजी से चल रहा है।


नगला रोड पर सड़क का शुभारंभ करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व अन्य।

# बिछड़ी मां को उसकी बेटी और दामाद से मिलवाया

**फरीदाबाद।** बीते शनिवार को थाना सराय ख्वाजा सेक्टर-37 के हेडकांस्टेबल जिस वृद्ध महिला कुन्ती देवी पत्नी बनवारी उम्र 70 वर्ष को नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक में छोड़ आए थे आज उस वृद्ध महिला की पुत्री गीता और दामाद ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम पहुंचे। वहां कुन्ती देवी को पाकर मानो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

वृद्ध महिला की पुत्री ने आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज को बताया कि उनकी माताजी घर से भटक गई थी। जिन्हें नेक पुलिसवालों अजय कुमार ने आपके आश्रम में छोड़ दिया था। उन्होंने अपनी माताजी को बहुत ढूढ़ा लेकिन वो नहीं मिली। अखिरकार आज जब वे जब पुलिस थाने पहुंचे तो उन्हें पता लगा कि उनकी माता जी आश्रम में सही सलामत है।

# मकानों को टूटने से बचाने के लिए ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

### विधायक ने दिया आश्वासन, मुख्यमंत्री से करेंगे बात, दिलाएंगे ग्रामीणों को राहत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मोहना** फोरलेन रोड में आ रहे हजारों मकानों को टूटने से बचाने के लिए रविवार को गांव दयालपुर, मच्छगर और अटाली के सैकड़ों ग्रामीणों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत को उनके चंदावली स्थित कार्यालय पर जाकर ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने विधायक से गुहार लगाई कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करके उनके मकानों व दुकानों को टूटने से बचाए और ऐसा रास्ता निकाले, जिससे कि उनका नुकसान ना हो। विधायक नयनपाल रावत ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि वह इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे और उन्हें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री कभी भी किसी का बुरा नहीं करते हैं और जल्द ही यहां से जो बाईपास निकलने का प्रोजेक्ट है उसको लेकर चर्चा करेंगे ताकि ग्रामीणों के मकान ना तोड़े जाएं।


पृथला के विधायक नयनपाल रावत को ज्ञापन देते ग्रामीण।

इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल सदैव जनहित का फैसला लेते है, उन्होंने कभी किसी का नुकसान नहीं किया, इस मामले में भी मुख्यमंत्री लोगों के हितों में फैसला लेते हुए कोई रास्ता निकालेंगे। विधायक नयनपाल रावत ने बताया कि यह सभी गांव बहुत पुराने समय के बसे हुए हैं और इनके हजारों मकान इसमें आ रहे हैं लेकिन यहां से केजीपी का भारी ट्रैफिक जाता है तो उसके लिए एक प्रस्ताव 1400 करोड़ की लागत से इन गांवों के बाहर से बाईपास बनाने के लिए पहले भी भेजा हुआ है जो मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पास किया हुआ है। उन्हें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री से बात करके इस मामले को सुलझा दिया जाएगा क्योंकि मुख्यमंत्री कभी भी किसी का बुरा नहीं करेंगे और जल्दी यहां से बाईपास का निर्माण करवाया जाएगा ताकि लोगों को कोई परेशानी ना हो और भारी ट्रैफिक वहां से निकल जाए। गौरतलब है कि पृथला में मोहना रोड को फोरलेन किया जा रहा है। इस पर केजीपी की कनेक्टिविटी के चलते भारी ट्रैफिक रहता है जिसकी वजह से कई बार जाम भी लग जाता है। मोहना फोरलेन सडक़ का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है जिसमें कई गांव के हजारों मकान इस रोड में तोड़े जा सकते हैं।

# कोविड के 18 पॉजिटिव आए, 24 संक्रमित ठीक हुए

**फरीदाबाद।** जिले में रविवार को कोरोना वायरस के 18 मामले पॉजिटिव आए हैं। जबकि अच्छी बात यह है की 24 लोगों को ठीक होने पर घर भेज दिया गया है। वहीं जिला में कोरोना का रिकवरी रेट भी 99.25 प्रतिशत पर पहुंच गया है। कोरोना पॉजिटिव के 7 केस अस्पताल में भर्ती है।

जबकि होम आइसोलेशन पर जिला में 228 लोगों को रखा गया है तथा एक्टिव केसों की संख्या 235 है। जबकि कई लोग कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं। जिला में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए टेस्टिंग और वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिला में आज 1018 लोगों के टेस्ट किए गए। जबकि जिला फरीदाबाद में 1625402 लोगों द्वारा अब तक टेस्ट करवाया गया। इनमें से 129757 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए। जबकि 1494040 लोग नेगेटिव मिले। अब तक जिला में 1358 लोगों के रिजल्ट आने बाकी है। जिला में सैंपल पॉजिटिव रेट 7.98 प्रतिशत है। जबकि रिकवरी रेट 99.25 प्रतिशत है। जिला में एक्टिव केस रेट 0.18 प्रतिशत है।

# विधायक ने किया माप तोल पंजीकरण शिविर का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विधायक** नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि गत 24 मई से आज रविवार 29 मई तक दिव्यांगों एवं वरिष्ठ नागरिकों को उपलब्ध करवाए जाने वाले कृत्रिम उपकरणों के लिए जांच माप पंजीकरण शिविर का आयोजन फरीदाबाद की सभी विधानसभाओं में किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से हमारा यही उद्देश्य है कि फरीदाबाद को दिव्यांग रहित किया जाए और सभी को उनकी जरूरत के हिसाब से छड़ी, वॉकर, कान की मशीन, चश्मा, छोटी सहित उनकी जरूरत के अंतर्गत लोगों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे। विधायक नरेन्द्र गुप्ता रविवार को सैक्टर-10 स्थित राजस्थान भवन में जांच माप पंजीकरण शिविर का उद्घाटन करने के बाद यह बात बोल रहे थे।

उपायुक्त जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में जिला प्रशासन, रेडक्रास एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिमको) द्वारा वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगों के लिए चलाया जा रहा माप तोल पंजीकरण शिविर का कार्यक्रम बेहद कारगर साबित हुआ और भारी संख्या में लोगों ने रूचि दिखाते हुए इन शिविरों में अपना पंजीकरण करवाया। नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि हरियाणा की प्रदेश सरकार 10 हजार से अधिक दिव्यांग एवं बुजुर्ग लोगों को कृत्रिम उपकरण उपलब्ध करवाएगी। इसके लिए व्यापक स्तर पर विधानसभा स्तर पर जांच माप पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जहां, पर लोगों की उपयुक्त जांच के बाद उनका रजिस्ट्रेशन कर जरूरत के उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार दिव्यांग एवं बुजुर्गों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रयासरत्त है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है।


राजस्थान भवन में शिविर के उद्घाटन अवसर पर दिव्यांग से बातचीत करते फरीदाबाद के विधायक नरेन्द्र गुप्ता।

## संक्षिप्त समाचार

### भड़ाना के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता पहुंचे धर्मनगरी कुरुक्षेत्र



**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अब हरियाणा की पावन धरती कुरूक्षेत्र बदलाव का बिगुल फूंक दिया है। फरीदाबाद से आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धरमवीर भड़ाना के नेतृत्व में हजारों आप कार्यकर्ता कुरुक्षेत्र रैली के लिए बसों एवं गाड़ियों से रवाना हुए। रैली में जाते समय कार्यकर्ताओं में गजब का जोश एवं उत्साह देखने को मिल रहा था। भारी संख्या में महिलाएं, युवा एवं पुरुष रैली के लिए रवाना हुए। रैली में रवाना होने से पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि हरियाणा के कुरुक्षेत्र में दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में होने वाली आम आदमी पार्टी की रैली प्रदेश की दशा एवं दिशा बदलने का काम करेगी। कुरुक्षेत्र की अब बदलेगी हरियाणा रैली में प्रदेश के कोने-कोने से लोग भारी संख्या में शिरकत करने पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में होने वाली रैली काफी अहम होगी और यह प्रदेश की राजनीति को एक नई दिशा देगी। रैली को लेकर जहां पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी जोश है, वही आम लोगों में भी इसके लिए भारी उत्साह है। रैली में मुख्य मुद्दा प्रदेश में फैल रहा भ्रष्टाचार, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, टूटी सड़कें, गंदगी, टूटी हुई गलियां, स्ट्रीट लाइट आदि अहम मुद्दे रहे। भड़ाना ने कहा कि अब तक प्रदेश में जिस किसी भी पार्टी की सरकार रही है उसने विकास के नाम पर सिर्फ और सिर्फ अपना और अपने लोगों का ही विकास किया है। अब सत्ता प्राप्ति के लिए विभिन्न दलों में आपस में काफी खींचातानी चल रही है जबकि आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता सिर्फ और सिर्फ आप की सरकार प्रदेश में बनाने के लिए जोर लगा रहा है, ताकि आमजन को दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं दी जा सके, क्योंकि पार्टी का लक्ष्य जन सेवा करना ही है। इस अवसर पर भीम यादव जिला महासचिव मंजू गुप्ता, बृजेश नागर, रघुबर दयाल, ओपी वर्मा, वाई के शर्मा, हरजिन्दर सिह मेहदिरत्ता, चंचल तवर, मेहर चन्द हरशाना, राकेश भड़ाना, सतीस चन्दीला, हंसराज दायमा, रमा तिवारी, दिसेश भारद्वाज, नरेंद्र सरोहा, सत्येन्द्र शर्मा, मुलक राज भड़ाना, ओमपाल टोगर, आजाद भड़ाना, कुलदीप चावला, राकेश प्रसाद, कुलदीप, चपराना, राजकुमार बिक्रान्त भाटी , संजय जुनेजा, सलमान खान व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डालसा ने चलाया कानूनी जागरुकता अभियान



**फरीदाबाद।** जिला सत्र एवं न्यायधीश कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन वाई एस राठौड़ के दिशा निर्देश पर सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुनाल गर्ग के मार्गदर्शन में विभिन्न स्तर पर जिला में कानूनी जागरुकता अभियान चलाया गया। सीजेएम कुनाल गर्ग ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा बाल अनुकूल कानूनी सेवाएं और बच्चे और उनकी सुरक्षा योजना 2015 और बच्चों से संबंधित कानून बाल विवाह, बाल श्रम पर आधारित शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को कानूनी स्तर पर जागरुक किया गया। सीजेएम कुनाल गर्ग ने आगे बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में लोगों को शिक्षित करने के लिए मध्यस्थता के लाभ, पीड़ित मुआवजा योजना, माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का रखरखाव और कल्याण, मौलिक कर्तव्य और कोविड-19 के कारण हुई मौत के मामले में मुआवजा योजना पर आधारित गांव सदपुरा,पल्ला और तिगांव तथा बल्लबगढ़ सहित एसआरएस फरीदाबाद में कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया। इन जागरुकता गतिविधियों के जरिए 240 लोग लाभान्वित हुए। जहां पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता नरबीर सिंह, शिव कुमार, चंचल त्यागी, उषा रानी, ज्योति, दीपक, सक्षम युवा शामिल रहे।

### रक्तदान शिविर में 55 यूनिट रक्त एकत्रित



**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब आफ फरीदाबाद एनआईटी एवं रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद एनआईटी नेक्स्ट एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर सेक्टर 16 फरीदाबाद की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 55 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर में प्रधान विपिन चंदा, सैक्रेटरी वीरेन्द्र मेहता एवं प्रेम पसरिचा ने आए हुए रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे अनमोल दान है। इसकी कभी किसी अन्य दान से तुलना नहीं की जा सकती। आज आपका रक्त की एक बूंद किसी के जीवन बचा सकती है। इसलिए जब भी मौका मिले, हमें रक्तदान अवश्य करना चाहिए। सेवादार कुलदीप साहनी एवं टोनी पहलवान ने स्वयं रक्तदान देकर एक संदेश दिया कि रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती। यहां तक कि रक्तदान करने से आपके शरीर का रक्त प्यूरीफाई हो जाता है, जिससे हार्ट अटैक सहित अन्य बीमारियों से निबटने में मदद मिलती है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रधान विपिन चंदा, सैकेटरी वीरेंद्र मेहता, डीपी जैन, रविंद्र मंगला, प्रेम पसरिचा चेयरमैन, सेवादार कुलदीप सिंह साहनी, नवीन पसरिचा, अनुराधा चंदा, राजन गेरा, टोनी पहलवान, अमित आर्य, सुनील खंडूजा, सुरेंद्र सांगा, सरबजीत सिंह चौहान, उदय मेहता, राघव मेहता, अनिल बहल, प्रतीक चंदा, अकाश त्यागी, हरीश आहूजा, मुकेश सिंह, पुनीत अरोड़ा, उत्कर्ष अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

### विश्व मेंस्ट्रुअल हाइजीन दिवस पर जागरुकता अभियान



**फरीदाबाद।** एनआईटी तीन फरीदाबाद स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में आर्ट ऑफ लिविंग, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस और गाइड्स द्वारा विश्व मेंस्ट्रुअल हाइजीन दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि गांव और शहरों में रहने वाली लाखों महिलाएं आज भी इससे जुड़ी आवश्यक जानकारियों से अनभिज्ञ हैं और उन्हें पता भी नहीं कि उनकी थोड़ी सी अनभिज्ञता उन्हें हेपेटाइटिस बी, सर्वाइकल कैंसर, संक्रमण जैसी गंभीर बीमारियों की ओर ले जा सकती है। इसका प्रभाव महिलाओं पर शारीरिक ही नहीं, मानसिक रूप से भी लंबी आयु तक परेशान कर सकता है। मेंस्ट्रुअल हाइजीन का ध्यान न रखने से अतिरिक्त तनाव और चिंता पैदा होती है। मेंस्ट्रुअल हाइजीन के बारे में बात करने में अभी भी महिलाएं संकोच करती हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 30 मई, 2022



# वेश्यावृत्ति की प्रकृति

## सुप्रीम कोर्ट का निर्णय

**अंततः** सर्वोच्च न्यायालय ने वेश्यावृत्ति को वैध ठहराते हुए इसे केवल 'धंधे' के बजाय सचमुच एक 'पेशा' माना है। महिलाओं को सचमुच सशक्तीकरण तथा मुक्ति के लिए पितृसत्ता नामक आखिरी किला गिराना है। लेकिन इसके पहले उसके दूसरे अंतिम किले वेश्यावृत्ति पर विजय पानी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने इसमें महिलाओं की सहायता करते हुए गुरुवार को घोषणा की कि 'दुनिया का सबसे पुराना पेशा' विधिक रूप से एक पेशा है। अनेक देशों तथा यहां तक कि अमेरिका ने ऐसा नहीं किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि इसका व्यवहार करने वालों को गरिमा तथा कानून के अंतर्गत समान संरक्षण मिलने की जरूरत है। उसने यह कह कर महिलाओं की मुक्ति व पसंद के प्राकृतिक अधिकार को मान्यता दी कि यदि यौनकर्मी वयस्क हों तथा सहमति से सहभागिता कर रही हों तो पुलिस उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई नहीं कर सकती है। इस आदेश से यौन व्यापार संबंधी भारतीय कानूनों के विरोधाभास भी संबोधित किए गए हैं। भारत में वेश्यावृत्ति अवैध नहीं है, पर सार्वजनिक रूप से इसकी पैरवी तथा सार्वजनिक वेश्यावृत्ति अवैध है। वेश्यालय का स्वामित्व भी अवैध है। लेकिन बड़बोले भारत में वेश्यालयों की उपस्थिति गोपनीय नहीं है जहां यौन व्यापार मुक्त रूप से होता है, कानूनों को विरले ही लागू किया जाता है या कानून लागू करने वाले



इसकी अनदेखी करते हैं। अदालत का निर्णय इस महत्वपूर्ण सवाल को संबोधित करता है कि यदि वेश्यावृत्ति वैध है तो इसका व्यवहार करने वाली यौनकर्मियों द्वारा कोई कार्यालय खोलना अवैध कैसे हो सकता है? अदालत के निर्णय ने इस मामले का समाधान कर दिया है। संसद को इस फैसले के अनुसार वर्तमान कानून में परिवर्तन करना चाहिए। वास्तव में इस बारे में सरकार को बहुत कुछ करना है। यौनकर्मियों को श्रम अधिकार देने तथा उनकी असोसियेशनों को स्वीकार करने को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इससे दो प्रकार की सहायता मिलेगी। इससे वेश्यालय स्वामियों व दलालों द्वारा यौनकर्मियों का शोषण धीरे-धीरे समाप्त होगा तथा उनकी असुरक्षित व अस्वास्थ्यकर कार्यस्थितियों में सुधार होगा। दूसरा, इससे यौनकर्मियों के स्वयं को एक पंजीकृत संस्था के रूप में संगठित करने तथा अपने अधिकारों व उचित वेतन के लिए संघर्ष का मौका मिलेगा। चूंकि उनका 'काम' एक पेशा मान लिया गया है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि उनका दमन, उत्पीड़न या उनके खिलाफ पूर्वाग्रह समाप्त हो जाएंगे। इस विधिक पुष्टीकरण प्रक्रिया के रूप में सामाजिक स्वीकार्यता अभियानों को अभिन्न रूप से जोड़ा जाना चाहिए।

यौनकर्मियों को स्वास्थ्य, सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक लाभ देने के लिए व्यापक सुधारों की आवश्यकता है। लेकिन ये परिवर्तन उस समय तक नहीं होंगे जब तक विधि-निर्माता अपना पितृसत्तात्मक लगाव नहीं छोड़ते हैं। समझा जाना चाहिए कि यौनकर्मी एक पीड़िता है जिसे बचा कर उसका पुनर्वास होना चाहिए। उन स्थितियों को छोड़ कर जब किसी व्यक्ति को मानव व्यापार या शोषण के माध्यम से पेशे में धकेला गया हो, यौनकर्मी किसी अन्य सेवा पेशेवर के समकक्ष है। सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय संयुक्त राष्ट्रसंघ के लिए भी आह्वान है कि वह यौनकर्मी संबंधी विमर्श बदले। संरा. के लिए सेक्स के लिए भुगतान एक प्रकार का 'यौन उत्पीड़न' है। इससे यौनकर्म खरीदने पर प्रतिबंध लगता है। उसने वेश्यावृत्ति समाप्त करने का आह्वान किया है। उसका विश्वास है कि यह पेशा मानव गरिमा में एक बाधा है। अब ऐसे संरक्षणवादी दृष्टिकोण को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। जर्मनी में वेश्यावृत्ति नौकरियों का खुलेआम विज्ञापन होता है तथा एचआर कंपनियां इसका प्रसंस्करण करती हैं और इस पर कोई नाक भौं नहीं सिकोड़ता है।

# प्रकृति के बारे में भारतीय विमर्श

**वैदिक संस्कृति के अनुसार पेड़ों में मनुष्यों की तरह चेतना होती है और वे कष्ट व प्रसन्नता का अनुभव करते हैं। दुनिया में पर्यावरण तथा जैव-विविधता बचाने के लिए वैदिक संस्कृति की पुन: स्थापना होनी चाहिए।**



**राघवेंद्र पी. तिवारी**
(पंजाब विश्वविद्यालय, भटिंडा के उप-कुलपति)



संयुक्त राष्ट्रसंघ ने 22 मई को 'अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस'-आईडीबी घोषित किया है। इसका उद्देश्य जैव-विविधता मुद्दों के प्रति जागरूकता तथा समझदारी पैदा करना है। आईडीबी 2022 की प्रमुख थीम 'सभी प्रकार के जीवन हेतु साझा भविष्य का निर्माण' है। संयुक्त राष्ट्रसंघ के इस आदर्श मिशन को आदर्श रूप देने के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि हम अपने अतीत के सभ्यतामूलक विमर्श पर पुन: विचार करें जिसने समग्र रूप से प्रकृति की रक्षा की है। प्राचीन भारत की सभ्यता की विरासत वेदों, उपनिषदों, पुराणों तथा अनेक अन्य प्राचीन ग्रंथों में दर्ज है। इन ग्रंथों में अनेक मानकों का विवरण है जो हमारी संस्कृति व सामाजिक जीवन को नियंत्रित करते हैं। सनातन धर्म की एक महानतम व विशिष्ट शक्ति समग्र रूप से प्रकृति का प्रेम तथा 'धरती माता' पर उपलब्ध सभी संभावित व भावी पर्यावासों का संरक्षण तथा उनको फलने-फूलने का अवसर देना है। शायद ही किसी अन्य सभ्यतामूलक विमर्श में प्रकृति के विभिन्न रूपों के बीच अंतर्संबंधों पर इतना अधिक जोर दिया गया है जितना सनातन धर्म में। यह जीवनशैली, मूल्यों व गुणों का सनातन समुच्चय है। वैदिक संस्कृति में कभी प्राकृतिक संसाधनों को वस्तुओं के रूप में नहीं स्वीकारा गया है जिनका उपभोग मनोरंजन तथा वैश्विक आनन्द के लिए किया जाए, जैसा कि आज हो रहा है।

इसके विपरीत लोगों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन पर रोक लगाई गई थी। उनको उस दैवत्व की पूजा के लिए प्रशिक्षित किया गया था जो दुनिया की सभी सजीव व निर्जीव चीजों में व्याप्त है। इनमें पौधे, जानवर, जल, वायु, मृदा, अग्नि, पत्थर, पहाड़ियां, पहाड़ व ग्रह, आदि हैं। ये सभी जैव-विविधता बनाए रखने के लिए जरूरी हैं। हिंदुओं ने अपने जीवन की सभी गतिविधियों में प्रकृति की शुद्धता के विभिन्न आयामों की सराहना तथा उनका संरक्षण किया। मूलत: उन्होंने प्रकृति-केन्द्रित सभ्यता तथा विकास विमर्श गा व्यवहार किया जो जीवन के सभी रूपों का दीर्घजीवन सुनिश्चित करते हैं। सनातन धर्म में प्रकृति के प्रति सम्मान तथा उसके परस्पर संबंधों को यजुर्वेद के श्लोक में पूर्णत: प्रदर्शित किया गया है जिसे सभी कर्मकांडों में अनिवार्य रूप से पढ़ा जाता है। 'ओम द्यौ: शांति:, अंतरिक्षम शांति:, पृथ्वी शांति:, राप: शांति:, औषधय: शांति:, वनस्पतय: शांति:, विश्वेदेवा: शांति:, ब्रह्म शान्ति:, सर्वम शांति:, शांतिरेव शांति:, समा शांतिरेधि:, ओम शांति: शांति: शांति:' श्लोक का अर्थ है कि पूरे आकाश, अंतरिक्ष, सारी धरती, जल, वनस्पतियों, पेड़ों व लताओं में, संपूर्ण ब्रह्मांड, ब्रह्म तथा सभी जगह शांति और केवल शांति रहे। मानव गतिविधि के सभी आयाम प्रकृति की शुद्धता पर निर्भर हैं जिसका आधार शून्य-उत्सर्जन व शून्य-कचरा है।

वैदिक लोग लिथोस्फयेर, हाइड्रोस्फेयर, बायोस्फेयर व वातावरण के साथ सह-अस्तित्व की सोच से रहते थे। वे जानते थे कि जीवन का जन्म पानी में हुआ है और यह उसकी शुद्धता सुनिश्चित किए बिना नहीं रह सकता है। इसलिए उन्होंने जल के सभी रूपों की पूजा की जिसमें बादल, नदियां, झीलें तथा समुद्र शामिल हैं। वैदिक लोगों ने पहाड़ों, पहाड़ियों घास के मैदानों तथा नदियों के क्षेत्रों का महत्व समझा था जो जैव-विविधता के भंडार तथा जीवन का समर्थन करने वाले परिस्थितिकी तंत्रों को बनाए रखते थे। इस प्रकार उन्होंने धरती के सभी रूपों की पूजा की। हमने पेड़ों, वनस्पतियों और बेलों की पूजा करते थे क्योंकि वे वैदिक युग से यह तथ्य समझते थे कि सभी जीव रूप इन पर भोजन, चारे, ईंधन व दवाओं के लिए इन पर निर्भर हैं। वे कार्बन तटस्थता तथा जैव-विविधता के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस विश्वास ने सुनिश्चित किया कि पौधे और उनके उत्पाद हमारे उत्सवों व महोत्सवों का अभिन्न अंग हैं। पीपल, बरगद, नीम, कदंब, बेल, तुलसी, आंवला, आम, केला, नारियल, कमल, पान, चंदन, रुद्राक्ष, कपूर, पारिजात, अशोक, आदि को विभिन्न अवसरों पर महत्व दिया जाता है।


वैदिक लोग उनके पोषण, पर्यावरणीय, औषधीय व सजावटी मूल्यों के प्रति सचेत थे। अनेक प्रकार के जानवरों और चिड़ियों की पूजा की जाती थी क्योंकि उनका परिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्व समझा जाता था। वेदों ने अग्नि व वायु समेत प्राकृतिक ऊर्जा के सभी रूपों को ईश्वर का दर्जा दिया है। हवा के शुद्धीकरण के लिए यज्ञ किए जाते थे। इन सबसे जीवन के सभी रूपों के प्रति एक उचित परिवेश बनता था जिसमें हमारे चारों ओर जैव-विविधता फलती-फूलती थी। 'कम अधिक है' तथा प्राकृतिक संसाधनों का नैतिक प्रयोग दो सभ्यतामूलक प्रवृत्तियां हैं जो हमारे जीवन को नियंत्रित करती हैं। ईशोपनिषद का पहला श्लोक हमें बताता है-'ईशावास्यम इदम सर्वम यत किंच जगत्याम जगत, तेन त्यक्तेन भुंजीथा मागध कास्य सिविधानम'। इसका अर्थ है कि ब्रह्मांड में प्रत्येक सजीव व निर्जीव चीज ईश्वर द्वारा नियंत्रित व उसके स्वामित्व में है। इसलिए हमें केवल उन चीजों को स्वीकार करना चाहिए जो हमारे लिए बनी हैं, उनमें अपना हिस्सा लेना चाहिए तथा हमें उन चीजों को नहीं स्वीकार करना चाहिए जो हमारी जानकारी के अनुसार दूसरों की हैं। पिछली कुछ शताब्दियों से व खासकर विदेशी शासन में वैदिक संस्कृति, परंपरायें और मूल्य व्यवस्था में विकृति और क्षरण पैदा हुआ।

'कम अधिक है' का हमारा समग्र विश्व दृष्टिकोण 'अधिक कम है' में, 'सर्वे भवंतु सुखिन:' 'मैं भवंतु सुखिन:' में, 'वसुधैव कुटुंबकम' 'लिव इन संबंधों', 'मैं नहीं बल्कि आप' 'आप नहीं बल्कि मैं', 'प्रकृति-केंद्रित' 'आत्मकेन्द्रित' तथा 'पर्यावरण हितैषी' 'पर्यावरण शत्रुता' में बदल गया है। वैदिक दर्शन था कि 'हमारे चारों ओर की वस्तुयें स्व का विस्तार हैं'। लेकिन आज यह हमारे विचार व कार्य प्रक्रिया से बाहर होता जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप हम बाहरी दुनिया से जुड़े नहीं हैं। हमने व्यक्तिवादी व उपभोक्तावादी सोच विकसित कर ली है जिसके चलते जीवनशैली प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन पर निर्भर हो गई है। प्रकृति का हर आयाम आज भंगुर व संकटग्रस्त हो गया है। जल संसाधनों में मिट्टी जमा हो रही है और वे सूख रहे हैं, पहाड़ियां नष्ट हो रही हैं, पेड़ नैपकिन बनाने के लिए काटे जा रहे हैं, मृदा पर अधिक से अधिक उत्पादन का दबाव है तथा पर्यावरण हितैषी व दैनिक जीवन की प्रयोग वाली वस्तुओं का स्थान कंक्रीट के ढांचे व प्लास्टिक के बने सामान लेते जा रहे हैं। प्रदूषण तथा उर्वरकों व कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग के कारण मृदा, जल व वायु का स्वास्थ्य गंभीर संकट में फंस गया है। इसके परिणामस्वरूप 'जम्मूद्वीपे भरतखंडे' को जीवित रखने वाली जैव-विविधता तेजी से नष्ट हो रही है। धरती, जल और मिट्टी में रहने वाले पौधे तथा कशेरुकी व अकशेरुकी प्रजातियां सभी जीवरूपों का साझा भविष्य बनाती हैं। वे लगातार बढ़ते खतरों का सामना कर रही हैं क्योंकि उनका पर्यावास तेजी से उनके जीवन तथा जैव-विविधता फलने-फूलने के अनुपयुक्त होता जा रहा है।

हजारों प्रजातियां पहले ही नष्ट हो चुकी हैं तथा हजारों अन्य विलुप्ति के कगार पर हैं। ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन, तापमान में वृद्धि तथा जलवायु परिवर्तन अपनी सीमायें तोड़ रहे हैं। इन परिस्थितियों में यदि हम अपने धरती ग्रह पर मनुष्यों या होमो सेपियन्स समेत सभी जीवरूपों के लिए साझा भविष्य बनाने के इच्छुक हैं तो हमें अपनी वैदिक संस्कृति, परंपराओं तथा मानव जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रकृति के साथ संवाद विकसित करना होगा। सबकी प्रतिबद्धता अवश्य ही धरती माता व प्रकृति की रक्षा होनी चाहिए। हमें यह तथ्य स्वीकारना चाहिए कि हम धरती माता के प्रति क्रूर हो गए हैं और उसकी जीवन सहायक व्यवस्था को अपूरणीय नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसका कारण हमारा असीम लालच है।

# ताइवान पर चीन को बाइडेन की चेतावनी

**गुईन डायर**
(वरिष्ठ पत्रकार)




जो बाइडेन ने असलियत में चीनी आक्रमण के खिलाफ ताइवान की सुरक्षा के लिए अमरीकी फौजें भेजने का वादा नहीं किया, लेकिन मीडिया के एक हिस्से ने इसे उसी तरह पेश किया। वैसे, मित्र, हम नहीं जानते थे कि कहां देखें। बुजुर्ग राजनेता अपनी रौ में बहे जा रहे थे, और अपनी उम्र के लगभग निर्णायक पड़ाव पर खड़े व्यक्ति की तरह सवाल खड़े रहे थे, और तभी किसी ने उनसे ताइवान के बारे में पूछा। उन्होंने उस प्रश्न का अभ्यास किया होगा, लेकिन फिर भी उन्होंने उड़ा दिया कि बड़ा समय। हम हफ्तों तक इसके टुकड़े एकत्रित करते रहेंगे।

राष्ट्रपति जो बाइडेन टोक्यो प्रेस सम्मेलन में बोल रहे थे, और 79 साल से अधिक उम्र के नहीं लग रहे थे, कि किसी ने उनसे पूछा कि यदि ताइवान को बचाने का मसला सामने आता है तो क्या वह अपनी सेना को इसमें शामिल करना चाहेंगे? चूंकि कई सालों से इस प्रश्न पर औपचारिक अमरीकी स्थिति खुलकर कुछ भी न बोलना रही है, तो वह सीधे हां या ना कहने से बचते नजर आ रहे थे।

अधिकांश लोगों के जीवित रहने की तुलना में, बाइडेन उच्चतम स्तर पर अंतरराष्ट्रीय खेल खेलते आए हैं, और उन्हें इस अभ्यास के बारे में पता होना चाहिए। उन्हें यह कहना चाहिए कि वह ताइवान से कितना प्यार करते हैं और वह लोकतंत्र के प्रति कितना समर्पित हैं। वह यह भी उल्लेख कर सकते हैं कि अगर चीन ने ताइवान पर आक्रमण किया तो वह वास्तव में दुखद और टकराव की ओर ले जाएगा। लेकिन उन्हें यह नहीं कहना चाहिए कि संयुक्त राज्य अमेरिका वास्तव में क्या करेगा।

इसके बजाय, संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति ने ज़ोरदार ढंग से मसले पर हस्तक्षेप किया। 'हां', उन्होंने कहा, 'यह एक प्रतिबद्धता है जो हमने की है। यह विचार कि (ताइवान) बल द्वारा लिया जा सकता है, केवल बल द्वारा लिया जा सकता है, ऐसा नहीं है ... यह पूरे इलाके को तहस नहस कर देगा और यह लगभग वैसी ही कार्रवाई होगा जो यूक्रेन में हुई।'' अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए




बिडेन ने यह आशा व्यक्त की कि चीन इस बात पर गौर कर रहा है कि यूक्रेन पर रूसी आक्रमण का अमेरिका और उसके सहयोगियों ने कैसे जवाब दिया है।

बाइडेन ने कहा कि यह सिर्फ यूक्रेन के बारे में नहीं है। चीन यह देखने के लिए देख रहा है कि क्या आक्रमण के लिए पश्चिमी प्रतिक्रिया मजबूत रहती है, या यदि युद्ध खिंचता है तो वह अपनी एकाग्रता खो देती है। इसे मजबूत रहना चाहिए, क्योंकि जो संकेत मिलता है वो ताइवान को बलपूर्वक लेने के किस खामियाजे के बारे में इशारा करता है?

एक प्रदर्शन की तरह, और सुर्खियों में कहा गया कि 'अगर चीन ने हमला किया तो अमेरिका सैन्य रूप से ताइवान की रक्षा करेगा।' लेकिन एक पुराने राजनेता होने के अपने फायदे हैं, और एक फायदा यह है कि जब आप कोई स्पष्टतया कट्टरपंथी टिप्पणी या प्रतिबद्धता दिखाते हैं तो लोग कम घबराते हैं। उन्हें संदेह होता है कि आपने सिर्फ गलत बोला है, या क्या आप वास्तव में ऐसा इरादा रखते हैं। क्या बाइडेन वास्तव में चीन को गंभीर चेतावनी भेज रहे थे, लेकिन वे इसे इस तरह से कर रहे थे कि चीन को सीधे जवाब देने के लिए मजबूर नहीं किया? मुझे संदेह है कि उत्तर हां है, क्योंकि यदि आप उनकी कही गई बातों को ध्यान से सुनें, तो उन्होंने वास्तव में चीनी आक्रमण के खिलाफ ताइवान की रक्षा के लिए अमेरिकी सेना को प्रतिबद्ध करने का वादा नहीं किया था। उन्होंने ऐसा दर्शाना चाहते थे मानो उन्होंने वो चेतावनी दे दी थी कि चीन को खतरे का सामना करना होगा यदि वह ताइवान पर हमला करता है- लेकिन ऐसा कोई भी स्पष्ट कथन नहीं था।

हो सकता है कि जो बाइडेन ने सिर्फ अपना तेवर खो दिया हो, लेकिन ताइवान पर चीनी हमले की स्थिति में उनकी संभावित प्रतिक्रिया के बारे में चीनी शासन में थोड़ा और संदेह पैदा करना अनिवार्यत: एक बड़ी गलती न हो। 'रचनात्मक अस्पष्टता' 'हां' और 'नहीं' दोनों के लिए प्रशंसनीय होने की मांग करती है, और 'हां' हाल ही में विश्वसनीयता खो चुका है। यूक्रेन पर रूसी आक्रमण पर अमेरिकी प्रतिक्रिया के कहीं अधिक भयावह मामले में, बाइडन अपने कार्यों में विशेष रूप से सतर्क रहे हैं। आक्रमण शुरू होने से पहले, उन्होंने सार्वजनिक रूप से स्पष्ट कर दिया कि अमेरिकी या नाटो सेना यूक्रेन की रक्षा के लिए सीधे हस्तक्षेप नहीं करेगी। जैसे-जैसे यूक्रेनी सेना की ताकत और रूसी सेना की निरंतर अक्षमता स्पष्ट होती गई, यूक्रेन को बड़ी मात्रा में अधिक उन्नत हथियार देने की उनकी इच्छा बढ़ती गई। लेकिन पुतिन कैसे सत्ता में नहीं रह सकते, इस बारे में उनका प्रत्यक्षतया आकस्मिक पक्ष कभी वास्तविक नीति नहीं बनते। हर विकल्प खुला रहता है। यह एक ऐसे व्यक्ति हैं जो कई बार ब्लॉक के आसपास रहे हैं, और वह जानते हैं कि खेल कैसे खेला जाता है। इसलिए, अगर मैं ताइवान के राष्ट्रपति का सलाहकार होता, तो मैं उन्हें चीनी आक्रमण के प्रयास की स्थिति में सबसे महत्वपूर्ण बात बताता कि पहले कुछ हफ्तों में प्रतिरोध का अच्छा प्रदर्शन करना है।

एक विरोधी जलस्थलीय लैंडिंग से अधिक कठिन कोई सैन्य अभियान नहीं होता है, और चीन के पास खुले समुद्र के, 200 किलोमीटर में उस तरह के हमले को अंजाम देने का कोई वास्तविक अनुभव नहीं है। इसलिए, यदि आप एक या दो सप्ताह के लिए समुद्र तटों पर हमलावरों को रोक सकते हैं, तो अमेरिकी हथियार और आपूर्ति बहुतायत में होने लगेगी।

लेकिन यह उम्मीद न करें कि अमेरिकी सैनिक सीधे आपकी मदद करेंगे। बाइडेन चीन के खिलाफ युद्ध लड़ने को भी तैयार नहीं हैं। यूक्रेन पर विचार करें।

## आप की बात

### तानाशाह ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी कैबिनेट में एक प्रस्ताव पास करवाया है जिसके अनुसार अब राज्य विश्वविद्यालयों की चांसलर मुख्यमंत्री होंगी। देश के संविधान के अनुसार सभी राज्यों में राज्यपाल को ही विश्वविद्यालयों का कुलपति माना जाता है। लेकिन लोकतंत्र की दुहाई देने वाली बंगाल की ममता की सरकार हमेशा से ही संवैधानिक संस्था और पदों का अपमान करती आई है। इससे पहले भी उन्होंने कोलकाता के सीबीआई दफ्तर में जाकर हंगामा किया था और सीबीआई को काम करने से रोकने का प्रयास किया था। देश के प्रधानमंत्री को भी प्रधानमंत्री मानने से इंकार किया था तथा पीएम के बंगाल जाने पर भी पीएम का अपमान किया था। केंद्र सरकार द्वारा दूसरे देशों से सटी राज्य की सीमाओं से 50 किलोमीटर के दायरे तक सीआरपीएफ को कार्यवाही करने का अधिकार दिया गया, लेकिन ममता बनर्जी ने उसे भी रोकने के लिए अपने राज्य की पुलिस को आदेश दिया। वास्तव मे ममता बनर्जी तानाशाही मिजाज वाली राजनीतिक महिला हैं।

– **अतिवीर जैन**, मेरठ

### राज्यपाल के अधिकार

**भारतीय** संविधान में राष्ट्रपति को देश और राज्य के राज्यपाल का सर्वोच्च पद होता है। लेकिन दोनों ही पदों को सरकारो की सलाह पर ही कार्य करना पड़ता है। लेकिन बदलती परिस्थितियों में जब केंद्र की योजनाओ को तमाम राज्य सरकारें तानाशाही दिखाते हुये लागू नही करती तो केंद्र कुछ नही कर पाता। आज देश मे तमाम राज्य अपनी अपनी ढपली अपना अपना राग अलाप रहे है। बंगाल में राज्यपाल के बुलाने पर मुख्यसचिव और पुलिस महानिदेशक भी उनसे मिलने नही आये। पंजाब में प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान मुख्यसचिव और पुलिस महानिदेशक नही थे। राज्यपाल जैसे सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति को सर्वोच्च अधिकार देने के लिये संविधान में संशोधन होना चाहिये। राज्यपाल को किसी भी अधिकारी को बुलाकर आदेश देने और सरकार के किसी भी असंवैधानिक कार्यो को रोकने और न मानने पर तुरन्त सरकार को बर्खास्त करने का अधिकार होना चाहिये। ष्ट्रपति और राज्यपाल को सर्वोच्च शक्तियां देकर इसे और गरिमामय बनाने की जरूरत है। आवश्यकता इस बात की है कि राज्यपाल की शक्तियों तथा केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप मे उसके कार्यों की समुचित समीक्षा की जाए।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, उन्नाव


### गीतांजलि श्री को बुकर

**गीतांजलि** श्री के उपन्यास रेत समाधि को अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार दिया जाना हिंदी साहित्य के लिए गौरवान्वित होने का क्षण है। इस रचना से हिंदी भाषा की साख को मजबूती तो मिली ही है भारत की अन्य भाषाओं के लेखकों को भी वैश्विक पटल पर रखने के लिए मजबूती मिली हैं। अनेक ऐसी कृतियां है जिनका अंग्रेजी या अन्य वैश्विक भाषाओं में अनुवाद न होने के कारण उनको प्रसिद्धि नहीं मिल पाती है और न वो अपनी पहचान बना पाती है। गीतांजलि श्री ने यह भी साबित कर दिया है कि लेखन के लिए उसी क्षेत्र में महारथ हासिल करना जरूरी नहीं है वह स्वयं इतिहास की छात्रा थीं लेकिन वे हिंदी समाज के तमाम लेखकों की प्रेरणा बन के उभरी है। रेत समाधि में उन्होंने समाज के सभी संवेदनशील मुद्दों यथा वृद्धावस्था, मातृत्व, अकेलापन, स्त्री-पुरुष संबंध, थर्ड जेंडर, भारत-पाक विभाजन जैसे मुद्दों को उठाया है। बुकर पुरस्कार के बाद उम्मीद करनी चाहिए कि उपन्यास के इन मुद्दों पर समाजशास्त्री व राजनेता भी विचार करेंगे।

– **शिवानी सिंह**, बलिया

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**तमिल** भाषा शाश्वत तथा तमिल संस्कृति वैश्विक है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**एक** राष्ट्र के रूप में हमें पूछना चाहिए कि ईश्वर के लिए हम बंदूक लाबी के खिलाफ कब खड़े होंगे।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**मैंने** राज्यसभा का पर्चा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भरा है। मैं हमेशा अपना स्वतंत्र स्वर चाहता था।

– **कपिल सिब्बल**
पूर्व कांग्रेस नेता




राजधानी में आयोजित भाजपा की एकदिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के दौरान मंच पर मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधामोहन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य



बैठक में मौजूद पार्टी के पदाधिकारी

# हम सेवा के अपने संकल्प को लेकर आगे चलते रहेंगे: राधा मोहन

### ● दुनिया व देश में बज रहा मोदी-योगी का डंका: राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश कार्यसमिति** की बैठक को सम्बोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने कहा कि दुनिया के चप्पे-चप्पे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश के चप्पे-चप्पे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम का डंका बज रहा है। अभी जापान में क्वाड की बैठक में मोदी जी के नेतृत्व को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। यूपी में सुशासन, गरीब कल्याण और बेहतर कानून व्यवस्था से प्रदेश में लोग सुखमय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। जिसके लिए योगी जी की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। जनता ने दोबारा हमें सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के एजेंडे पर काम करने के लिए अपना आशीर्वाद दिया है। इसके पीछे हमारे देवतुल्य कार्यकर्ताओं की टीम को कोटि-कोटि धन्यवाद और आभार करना ही चाहिए। उन्होंने कोरोना की विभीषिका में बेहतर ढंग से काम करने के लिए योगी सरकार की तारीफकरते हुए कहा कि यूपी के कोरोना प्रबंधन की दुनिया भर में तारीफ हुई। सरकार की गरीब कल्याण की नीतियों और सुशासन से दो तिहाई बहुमत मिला है। चुनाव खत्म हो गया है लेकिन हमारे दल का काम जारी रहेगा। हम सेवा के अपने संकल्प को लेकर आगे चलते रहेंगे। विधानसभा चुनाव केवल एक पड़ाव भर है। उन्होंने कहा कि हमें जनता के बीच फिर से जाना है और प्रधानमंत्री के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के आठ वर्षों की उपलब्धि को जनता के बीच पहुंचाना है।

## कांग्रेस चलाने वाले परिवार ने गांधी का नाम तो ले लिया लेकिन उनका आचरण नहीं सीखा: पाठक



**लखनऊ।** प्रदेश कार्यसमिति को संबोधित करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा की यह ऐसा सुअवसर है जब हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन की आठवीं वर्षगांठ मना रहे हैं। 2014 से पहले देश का नाम कैसा था, उसकी साख कैसी थी यह किसी से छिपा नहीं है। मोदी जी ने पिछले आठ वर्षों में देश को बुलंदियों पर पहुंचाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि बताते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव फिर से मोदी सरकार बनवाने में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कांग्रेस को चलाने वाले परिवार ने गांधी का नाम तो ले लिया लेकिन उनका आचरण और कार्यों से सीख नहीं ली। श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं दीन दयाल उपाध्याय जी के संकल्पों को चरितार्थ करते हुए हमारी सरकार ने न केवल कश्मीर से धारा 370 व 35ए को खत्म किया बल्कि गरीब कल्याण की दिशा में अप्रतिम कार्य किए हैं। पाठक ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तो सबसे पहले जो लक्ष्य हमने तय किया वह कानून का राज स्थापित करने का था। यह बहुत बड़ी चुनौती थी, सबको पता है कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में कैसी शासन व्यवस्था थी।

## इस बार 75 प्लस का संकल्प लेकर बीजेपी मैदान में उतरेगी: केशव मौर्य



**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को इस बात का आभास होना चाहिए कि कार्यकर्ता हमारा आधार है और संगठन ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। संगठन सरकार से बड़ा होता है, संगठन होगा तभी सरकार संभव है। हम 2014 में मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार पर काबिज हुए। 2017 में किसी को इस बात का विश्वास नहीं था कि हम प्रदेश में सरकार बनाएंगे लेकिन संगठन और उसके कार्यकर्ताओं के संबल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने प्रचंड बहुमत की सरकार बनाई। यह जीत इतिहास में दर्ज हो गई। 2019 के चुनाव को भी बहुत कठिन बताया गयाए सपा बसपा के गठबंधन के बाद भी कार्यकर्ताओं के परिश्रम की पराकाष्ठा के बल पर फिर से विजयी हुए। 2022 के चुनाव में देश विरोधी ताकतें भी सक्रिय हुई थी, कहा गया कि यूपी में भाजपा को रोक लिया तो दिल्ली में मोदी को रोक लेंगे। नतीजा सबके सामने है, हमने फिर से सरकार बनाई।

उन्होंने कहा कि हम मुद्दों पर चुनाव लड़ते हैं, विपक्षी झूठे वादों और झूठे दिलासों के दम पर चुनाव में उतरे थे। जनता पर हमारे कार्यकर्ताओं के परिश्रम और मोदी जी के मजबूत नेतृत्व का जादू चला। हमें फिर से गरीब कल्याण के काम करने के लिए जनता ने अवसर दिया है। अब 2024 के लोकसभा चुनाव के में फिर से हमें परिश्रम की पराकाष्ठा करनी है। इस बार 75 प्लस का संकल्प हमने लिया है। इसके लिए अभी से जुटने की अपील करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में नगर निकाय के चुनाव भी हैं जिसमें सबको फिर से जुटना है। पार्टी जिसे लड़ाएगी उसे लड़ाना है, मनोयोग से जुटना है और फिर 2024 के लोकसभा चुनाव में यूपी से 75 प्लस सांसद जिताकर भेजने हैं। उन्होंने कहा कि इस बार लड़ाई केवल विपक्षियों से ही नहीं है बल्कि देश विरोधी और समाज विरोधी तत्वों से भी है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि किसने सोचा था कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 व 35ए कभी समाप्त हो सकता था, भव्य राम मंदिर का निर्माण हो सकता था, भव्य और दिव्य काशी विश्वनाथ कॉरीडोर का निर्माण होने की बात की जा सकती है लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में यह सब संभव हुआ है।

## विधानसभा चुनाव में मिली सफलता राष्ट्रवाद व लोकतांत्रिक राजनीति की जीत: स्वतंत्र देव



**लखनऊ।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने यूपी विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिले स्पष्ट बहुमत के लिए कार्यकर्ताओं के परिश्रम की सराहना करते हुए रविवार को कहा कि यह ऐतिहासिक सफलता वंशवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण की शोषणकारी राजनीति पर राष्ट्रवाद और लोकतांत्रिक राजनीति की विजय है। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि इस विजय पताका ने हमें आत्म गौरव दिया है। राष्ट्र गौरव वापसी का अमृत दिया और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की कल्याणकारी नीति को प्रमाणिकता दी है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में मिली जीत का श्रेय मोदी-योगी सरकार के कार्यों को दिया। उन्होंने दावा किया, अब हमारी नवनिर्वाचित सरकार अपने नए बजट के साथ लोक कल्याण संकल्प पत्र (चुनावी घोषणा पत्र) को गीता की तरह पूज्य मानकर गांव-गांव विकास की नई धारा बहाने को तैयार है। कार्यसमिति की बैठक में पूर्व बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। इसके बाद सेवासुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित भाजपा सरकार विषयक प्रस्ताव को प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने प्रस्तुत किया जिसका अनुमोदन प्रदेश मंत्री संजय राय और समर्थन प्रदेश मंत्री शकुंतला चौहान ने किया। प्रस्ताव पर चर्चा के बाद कार्यसमिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से इसे पारित किया। इस प्रस्ताव में प्रधानमंत्री मोदी का आभार प्रकट करते हुए उनके मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में जन आकांक्षाओं को पूरा करने और उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए उनके योगदान को लेकर आभार प्रकट किया गया। प्रस्ताव में पिछले पांच वर्षों में भाजपा सरकार द्वारा किए गए जनहितैषी और जनकल्याणकारी कार्यों की प्रशंसा की गई है।

## आज से 15 जून तक सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के कार्यक्रम आयोजित करेगी बीजेपी

### ● कोरोना में माता-पिता को खो चुके बच्चों को पीएम केयर फंड से सहायता दी जाएगी

### ● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को सुबह साढ़े 10 बजे कार्यक्रम शुरू करेंगे

**लखनऊ।** बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों व अभियानों पर भी चर्चा हुई। पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों व अभियानों के बारे में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में बताते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 8 वर्ष 30 मई को पूरे हो रहे है। पार्टी 30 मई से 15 जून तक पूरे प्रदेश में 8 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होने बताया कि 30 मई को केंद्र सरकार के आठ वर्ष पूरे हो रहे है। सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के विषय पर आगामी कार्यक्रम होने हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अभियान का शुभारंभ करेंगे। 30 मई को कोरोना की विभिषिका में माता-पिता को खो चुके बच्चों की मदद के लिए पीएम केयर फंड से सहायता दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह साढ़े 10 बजे कार्यक्रम शुरू करेंगे। देशभर में जिला स्तर पर यह कार्यक्रम संपन्न होंगे। जिसमें सांसदों, मंत्रियों की सहभागिता रहेगी जबकि 31 मई को प्रधानमंत्री शिमला से किसानों को किसान सम्मान निधि की अगली किश्त जारी करेंगे। सभी जिलों में एलईडी के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण होगा। उत्तर प्रदेश में भी ब्लाक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट टू नेशन अभियान के अन्तर्गत 1 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, डिप्टी सीएम केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मोदी सरकार की आठ वर्ष की उपलब्धियों के बारे बताएंगे जबकि 2 और 3 जून को जिलों में सांसद, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी मंत्री और विधायक आठ वर्ष के शासन की उपलब्धियों की पुस्तिका का विमोचन करेंगे। इसके बाद संगठन द्वारा बूथ स्तर पर संपर्क के कार्यक्रम होंगे। सुनील बंसल ने बताया कि 75 घंटे बूथ पर अभियान 4 से 14 जून तक चलेगा। अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई है। कार्यक्रम में सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों सहित प्रदेश, क्षेत्र व जिला व मंडल स्तर तक के पदाधिकारी इस अभियान में जुड़ेंगे। इसके तहत शक्ति केंद्र के बूथों पर संपर्क, बैठक, पत्रक वितरण करना है। इसके अलावा समाज के अलग अलग वर्गों किसानों, महिलाओं, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, गरीब, कोविड टीकाकरण अभियान के वालंटियर्स व लाभार्थियों के साथ सम्पर्क संवाद करना है। उन्होंने बताया कि 10 जून के बाद केंद्रीय मंत्रियों के जिलों में प्रवास कर आठ वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी देंगे। श्री बंसल ने बताया कि 3 जून से 14 जून के बीच जिला स्तर पर गरीब कल्याण पर केंद्रित जनसभाएं आयोजित की जाएंगी। जिसमें केंद्रीय मंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्री सम्मिलित रहेंगे। 21 जून को विश्व योग दिवस पर 25 हजार स्थानों पर योग के कार्यक्रम किए जायेंगे।

---

# 11 आईपीएस के तबादले

### ● बुलंदशहर, देवरिया, अम्बेडकरनगर, कानपुर आउटर, हमीरपुर, मैनपुरी और रायबरेली में नए पुलिस कप्तान तैनात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** शासन ने रविवार को सात जिलों के पुलिस कप्तान समेत 11 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। बुलंदशहर, देवरिया, अम्बेडकरनगर, कानपुर आउटर, हमीरपुर, मैनपुरी और रायबरेली में नए पुलिस कप्तान की तैनाती की गई है। वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट में तैनात अपर पुलिस आयुक्त अनिल कुमार सिंह को हटा दिया गया है। अनिल अगले महीने रिटायर होने वाले हैं।

बुलंदशहर में एसएसपी से प्रमोशन पाए संतोष कुमार सिंह को पांच महीने बाद तैनाती दे दी गई। उन्हें वाराणसी में अपर पुलिस आयुक्त बनाया गया है। वाराणसी में अपर पुलिस आयुक्त अनिल कुमार सिंह का तबादला डीआईजी पीएसी लखनऊ अनुभाग के लिए कर दिया गया है। रायबरेली में एसपी श्लोक कुमार सिंह को बुलंदशहर का नया एसएसपी बनाया गया है। अम्बेडकरनगर के एसपी आलोक प्रियदर्शी अब रायबरेली के एसपी होंगे। कानपुर आउटर के एसपी अजीत कुमार सिन्हा को अम्बेडकरनगर का एसपी बनाया गया है। पुलिस मुख्यालय पर तैनात एसपी तेज कुमार स्वरूप अब कानपुर आउटर के एसपी होंगे। एसपी से डीआईजी के पद पर प्रमोशन पा चुके श्रीपति मिश्रा का भी तबादला कर दिया गया है। उन्हें पीएसी मुख्यालय पर डीआईजी के पद पर तैनाती दी गई है। श्रीपति मिश्रा भी अगले महीने रिटायर हो रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर में पुलिस उपायुक्त संकल्प शर्मा को देवरिया का नया एसपी बनाया गया है। हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक कमलेश दीक्षित को मैनपुरी का एसपी बनाया गया है। जबकि मैनपुरी के एसपी अशोक कुमार राय को डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। अशोक कुमार राय जुलाई में रिटायर हो रहे हैं। 2016 बैच के आईपीएस शुभम पटेल को हमीरपुर के कप्तान के रूप में पहला चार्ज दिया गया है। वह अभी तक एसपी ग्रामीण के पद पर अलीगढ़ में तैनात थे।

## रामपुर उपचुनाव नहीं लड़ेगी बसपा, आजमगढ़ से गुड्डू जमाली होंगे प्रत्याशी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के रामपुर लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव से पहले बहुजन समाज पार्टी ने बड़ा फैसला लिया है। पार्टी ने इस सीट पर चुनाव नहीं लड़ने का फैसला लिया है। इस बावत पार्टी का मानना है कि इस सीट को अभी ओर मजबूत बनाने की जरूरत है। जिससे 2024 में होने वाले आम लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी उतार सके। बीएसपी ने कहा है कि पार्टी न तो इस सीट पर चुनाव लड़ेगी और न किसी पार्टी को सपोर्ट करेगी। वहीं आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में पार्टी गुड्डु जमाली को मैदान में उतारेगी। पार्टी कार्यालय पर बसपा की प्रदेश इकाई की दो दिवसीय जिला एवं मंडल स्तरीय समीक्षा बैठकों के बाद बसपा सुप्रीमो ने कहा कि बसपा सीमित संसाधनों वाली पार्टी है, जिसका मुकाबला बड़े-बड़े पूंजीपतियों और धन्नासेठों के धनबल पर चलने वाली विरोधी पार्टियों के साम, दाम, दंड, भेद आदि हथकंडों से लगातार होता रहता है। इसलिए पार्टी और इसके जनाधार को नुमाइशी व शाहखर्ची वाली बैठकों से दूर रहकर छोटी छोटी कैडर बैठकों के बलबूते मजबूत बनाना होगा।

# गेहूं की कम खरीद ने बढ़ायी सरकार की चिन्ता

### ● खरीद में तेजी लाने के लिए सरकार ने सचल क्रय केंद्रों के माध्यम से गांवों में जाकर किसानों से सीधे गेहूं खरीदने का फैसला किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**गेहूं की** सरकारी खरीद की बेहद सुस्त रफ्तार ने योगी सरकार की चिन्ता बढ़ा दी है। गेहूं खरीद को शुरू हुये लगभग दो महीना होने को है, लेकिन अभी पिछले साल के मुकाबले महज 12 फीसदी ही गेहूं की खरीद हो सकी है। अधिकारियों का मानना है कि बचे दिनों में अगर गेहूं खरीद की रफ्तार न बढ़ी तो राज्य की जनता का पेट भरने के लिये दूसरे राज्यों का मुंह ताकना पड़ेगा। प्रदेश के 28 जिले ऐसे हैं जहां लक्ष्य के सापेक्ष एक प्रतिशत भी गेहूं खरीद नहीं हो सकी है। गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए सरकार ने सचल क्रय केंद्रों के माध्यम से गांवों में जाकर किसानों से सीधे गेहूं खरीदने का भी फैसला किया है।

विदित हो कि राज्य में राशन में गेहूं का वितरण करने के लिये साल में करीब 70 लाख मीट्रिक टन गेहूं की जरूरत होती है। भारतीय खाद्य निगम राज्य सरकार को गेहूं मुहैया कराता है। केन्द्रीय पूल में राज्य सरकार की जो एजेन्सियां किसानों से गेहूं खरीदती है उसी का राशन में वितरण होता है। कम पड़ने पर दूसरे राज्यों में खरीदा गया गेहूं उपलब्ध कराया जाता है। राज्य मे अभी तक गेहूं खरीदा का आंकडा पांच लाख मीट्रिक टन भी नही पहुंचा है। गेहूं खरीद की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक लगभग साढे चार लाख मीट्रिक टन के आसपास गेहूं की खरीद हो सकी है, जबकि पिछले साल मई माह के अंत मे बीस लाख मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं की सरकारी खरीद हो चुकी थी। इस तरह पिछले साल की तुलना में बीस फीसदी से भी कम गेहूं खरीद हुई है। अगर बीते अप्रैल माह की बात करे तो गेहूं की सरकारी खरीद लगभग 12 प्रतिशत हुई थी। पिछले साल 30 अप्रैल तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जहां 1130771.34 टन गेहूं खरीदा गया था वहीं इस साल अप्रैल माह में तक 137633.46 टन खरीदा जा सका था। हालांकि मई माह में खरीद का प्रतिशत भले ही कुछ बढा है, लेकिन पिछले साल की तुलना में बहुत कम है।

विदित हो कि प्रदेश में पहली अप्रैल से एमएसपी पर गेहूं की सरकारी खरीद जारी है। सरकार ने इस साल गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2015 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। राज्य में इस वर्ष प्रदेश में 60 लाख टन गेहूं खरीदने का कुल लक्ष्य रखा है। कुल खरीद लक्ष्य के हिसाब से जिलों का भी लक्ष्य तय किया गया है। लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं खरीद में आगरा फिसड्डी है। आगरा में इस साल 48000 टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके सापेक्ष 19.3 टन यानी 0.04 प्रतिशत गेहूं खरीद हो सकी थी। औरैया में लक्ष्य के सापेक्ष 0.05 प्रतिशत गेहूं खरीदा जा सका है। बदायूं में 0.07 प्रतिशत ,फिरोजाबाद में 0.08 प्रतिशत तथा मथुरा में तय लक्ष्य के 0.09 प्रतिशत खरीद हो सकी है। प्रदेश के सिर्फ चार जिले ऐसे हैं जिनमें लक्ष्य के सापेक्ष 10 प्रतिशत से ज्यादा खरीद हुई है। जिलावार लक्ष्य के सापेक्ष वाराणसी में 15.05 प्रतिशत, मऊ में 12.82 प्रतिशत, मिर्जापुर में 12.38 प्रतिशत और सोनभद्र में 11.74 प्रतिशत गेहूं खरीदा गया था। जानकारों के मुताबिक इस साल एमएसपी पर गेहूं की खरीद सुस्त रफतार की बड़ी वजह रूस-यूक्रेन युद्ध है। कई देशों में गेहूं की आपूर्ति प्रभावित हुई है। विश्व में गेहूं के कुल आयात में रूस और यूक्रेन की हिस्सेदारी लगभग 25 प्रतिशत है। जिन देशों को रूस और यूक्रेन गेहूं निर्यात करते थे, वहां गेहूं की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इसलिए निर्यातक इन देशों को निर्यात करने के लिए आढ़तियों और बड़े व्यापारियों से गेहूं खरीद रहे हैं। इससे बाजार भाव एमएसपी से ज्यादा है।

# विश्वसनीयता बचाने का संकट

**संवाददाता।** बिसवां सीतापुर

**हिंदी पत्रकारिता** दिवस की पूर्व संध्या पर उ.प्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन इकाई बिसवां द्वारा बड़े चौराहे पर स्थित आरके ग्रांड होटल के सभागार में वर्तमान परिवेश में पत्रकारों के समक्ष चुनौती विषयक संगोष्ठी में वक्ताओं ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारिता सत्य, तथ्य और पूर्वाग्रह रहित होनी चाहिए। इसके सामने विश्वसनीयता और साख को बचाए रखने की चुनौती हर समय रहती है। समाज व देश हित में सकारात्मक रहना इसके लिए बहुत जरूरी है। सत्य, लोकतंत्र,विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए आने वाले दबाव से मुक्ति का रास्ता केवल पत्रकारों की एकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने कहा कि पत्रकारों में एकता के साथ उनके लिए प्रशिक्षण कार्यशालाओं को आयोजित किया जाना चाहिए। मुख्य अतिथि निर्मल वर्मा ने कहा कि पत्रकारों से और उनके समाचारों से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इनकी निष्पक्ष लेखनी से तंत्र भी अंकुश में रहता है। उन्होंने आवाहन किया कि राष्ट्र हित एवं समाज हित के लिए अपनी लेखनी को चलाएं। मंडल अध्यक्ष शिव शरण सिंह ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं को लेकर प्रदेश सरकार के सामने जो मांगे रखी गईं। उन्हें तत्काल पूरा किया जाना चाहिए।विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार पदम कांत शर्मा ने कहा कि बिसवां की पत्रकारिता लंबे समय से काफी सक्रिय रही है। नई पीढ़ी के साथियों ने मानदंड बनाए हैं। इनका सहयोग करने के लिए हर समय तैयार रहूंगा। और कार्यशाला का आयोजन शीघ्र कराया जाएगा। विशिष्ट अतिथि रमेश बाजपेयी, विरल ने पत्रकारिता के इतिहास पर प्रकाश डाला। और बिसवां की आंचलिक पत्रकारिता की सराहना की। विशिष्ट अतिथि रामकृष्ण पाण्डेय ने कहा कि समाज की रुचियों का निर्माता पत्रकार होता है। वह लोकतंत्र का असली रखवाला है। उसकी रक्षा में आगे रहना समाज का कर्तव्य है। कार्यक्रम का सफल संचालन साहित्यकार संदीप मिश्र, सरस् ने किया। इसमें जिलाध्यक्ष हरीराम अरोड़ा, बिसवां अध्यक्ष रामचंद्र वर्मा,आशीष मिश्र, अश्वनी त्रिपाठी, आशुतोष तिवारी, सुनील रस्तोगी,अशोक श्रीवास्तव,सुनीता गौतम,अवधेश शुक्ला,विजय अवस्थी आदि ने भी संबोधित किया। अंत में कार्यक्रम व आयोजक अध्यक्ष रामचंद्र वर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख समाज सेवी मुकुट बिहारी वाजपेई,वीरेश मिश्रा,उबैद,माज शब्बीर,आनंद खत्री, वृन्दारक नाथ मिश्रा,गंगा स्वरूप मिश्र, संदीप वर्मा शमीम कौसर सिद्दीकी,पवन मिश्र,ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार वर्मा,विकास अग्रवाल, बबलू जोशी,संकेत वर्मा,अनूप यादव,अयूब खां,बिलाल,आजाद अंसारी,अतुल त्रिवेदी, संजीव मिश्र, बृजलाल यादव, मदन सिंह, श्याम कृष्ण पाण्डेय, आरिफ खान,कृष्ण बिहारी अवस्थी, आशीष मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, ज्ञानेंद्र मिश्रा,प्रदीप शुक्ला,पंकज भारती,आशीष गुप्ता, आलोक अवस्थी,पंकज गुप्ता,सभासद रामनारायण मिश्र आदि मौजूद रहे।

● हिन्दी पत्रकारिता दिवस की पूर्व संध्या पर हुई संगोठी

# सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**संवाददाता।** सीतापुर

**दीनदयाल उपाध्याय** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीतापुर में परिवहन विभाग सीतापुर के समन्वय से एक दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पुलिस अधीक्षक उत्तरी डॉ राजीव दीक्षित उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने सारगर्भित तरीके से और सरल शब्दों में सड़क सुरक्षा के व्यवहारिक पक्ष को उद्धृत किया, हेलमेट के संदर्भ में उन्होंने विस्तार से चर्चा की तथा उसकी आवश्यकता को विस्तृत रूप से बताया। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में सहायक संभागीय अधिकारी डॉ उदित नारायण पांडे ने अपने व्याख्यान में सड़क दुर्घटना के कारणों, उसके बचाव के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने अपने प्रेजेंटेशन में आंकड़ों के साथ यह बताया कि किन उपायों के द्वारा उत्तर प्रदेश सड़क दुर्घटनाओं में कमी ला सकता है। उदित नारायण पांडे जी ने बताया कि वाहन चलाते समय मदिरापान करना, मोबाइल पर बात करना, हेलमेट ना लगाना ओवरलोडिंग तथा गति सीमा से अधिक में वाहन चलाना सड़क दुर्घटना में मृत्यु का प्रमुख कारण है। इन सभी कारणों को जागरूकता द्वारा ही कम किया जा सकता है। रोड, लोड, मोशन, और कंडीशन इन 4 चीजों पर फोकस करके ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार अब घायलों की मदद करना उनको अस्पताल ले जाने में किसी भी प्रकार की कोई कानूनी अड़चन नहीं आती है महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रविंद्र कुमार ने महाविद्यालय के छात्रों को विशेष रुप से सड़क सुरक्षा के नियमों को जानने और पालन करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय कुचलाई की प्राचार्य प्रोफेसर शहला नुसरत किदवई, आरएमपी पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ रजनी कांत श्रीवास्तव एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर ज्योति शाह, डॉ राजीव द्विवेदी, डॉक्टर अनुपमा मिश्रा, श्री शेखर सिंह, श्री अनूप कुमार, डॉ प्रीति सिंह, डॉ विपिन कुमार, डॉ रविंद्र कुमार शर्मा सहित लगभग 70 शिक्षकों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन श्री शेखर सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ राजीव द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा परिवहन विभाग के सड़क जागरूकता संबंधी प्रचार वाहन को रवाना किया गया।

## क्विक न्यूज

### संदिग्ध बुखार से दर्जनों लोग बीमार, मचा हड़कंप

**अटरिया सीतापुर।** इलाके के शिवसिंहपुर मजरा जयपालपुर में संदिग्ध बुखार से दर्जनों लोग बिमार गांव में मचा हड़कंप सूचना पर पहुंची स्वास्थ्य टीम पीड़ितों का इलाज जारी। क्षेत्र के शिवसिंहपुर मजरा जयपालपुर निवासी रामरानी पत्नी भईया लाल,रेखा पत्नी सुरेश, सरोज पत्नी जयराम, राधा पुत्री राम मिलन, अभय पुत्र विमलेश, झब्बू पुत्र भोंदू, व जगदीशपुर निवासी अर्जुन पुत्र श्याम सुंदर,विट्टी पुत्री सुनील कुमार एक सफ्ताह से संदिग्ध बुखार से पीड़ित है। ग्रामीणों की मानें तो गांव में गंदगी होने से बुखार आ रहा है गांव में कोई साफसफाई की व्यवस्था नहीं है।उधर बुखार से पीड़ित मरीजों ने झोलाछाप डॉक्टर से दवा लेने पर भी कोई लाभ नही मिला। सूचना मिलने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अटरिया की टीम गांव पहुचीं। टीम प्रभारी डाक्टर वेद प्रकाश ने बताया कि खसरा जैसी बीमारी लग रही है। गांव में मरीजो को दवाई वितरित की गयी है। आशा बहू कौशल्या को पूरे ग्राम पंचायत के बुखार पीड़ितो का सर्वे करने का निर्देश दिया गया है जयपालपुर प्रधान नंदराम यादव ने कहा कि ग्राम पंचायत के शिव सिंहपुर व जगदीश पुर गांव में कई लोग खसरा बुखार से पीड़ित हैं स्वास्थ्य कर्मियों को सूचित किया गया है शिवसिंह पुर गांव स्वास्थ्य की जांच पड़ताल कराई गई।

### महिला ने जहरीला पदार्थ पिया

**बरेली।** घरेलू कलह से परेशान एक महिला ने कीटनाशक पी लिया उसे हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।कोतवाली थाना क्षेत्र की जजेज कॉलोनी निवासी 24 वर्ष अंजलि पत्नी अरविंद को आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके परिजनों ने बताया कि अंजलि का कुछ दिन पूर्व अपने पति से झगड़ा हो गया था और वो अपने मायके चली गई थी लेकिन दोनों पक्षों में समझौते के बाद अंजलि दो दिन पहले ही अपनी ससुराल वापस आई थी जहां सास और ननद ने उस पर पर्दा करने का दवाव डाला जिससे विवाद हो गया और सास ननंद ने उसकी पिटाई कर दी जिससे नाराज अंजलि ने कीटनाशक पी लिया हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया

### बारात से पहले ही दहेज लोभियों ने रिश्ता तोड़ा

**बरेली।** 2 वर्ष पूर्व विवाह तय करने के बाद बारात से 1 दिन पहले ही दहेज के लालची वर पक्ष ने बारात लाने से इंकार कर दिया जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी गई। बरेली बारादरी नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला सिक्लापुर में रहने वाली युवती के घरवालों ने बताया कि लगभग 2 वर्ष पूर्व शाहजहांपुर के तिलहर के रहने जोरावर के लड़के गब्बर से उनकी बेटी का विवाह तय हुआ था और विवाह तय करते समय 50000 रुपए और सोने की चेन व अंगूठी उपहार में दी थी और 29 मई को विवाह होना था लेकिन एक दिन पहले ही गब्बर ने बारात लाने से इंकार कर दिया और दहेज में अपाचे मोटरसाइकिल व अन्य सामान की मांग कर दी पता करने पर मालूम हुआ कि गब्बर के घर वालों ने किसी अन्य स्थान पर उसका विवाह तय कर दिया और अपनी इच्छा के मुताबिक उनकी दहेज की मांग पूरी हो गई है इसी के चलते उन्होंने युवती के साथ गब्बर का विवाह करने से इंकार कर दिया घर वालों ने आरोप लगाया कि गब्बर ने 2 साल तक युवती का शारीरिक शोषण भी किया और फिर विवाह से इनकार किया लोगों ने दोनों पक्षों मैं समझौता कराने की कोशिश की लेकिन गब्बर के घर वाले बारात लाने को तैयार नहीं हुए तब उनके विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

### टायर गोदाम में लगी आग से लाखों का नुकसान

**बरेली।** टायरों के एक गोदाम में लगी आग से लगभग 3 लाख रुपए का नुकसान हो गया फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।प्रेम नगर थाना क्षेत्र में थाने से कुछ ही दूरी पर स्थित सी आई पार्क के पास रालको टायर नाम के एक टायर गोदाम आज सुबह अचानक आग लग गई स्थानीय लोगों ने गोदाम से धुआं निकलते देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने गोदाम के मालिक प्रेम नगर थाने से कितनी दूरी पर रहने वाले सय्यद मोबीन अली को घटना की जानकारी दी जो मौके पर कुछ देर बाद ही पहुंच गए और फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया ।

### जहरीला पदार्थ खाकर किशोरी ने की आत्महत्या

**बरेली ।** जहरीला पदार्थ खाकर एक किशोरी ने आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। बहेडी थाना क्षेत्र के गांव शाहगढ़ निवासी नफीस अहमद की 16 वर्षीय बेटी तरन्नुम कि बीती रात घर में ही जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के पिता ने बताया कि तरन्नुम एक मदरसे में पढ़ती थी और कल दिन में तरन्नुम के नाना का निधन हो गया ।

## 20 महिला पुलिस कर्मियों को वितरित की गई हाईजिन किट

# रेडक्रास सोसायटी ने महिलाओं को कोतवाली में किया जागरूक

● रक्त स्त्राव रोकने व गले में चोकिंग, बर्न सांप काटने को लेकर बताए कई उपाय



**संवाददाता।** सीतापुर

**सीतापुर की** शाखा इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा प्राथमिक चिकित्सा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शहर कोतवाली में किया गया। जागरूकत प्रशिक्षण में पुलिसकर्मियों को रेडक्रास के उपसभापति फरहत बेग सनी द्वारा रक्त स्त्राव को रोंकने के उपाय, गले में चोकिंग, बर्न, सॉप काटने पर किया कर चहना चाहिए एवं लू लगने के बचाव, लक्षण एवं उपाय आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। रेडक्रास फर्स्ट एड ट्रेनर रियाज अहमद द्वारा प्राथमिक चिकित्सा की विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी जिसमें पल्स (नब्ज़) देखने का तरीका बताया एवं प्राथमिक उपचार का महत्वपूर्ण अंग डीआरएसएबीसी (डेंजर, रिस्पॉन्स, शाउट, एअर, ब्रीथिंग, सर्कुलेशन) एवं रिकवरी पोजीशन के बारे में बताया कि यह किस तरह प्राथमिक उपचार में लाभदायक साबित होता है एवं इसके पश्चात सी0 पी0 आर0 (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) की महत्ता को बताया। एवं रेडक्रास की ओर से 20 महिला पुलिस कर्मियों को हाइजिन किट का वितरण किया गया। जागरूकता शिविर में सदस्य मुकुल गुप्ता, एडवाकेट आफताब अहमद, हसनैन साजिद, सी0ओ0 सिटी पीयूष प्रताप सिह, कोतवाल तेज प्रताप सिंह, यातायात अधीक्षक फरीद अहमद महिला थाना प्रभारी पूजा यादव आदि मौजूद रहे।

## अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम की टीम पर पथराव, 2 हिरासत में

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र में ईट पजाय चौराहे पर अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम की टीम पर बहा के क्षेत्र वासियों ने पथराव कर दिया जिसमें नगर निगम के कई लोग घायल हो गए पुलिस ने 2 लोगों को हिरासत में ले लिया है । पूरामामला यह है की अतिक्रमण हटाने के नगर निगम टीम पर पथराव दो हिरासत में बरेली थाना बारादरी क्षेत्र में नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने गई थी अतिक्रमण शाहदाना चौराहे से डेलापीर तक हटना था दोपहर में जब नगर निगम ईंट पजाय चौराहे पर पहुंची अतिक्रमण हटाना शुरू किया। चबूतरा तोड़ना शुरू तभी राजू कबाब वाली गली के पास नगर निगम की टीम पर पथराव कर दिया पथराव होते ही भगदड़ मच गई नगर निगम टीम के कई लोग घायल हो गए पुलिस ने 2 लोगों को हिरासत में ले लिया पथराव करने बालो की तलाश जारी है ।

## सेठ ब्रज किशोर टण्डन की स्मृति में लगा स्वास्थ्य शिविर

# सीतापुर पहुंचे अपोलो हॉस्पिटल के डाक्टर, मरीजों की हुई जांच

**संवाददाता।** सीतापुर

**शहर के** चांदी हुनमान मंदिर स्थित मिंटो देवी विद्यालय में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली अपोलो हॉस्पिटल से पहुंचे चिकित्सको ने शिविर में मरीजों की निशुल्क जांच की व दवाई भी वितरित की। यह शिविर सेठ ब्रजकिशोर टण्डन टस्ट की स्मृति में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें 60 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण दिल्ली से आए डाक्टरों ने किया। शिविर में आए लोगो की ब्लड प्रेशर, ईसीजी, शुगर आदि बीमारियों की निशुल्क जांच की। दिल्ली अपोलो हॉस्पिटल से आए सर्जन डा.विजयन्त देवेनराज, डा. आशीष राय, डा. शैलेन्द्र, डा. विनोद, ब्रजेन्द्र सहित अन्य ने मरीजों की जांच कर दवाई वितरित की। स्वास्थ्य शिविर में अध्यक्ष शोभित टण्डन ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिविर से लोगो को लाभ मिलता है व शरीर में होने वाली तकलीफो का पता चलकर अच्छा इलाज हो जाता है जिससे इंसान हमेशा स्वास्थ्य रहता है।

### दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**बरेली ।** तेजी से आ रही कार ने ऑटो को टक्कर मार दी जिससे उसमें बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गए इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।आंवला थाना क्षेत्र के गांव सारी पुर निवासी 30 वर्षीय उल्फत मौर्य कि बीती रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि उल्फत 19 मई को काम करने के लिए बरेली शहर आया था जहां से शाम को घर वापस लौटने के लिए वह एक टेंपो में सवार हुआ थ जब उसका ऑटो सुभाष नगर थाना क्षेत्र में महेश पुरा रेलवे फाटक के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी जिससे किनारे पर बैठा उल्फत मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली कार फरार हो गई ।

# प्रमाणपत्र व ट्राफी की गई वितरित



**लखीमपुर-खीरी।** संभव विकास सेवा संस्थान में आयोजित कौशल विकास मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत ओयल अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, अधिशासी अधिकारी सात्विक शुक्ला से कौशल विकास मिशन के एमआइएस केएल यादव व आशीष त्रिपाठी के द्वारा प्रमाण पत्र व ट्राफी वितरित की गयी। इस अवसर पर सर्वप्रथम संभव विकास सेवा संस्थान के सचिव संदीप जायसवाल ने सभी आये हुए मुख्य अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष महोदय ने सभी छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की व छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। साथ ही एमआइएस सर के द्वारा छात्राओं को कौशल विकास मिशन की जानकारी देते हुए स्वरोजगार करने की ओर प्रेरित किया गया व नुक्कड़ नाटक का आयोजन करके छात्रों व जानता को जागरूक किया गया। मंच संचालक सोमू शर्मा के द्वारा संभव विकास सेवा संस्थान के संस्थापक स्व. राजीव जायसवाल की उपलब्धियों को भी नम आंखों से याद किया गया और बताया गया कि किस प्रकार स्व. राजीव जायसवाल ने धैर्य और कार्यकुशलता से इस संस्था अग्रेषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

## सोमवार को होगी जनसुनवाई

**लखीमपुर-खीरी।** विद्युत वितरण मंडल लखीमपुर व गोला के अधीक्षण अभियन्ता (वितरण) ने बताया कि ऊर्जा मंत्री के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार को अपराह्न तीन बजे से पांच बजे तक संभव पोर्टल के अंतर्गत मंडल कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने समस्याग्रस्त उपभोक्ताओं से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की।

# यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल आफीसर्स एसोसिएशन का चुनाव

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी।




**राज्य कर्मचारी** संयुक्त परिषद की देखरेख में अरुण कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष, महेंद्र कुमार त्रिवेदी जिला मंत्री निर्वाचित यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल आफीसर्स एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हो गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 मई को गुरु नानक इंटर कालेज के सभागार में द्विवार्षिक अधिवेशन जनपदीय नवीन कार्यकारिणी के गठन की कार्रवाई राजेंद्र प्रसाद पुष्कर जिला अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद निर्वाचन अधिकारी एवं इंजीनियर अजय कुमार पाठक जिला मंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद सहायक निर्वाचन अधिकारी, गया प्रसाद कोषाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के सहयोग से प्रारंभ होकर अरुण कुमार श्रीवास्तव को जनपद अध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया के तहत निर्वाचित किया गया। महेंद्र कुमार त्रिवेदी को जिला सचिव निर्वाचन प्रक्रिया के तहत निर्वाचित किया गया। हिमांशु कनौजिया को वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया। प्रवीण कुमार शुक्ला जनपदीय कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया। प्रिंस कुमार जनपद संप्रेक्षक निर्विरोध निर्वाचित किए गए। निर्वाचन प्रक्रिया प्रात: 11:30 से प्रारंभ होकर सायं 5:50 मिनट पर संपन्न हुई। निर्वाचन प्रक्रिया की पूर्वान्ह मीटिंग में मुख्य अतिथि के रुप में ओपी त्रिपाठी जिला विद्यालय निरीक्षक लक्ष्मी कांत पांडे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शशिकांत सिंह वित्त एवं लेखा अधिकारी, ओपी गुप्ता डाइट प्राचार्य एवं ईश्विंदर सिंह प्रधानाचार्य गुरु नानक इंटर कालेज लखीमपुर खीरी की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम का संचालन हुआ इस अधिवेशन का कुशल संचालन प्रभाकर शर्मा अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ विकास खंड बिजुवा के द्वारा किया गया। अधिवेशन में मंडल के जनपदीय पदाधिकारी एवं प्रांतीय पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए।

# पलिया सीएचसी पर हुआ बवासीर का सफल ऑपरेशन

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

● एडी लखनऊ और सीएमओ ने की प्रशंसा

**जिले की** प्रथम संदर्भ इकाई सीएचसी पलिया में बवासीर का पहला सफल आपरेशन सर्जन डा.उत्सव गौड़ द्वारा किया गया। सीएचसी पर हुए इस ऑपरेशन को लेकर एडी लखनऊ मंडल डा.जीएस बाजपेई और सीएमओ डा.शैलेंद्र भटनागर द्वारा पलिया अधीक्षक डा.एएन चौहान और सर्जन डॉ उत्सव गौड़ को इसके लिए बधाई दी।

सीएमओ डा.शैलेंद्र भटनागर ने बताया कि सीएचसी पर शुरू हुई जिले की प्रथम संदर्भ इकाई से पलिया सहित थारू जनजाति व भारत नेपाल सीमा होने के कारण नेपाली नागरिकों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने पलिया अधीक्षक डा.एएन चौहान और सर्जन डॉ उत्सव गौड़ को जनता की सेवा करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आप दोनों के संयुक्त प्रयास से ग्रामीण अंचल तक ऑपरेशन इस सेवा पहुंच पाई है। बवासीर बेहद तकलीफदेह बीमारी है और ऐसे में मेडिकल साइंस में ऑपरेशन उसका एक बेहद अच्छा उपचार है। यह समस्या तेजी से बढ़ रही है अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसके मरीज देखे जा रहे हैं ऐसे में सीएचसी पलिया में प्रथम संदर्भ इकाई के शुरू होने से लोगों को या कहें ग्रामीण जनता को इसका लाभ मिलेगा।

इसे लेकर एडी लखनऊ मंडल डा.जीएस बाजपेई द्वारा भी सीएचसी अधीक्षक और सर्जन डा. उत्सव गौड़ की प्रशंसा की गई है। उन्होंने निर्देशित किया है कि इन सेवाओं को और अधिक आधुनिक करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं जल्दी और अधिक स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं ग्रामीण अंचलों तक पहुंचेगी।

# पेज एक का शेष

## जदयू ने काटा इस्पात...

पटेल के लिए रास्ता तैयार करने के लिए, भाजपा ने एक और मौजूदा सांसद गोपाल नारायण सिंह को टिकट देने से इनकार कर दिया। खीरू महतो के नाम की घोषणा करते हुए जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि वह गरीब और एक सामान्य पार्टी कार्यकर्ता हैं व समता पार्टी के दिनों से हमारे साथ जुड़े रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मान में यह एक और कदम है। जदयू से बिहार से किसी को नहीं चुनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम बिहार से भी आगे विस्तार करना चाहते हैं। भाजपा के 16 उम्मीदवारों में से छह उत्तर प्रदेश से हैं। इनमें राज्य की दो महिलाएं दर्शना सिंह और संगीता यादव शामिल हैं। पार्टी ने कर्नाटक, महाराष्ट्र से दो-दो उम्मीदवारों के नामों की भी घोषणा की। पीयूष गोयल और अनिल सुखदेवराव बोंडे को महाराष्ट्र से उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि निर्मला सीतारमण और अभिनेता से नेता बने जग्गेश को कर्नाटक से उम्मीदवार बनाया गया है। हरियाणा से राज्यसभा सदस्य रहे भाजपा महासचिव दुष्यंत गौतम का नाम उम्मीदवारों की पहली सूची से गायब था। केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी भी सेवानिवृत्त हो रहे हैं और उन्हें राज्यसभा के लिए फिर से नामांकन की आवश्यकता होगी। वह झारखंड से राज्यसभा सदस्य हैं जबकि पार्टी ने वहां से हरियाणा से पूर्व विधायक कृष्ण लाल पंवार को टिकट दिया है। उत्तर प्रदेश से डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी और डॉ. राधा मोहन अग्रवाल को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने यूपी से छह नामांकन की घोषणा की है। कविता पाटीदार मध्य प्रदेश से पार्टी के उम्मीदवार होंगी, जबकि राजस्थान से घनश्याम तिवारी और उत्तराखंड से कल्पना सैनी को उम्मीदवार बनाया गया है। राज्यसभा की 57 सीटों को भरने के लिए 10 जून को मतदान होगा।

## नेपाल के पर्वतीय इलाके...

जिस जगह पर विमान को आखिरी बार देखा गया था, वहां मानवीय बस्तियां नहीं हैं। राणा ने कहा, मौसम में सुधार होते ही हेलीकॉप्टर हवाई अभियान आरंभ करेगाा। लापता विमान की तलाश में पोखरा के लिए उड़ान भरने वाला हेलीकॉप्टर खराब मौसम के कारण कोई सफलता हासिल किए बिना लौट आया। देश के गृह मंत्री बाल कृष्ण खंड ने प्राधिकारियों को लापता विमान का पता लगाने के लिए तलाश अभियान तेज करने का निर्देश दिया है। मुस्तांग प्रमुख जिला अधिकारी नेत्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि गृह मंत्री के निर्देश के बाद धौलागिरि चोटी के निकटवर्ती पांच जिलों में सुरक्षा अधिकारियों से सतर्क रहने को कहा गया है। तलाश अभियान में मदद के लिए काठमांडू से एक एमआई-19 हेलीकॉप्टर भी भेजा गया है। विमानन कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, तारा एयर नेपाली पर्वतीय इलाकों में संचालित होने वाली सबसे नई एवं सबसे बड़ी सेवा प्रदाता कंपनी है। उसने ग्रामीण नेपाल विकसित करने के मिशन के साथ 2009 में कारोबार शुरू किया था।

## मैग्नेटिक बम, ग्रेनेड ले जा...

पुलिस अधिकारी ने कहा कि दरअसल सीमापार से बार-बार ड्रोन की गतिविधियां होने के चलते पुलिस तलाशी दल नियमित रूप से उस क्षेत्र में भेजे जा रहे हैं। कठुआ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रमेश कोटवाल ने घटनास्थल पर पत्रकारों से कहा, पुलिस दल ने एक हेक्साकॉप्टर ड्रोन देखा और उस पर गोली चलाई। ड्रोन की दो बैटरियों पर लिखी भाषा को समझने के लिए जम्मू से विशेषज्ञ आ रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि यह चीनी भाषा है। उन्होंने कहा कि पिछले छह से आठ महीनों में पुलिस दल सुरक्षा के कड़े इंतजाम के लिए खासतौर पर आगामी अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर सुरंग रोधी, ड्रोन रोधी और सीमा पर घुसपैठ की गतिविधियों को रोकने का अभियान चला रहे हैं। एसएसपी ने सीमा पर रह रहे निवासियों से किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि के बारे में पुलिस को तुरंत सूचना देने का अनुरोध किया है ताकि क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 43 दिन चलने वाली तीर्थयात्रा 30 जून से शुरू होनी है। पुलिस ने 3,880 मीटर उंचाई पर स्थित पवित्र गुफा मंदिर की इस साल की वार्षिक यात्रा से पहले मैग्नेटिक बमों की बरामदगी को एक प्रमुख चुनौती बताया है।

## पंजाब में गायक सिद्धू...

वडिंग ने ट्वीट किया, भगवंत मान सरकार द्वारा सुरक्षा वापस लेने के 2 दिन बाद ही उन्हें मानसा में गोलियों से भून दिया गया। पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने नैतिक अधिकार खो दिया है। इसे बर्खास्त किया जाना चाहिए। पंजाब पुलिस ने शुभदीप सिंह सिद्धू उर्फ सिद्धू मूसेवाला समेत 424 लोगों की सुरक्षा शनिवार को वापस ले ली थी। मूसेवाला विधानसभा चुनाव से पहले पिछले साल कांग्रेस में शामिल हुए थे।

## विविधता हमें अधिक...

प्रधानमंत्री ने कहा कि कल्पना बाद में मैसूरू की रहने वाली प्रोफेसर तारामूर्ति के संपर्क में आई, जिन्होंने न सिर्फ उन्हें प्रोत्साहित किया, बल्कि हर तरह से उनकी मदद भी की। आज, वह अपनी मेहनत से सबके लिए एक उदाहरण बन गई हैं। मोदी ने पश्चिम बंगाल में पुरुलिया के श्रीपति टूडू का भी जिक्र किया जो पुरुलिया के सिद्धो-कानो-बिरसा विश्वविद्यालय में संथाली भाषा के प्रोफेसर हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि टूडू ने संथाली समाज के लिए उनकी अपनी ओल चिकी लिपि में देश के संविधान की प्रति तैयार की है। प्रधानमंत्री ने कहा, श्रीपति टूडू जी कहते हैं कि हमारा संविधान हमारे देश के हर एक नागरिक को उनके अधिकार और कर्तव्य का बोध कराता है। इसलिए, प्रत्एक नागरिक का इससे परिचित होना जरूरी है। मोदी ने कहा, उन्होंने संथाली समाज के लिए उनकी अपनी लिपि में संविधान की प्रति तैयार करके भेंट के रूप में दी है। मैं, श्रीपति जी की इस सोच और उनके प्रयासों की सराहना करता हूं। यह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना का जीवंत उदाहरण है। मोदी ने उत्तराखंड की मौजूदा चार-धाम यात्रा का भी उल्लेख किया, जहां चार-धाम और खासकर केदारनाथ में हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, लोग चार-धाम यात्रा के सुखद अनुभव साझा कर रहे हैं, लेकिन, मैंने ए भी देखा कि श्रद्धालु केदारनाथ में कुछ यात्रियों द्वारा फैलाई जा रही गन्दगी की वजह से बहुत दुखी भी हैं। सोशल मीडिया पर भी कई लोगों ने अपनी बात रखी है। हम, पवित्र यात्रा में जाएं और वहां गन्दगी का ढ़ेर हो, ए ठीक नहीं। उन्होंने कहा, कई श्रद्धालु ऐसे भी हैं जो बाबा केदार के धाम में दर्शन-पूजन के साथ-साथ स्वच्छता की साधना भी कर रहे हैं। कोई अपने ठहरने के स्थान के पास सफाई कर रहा है, तो कोई यात्रा मार्ग से कूड़ा-कचरा साफ कर रहा है।

## सरकार ने आधार कार्ड की...

अंतिम चार अंकों को प्रदर्शित करने वाले आधार का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई थी। मंत्रालय ने बयान में कहा कि यूआईडीएआई की तरफ से जारी आधार कार्डधारकों को केवल अपने आधार नंबर के इस्तेमाल एवं उसे दूसरे के साथ साझा करने में सहज विवेक का प्रयोग करने की सलाह दी जाती है। बयान में कहा गया कि आधार पहचान के सत्यापन की व्यवस्था ने आधार धारक की पहचान और गोपनीयता की रक्षा और सुरक्षा के लिए पर्याप्त बंदोबस्त किए हैं।

# पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 35 वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित

**बरेली।** राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ताओं में अपने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री किसानों के मसीहा श्रधेय चौधरी चरण सिंह जी की 35 वीं पुण्यतिथि पर चौधरी चरण सिंह पार्क कचहरी बरेली पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करी। इस अवसर पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष बाकर अली खान, निवर्तमान क्षेत्रीय महासचिव रोहिलखंड मंडल सर्वेश पाठक, निवर्तमान महानगर अध्यक्ष विजय बहादुर सक्सेना सहित अनेक पदाधिकारियों ने अपने प्रिय नेता को माला अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद चौधरी चरण सिंह पार्क में ही एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय महासचिव सर्वेश पाठक ने किसान मसीहा के द्वारा किसानों के हित में एवं जनता के हित में जो कार्य किए उन पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय महासचिव सर्वेश पाठक ने कहा किपूर्व प्रधानमंत्री किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह कहते थे कि देश का अन्नदाता किसान इस देश की तरक्की और उन्नति में महत्वपूर्ण रोल अदा करता है। ऐसे प्रधानमंत्री को शत शत नमन। उन्होंने कहा कि किसानों व गरीबों मजदूरों के सच्चे हितैषी केवल चौधरी चरण सिंह जी ही थे। अब उनके पद चिन्हों पर उनके पोते राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जयंत चौधरी जी आगे बढ़ रहे हैं। जिला अध्यक्ष बाकर अली ने कहा चौधरी साहब ने हमेशा गरीबों मजदूरों किसानों की लड़ाई लड़ी और उनको न्याय दिलाया। उनके हक में मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री रहते हुए अनेक नियम कानून बनाकर उनके अधिकारों को सुरक्षित रखा। लेकिन वर्तमान सरकार गरीब मजदूरों किसानों का शोषण कर रही है।

# योग दिवस मनाने के लिए अपने शहर, कस्बे या गांवों में खास जगह को चुनें : मोदी



एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने रविवार को कहा कि आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव को ध्यान में रखते हुए इस बार देश के 75 प्रमुख स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन होगा। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से अपने शहरों, कस्बों और गांवों में खास जगह पर इसे मनाने का आग्रह किया। रेडियो पर मासिक कार्यक्रम मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार 21 जून को आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय मानवता के लिए योग है। उन्होंने कोरोना वायरस से संबंधित सभी सावधानियों का ध्यान रखते हुए उत्साह के साथ लोगों से योग दिवस मनाने का अनुरोध किया। मोदी ने कहा, अब तो पूरी दुनिया में कोरोना वायरस महामारी को लेकर हालात पहले से कुछ बेहतर लग रहे हैं, अधिक-से-अधिक टीकाकरण कवरेज की वजह से अब लोग पहले से कहीं ज्यादा बाहर भी निकल रहे हैं, इसलिए, पूरी दुनिया में योग दिवस को लेकर काफी तैयारियां भी देखने को मिल रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी ने सभी को यह एहसास भी कराया है कि जीवन में स्वास्थ्य का कितना अधिक महत्व है और योग, इसमें कितना बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा, लोग यह महसूस कर रहे हैं कि योग से शारीरिक, आध्यात्मिक और बौद्धिक कल्याण को कितना बढ़ावा मिलता है। विश्व के कारोबारी जगत के शीर्ष लोगों से लेकर फिल्म और खेल जगत की शख्सियत तक, छात्र से लेकर आम लोग तक, सभी, योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि दुनिया भर में योग की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर आप सभी को बहुत अच्छा लगता होगा। इस बार देश-विदेश में योग दिवस पर होने वाले कुछ बेहद अनूठे उदाहरणों के बारे में जानकारी मिलने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इन्हीं में से एक है, गार्जियन रिंग जो अनूठा कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा, यह सूर्य की गतिविधि को ध्यान में रखकर मनाया जाएगा, यानी सूरज जैसे-जैसे यात्रा करेगा, धरती के अलग-अलग हिस्सों से, हम, योग के जरिए उसका स्वागत करेंगे। अलग-अलग देशों में भारतीय मिशन वहां के स्थानीय समय के मुताबिक सूर्योदय के समय योग कार्यक्रम आयोजित करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, एक देश के बाद दूसरे देश से कार्यक्रम शुरू होगा। पूरब से पश्चिम तक निरंतर यात्रा चलती रहेगी, फिर ऐसे ही यह आगे बढ़ता रहेगा। इन कार्यक्रमों की स्ट्रीमिंग भी इसी तरह एक के बाद एक जुड़ती जाएगी, यानी यह एक तरह का क्रमिक योग स्ट्रीमिंग आयोजन होगा। मोदी ने कहा कि इस बार अमृत महोत्सव को ध्यान में रखते हुए देश के 75 प्रमुख स्थानों पर भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन होगा। उन्होंने कहा, इस अवसर पर कई संगठन और देशवासी अपने-अपने स्तर पर अपने क्षेत्र की खास जगहों पर कुछ न कुछ अनूठा करने की तैयारी कर रहे हैं। मैं, आपसे भी ए आग्रह करूंगा, इस बार योग दिवस मनाने के लिए, आप, अपने शहर, कस्बे या गांव में किसी ऐसी जगह चुनें, जो सबसे खास हो। उन्होंने कहा, ए जगह कोई प्राचीन मंदिर और पर्यटन केंद्र हो सकता है, या फिर, किसी प्रसिद्ध नदी, झील या तालाब का किनारा भी हो सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे योग के साथ-साथ क्षेत्र की पहचान भी बढ़ेगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। मोदी ने कहा कि इस समय योग दिवस को लेकर 100 दिवसीय उलटी गिनती भी जारी है। मोदी ने जापान के अपने हालिया दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान उन्हें कुछ शानदार शख्सियतों से मिलने का मौका मिला। मोदी ने कहा, वे लोग हैं तो जापान के लेकिन भारत के प्रति इनमें गज़ब का लगाव और प्रेम है। इनमें से एक हैं हिरोशि कोइके जी, जो एक जाने-माने कला निर्देशक हैं। आपको ये जानकर बहुत खुशी होगी कि इन्होंने महाभारत परियोजना को निर्देशित किया है।

इस परियोजना की शुरुआत कंबोडिया में हुई थी और पिछले 9 सालों से ये निरंतर जारी है। प्रधानमंत्री ने कहा, हिरोशि कोइके जी हर काम बहुत ही अलग तरीके से करते हैं। वह हर साल, एशिया के किसी देश की यात्रा करते हैं और वहां स्थानीय कलाकारों और संगीतकारों के साथ महाभारत के कुछ हिस्सों का प्रोडक्शन करते हैं। मोदी ने कहा, इस परियोजना के माध्यम से उन्होंने भारत, कंबोडिया और इंडोनेशिया सहित नौ देशों में प्रोडक्शन किए हैं और नाट्य प्रस्तुति भी दी है। हिरोशि कोइके जी उन कलाकारों को एक साथ लाते हैं, जिनकी शास्त्रीय और पारंपरिक एशियाई कला में विविध पृष्ठभूमि रही है। इस वजह से उनके काम में विविध रंग देखने को मिलते हैं। इंडोनेशिया, थाईलैंड, मलेशिया और जापान के कलाकार जावा नृत्य, बाली नृत्य, थाई नृत्य के जरिए इसे और आकर्षक बना देते हैं।

मन की बात कार्यक्रम के दौरान मोदी ने आत्सुशि मात्सुओ और केन्जी योशी के बारे में भी चर्चा की जो टेम प्रोडक्शन कंपनी से जुड़े हैं। मोदी ने कहा, इस कंपनी का संबंध रामायण की उस जापानी एनिमेशन फिल्म से है, जो 1993 में प्रदर्शित हुई थी। यह परियोजना जापान के बहुत ही मशहूर फिल्म निर्देशक युगो साको जी से जुड़ी हुई थी। प्रधानमंत्री ने कहा, करीब 40 साल पहले, 1983 में, उन्हें (युगो साको) पहली बार रामायण के बारे में पता चला था।

रामायण उनके हृदय को छू गई, जिसके बाद उन्होंने इस पर गहराई से अनुसंधान शुरू कर दिया। उन्होंने, जापानी भाषा में रामायण के 10 संस्करण पढ़ डाले, और वह इतने पर ही नहीं रुके, वह इसे, एनिमेशन पर भी उतारना चाहते थे। मोदी ने कहा कि अब 30 वर्षों के बाद यह एनिमेशन फिल्म फिर से 4के (रिजॉल्यूशन) में तैयार की जा रही है।



मुंबई में आखिरी आईएनएस गोमती क्रू के साथ खड़े अधिकारियों से मिलते वाइस एडमिरल अजेंद्र बहादुर सिंह

# भारत द्रविड़ों और आदिवासियों का ठाकरे या मोदी का नहीं : ओवैसी

भाषा। ठाणे

**ऑल इंडिया** मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि भारत द्रविड़ों और आदिवासियों का है न कि उनका या महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का, न राकांपा अध्यक्ष शरद पवार का या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का। एआईएमआईएम के अध्यक्ष ने शनिवार को शाम को यहां एक रैली को संबोधित करते हुए जानना चाहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख पवार ने शिवसेना सांसद संजय राउत के लिए क्यों प्रधानमंत्री मोदी से गुहार लगाई और राज्य में राकांपा के मंत्री नवाब मलिक के लिए क्यों नहीं पैरवी की जिन्हें धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किया गया है। भाजपा, शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुए ओवैसी ने दावा किया कि ए पार्टियां अपना वोट बैंक बचाना चाहती हैं, इसलिए जब अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य को निशाना बनाया जाता है तो ए प्रतिक्रिया नहीं करते। उन्होंने मंहगाई और अन्य मुद्दों का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री देश पर अपने सफल शासन का जश्न मना रहे हैं, लेकिन उन्हें एहसास नहीं है कि देश किस मुश्किल दौर से गुजर रहा है। ओवैसी ने कहा, अगर भारत किसी का है तो, वह द्रविड़ों और आदिवासियों का है। उन्होंने कहा, वे (अन्य पार्टियां) 600 साल का उदाहरण देती हैं लेकिन मैं आपको 65 हजार साल से अधिक का उदाहरण देता हूं। यह देश ठाकरे, पवार, ओवैसी, मोदी या शाह का नहीं था बल्कि द्रविड और आदिवासियों का था। ओवैसी ने दावा किया कि अगर कोई मुख्यमंत्री ठाकरे, पवार, मोदी या उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी (आदित्यनाथ) की आलोचना करता है तो वे (संबंधित पार्टियां) तुरंत प्रतिक्रिया देते हैं और कार्वाई करते हैं, लेकिन जब हमारी आलोचना होती है या हमारे खिलाफ टिप्पणी होती है तो कोई प्रतिक्रिया नहीं देता। ओवैसी ने मुस्लिमों, दलितों और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) सहित अन्य से अपील की कि वे समझें कि उनकी सहायता के लिए कथित धर्मनिरपेक्ष पार्टियां नहीं आएंगी क्योंकि वे केवल अपने वोट बैंक को लेकर चिंतित हैं। ओवैसी ने कहा कि किसी को भी उन्हें चुनौती नहीं देनी चाहिए या उकसाना नहीं चाहिए नहीं तो वह उन्हें आइना दिखाएंगे। उन्होंने दावा किया कि मुस्लिमों को मस्जिद के साथ-साथ हिजाब पहनने और हलाल मीट जैसे मुद्दों को लेकर निशाना बनाया जा रहा है। ओवैसी ने इसके साथ ही समुदाय से इनके खिलाफ लड़ने की अपील की।

# धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार पादरी के खिलाफ पहले से कई मामले : मुख्यमंत्री

भाषा। पणजी

**गोवा के** मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि राज्य में लोगों को ईसाई धर्म अपनाने का लालच देने के आरोप में हाल ही में गिरफ्तार किए गए पादरी के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं, जिनमें एक व्यक्ति की मौत से संबंधित मामला भी शामिल है। सावंत ने शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार संविधान में निहित धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का पूरा सम्मान करती है, लेकिन लोगों को धन या दूसरी चीजों का लालच देकर धर्मांतरण के लिए मजबूर किए जाने को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया था कि राजधानी पणजी से लगभग 20 किलोमीटर दूर उत्तरी गोवा के सालिगांव में सक्रिय पादरी डॉमिनिक डिसूजा और उनकी पत्नी जोआन को दो लोगों द्वारा अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराए जाने के बाद बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। इन शिकायतों में आरोप लगाया गया था कि दोनों धर्मांतरण में शामिल रहे हैं। अधिकारी ने कहा था कि पादरी और उनकी पत्नी कथित रूप से धन की पेशकश करके या बीमारी का इलाज कराने का लालच देकर लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित करते थे। सावंत ने कहा कि पहले भी डिसूजा द्वारा कथित रूप से जबरन धर्मांतरण कराए जाने के मामले पुलिस की नजर में आए थे। उन्होंने कहा कि पादरी के खिलाफ एक व्यक्ति की मौत के सिलसिले में भी मामला दर्ज किया गया था, जिसे उन्होंने कथित चमत्कारी तेल लगाया था। सावंत ने कहा कि पादरी के खिलाफ कानून के तहत कार्वाई की गई है और मामले की जांच जारी रहेगी। पुलिस ने पादरी और उनकी पत्नी के खिलाफ धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने तथा धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर एवं दुर्भावनापूर्ण कृत्यों में लिप्त होने संबंधी भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं के अलावा औषधि एवं चमत्कारिक उपचार (आक्षेपणीय विज्ञापन) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है।

## क्रूज मामले में आरोपियों ने एनसीबी से कहा

# अवसाद से उबरने के लिए मादक पदार्थों का सेवन किया

भाषा। मुंबई

**क्रूज जहाज** पर मादक पदार्थ (ड्रग्स) जब्त किए जाने के मामले में कुछ आरोपियों ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) से कहा है कि उन्होंने अवसाद से उबरने तथा अकादमिक एवं पेशेवर कामकाज के तनाव से निपटने के लिए ड्रग्स लेना शुरू किया था। एनसीबी ने एक क्रूज जहाज पर छापेमारी के दौरान कथित तौर पर मादक पदार्थ बरामद होने के बाद पिछले साल अक्टूबर में इस मामले में गिरफ्तार किए गए 20 में से 14 लोगों के खिलाफ शुक्रवार को मुंबई की एक अदालत में करीब 6,000 पृष्ठों का आरोपपत्र दाखिल किया। केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि साक्ष्यों के अभाव के चलते बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान सहित इनमें से छह लोगों को आरोपपत्र में नामजद नहीं किया गया है। आरोपपत्र के मुताबिक, मामले में सह-आरोपी और आर्यन खान के दोस्त अरबाज मर्चेंट (26) ने कहा कि शराब पीने के बाद कभी-कभार उसका सिर भारी हो जाता है और हशीश का सेवन करने पर उसे सुकून मिलता है। उसने कहा कि यही कारण है कि उसने क्रूज जहाज पर अपने जूतों में हशीश छिपाकर रखी थी। आरोपपत्र के अनुसार, एक अन्य आरोपी आचित कुमार (22) ने खुद के मादक पदार्थों का सेवन करने के लिए अकादमिक दबाव को जिम्मेदार ठहराया।

कुमार ने कहा कि वह जानता था कि आयातित गांजा एक मादक पदार्थ है और इसकी बिक्री, उपभोग व खरीद अवैध है। उसने बताया कि हालांकि, अकादमिक दबाव से निपटने के लिए वह गांजे का सेवन करता था और इस कारण उसकी पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हुई थी।

## पीसी जॉर्ज ने विजयन पर निशाना साधा, थ्रिक्काकरा उपचुनाव में भाजपा के पक्ष में प्रचार किया

**कोच्चि।** केरल के एर्नाकुलम जिले की थ्रिक्काकरा विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार के अंतिम दिन वरिष्ठ नेता पीसी जॉर्ज ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर निशाना साधा और उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी को अपना समर्थन दिया। घृणा भाषण के मामले में हाल ही में केरल उच्च न्यायालय से जमानत पाने वाले जॉर्ज ने तिरुवनंतपुरम के फोर्ट थाने में पेश होने के लिए पुलिस द्वारा जारी समन की अनदेखी की और थ्रिक्काकरा में भाजपा के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे। थ्रिक्काकरा में संवाददाता सम्मेलन में जॉर्ज ने पत्रकारों से कहा कि वाम मोर्चा और यूडीएफ दोनों ही सत्ता पाने के लिए राज्य में कट्टरपंथी और सांप्रदायिक समूहों को पनपने दे रहे हैं। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुन्दरन और उपचुनाव में पार्टी के उम्मीदवार एएन राधाकृष्णन भी मौजूद थे।

# कांग्रेस ने गुजरात में अपने शासन में दंगे कराए : शाह

भाषा। नडियाद (गुजरात)

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि अतीत में जब पार्टी गुजरात में सत्ता में थी, तब उसने राज्य में सांप्रदायिक दंगे भड़काने, लोगों को आपस में लड़ाने और कानून-व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने और नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री बनने से पहले गुजरात सांप्रदायिक दंगों, कर्फ्यू और अंतरराष्ट्रीय सीमा के रास्ते नशीले पदार्थों, हथियारों व आरडीएक्स की तस्करी जैसे मुद्दों से जूझ रहा था।

शाह ने विभिन्न पुलिस आवास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कहा, कई वर्षों तक कांग्रेस ने समुदायों को आंतरिक रूप से एक-दूसरे के खिलाफ लड़ाने, सांप्रदायिक दंगे भड़काने और कानून-व्यवस्था को भंग करने का काम किया। भारतीय जनता पार्टी



(भाजपा) शासित गुजरात में साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। गृह मंत्री ने कहा, कांग्रेस के शासन के दौरान राज्य को साल के अधिकांश समय कर्फ्यू का सामना करना पड़ता था और इस बात की कोई गारंटी नहीं होती थी कि सुबह काम पर निकला कोई व्यक्ति शाम को घर लौट आएगा। बैंक, बाजारों और कारखानों के बंद होने से अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ता था।

उन्होंने कहा, (भगवान जगन्नाथ) रथ यात्रा के दौरान सांप्रदायिक झड़प निश्चित थी, लेकिन भाजपा के सत्ता में आने के बाद क्या किसी ने रथ यात्रा को निशाना बनाने की हिमाकत की? और जिन लोगों ने ऐसा करने की हिमाकत की, वे सलाखों के पीछे हैं। नरेंद्र मोदी (मुख्यमंत्री के रूप में) के नेतृत्व में भाजपा ने गुजरात को सुरक्षित बनाना शुरू किया। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासन के दौरान तटीय जिला पोरबंदर तस्करों व माफियाओं के लिए खेल का मैदान बन गया था और कच्छ सीमा के रास्ते हथियारों, नशीले पदार्थों, नकली मुद्रा तथा आरडीएक्स की तस्करी होती थी।उन्होंने कहा, आज किसी में कच्छ सीमा के एक इंच अंदर भी घुसने की हिम्मत नहीं है। नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने गुजरात को सुरक्षित बनाना शुरू किया...। उनके (मोदी) द्वारा शुरू की गई प्रथा को (मुख्यमंत्री) भूपेंद्र पटेल और (गृह मंत्री) हर्ष संघवी द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि सीमाई राज्य होने के बावजूद गुजरात शांति बनाए रखने में सफल रहा है। उन्होंने कहा, गुजरात की लंबी तटीय सीमा है और पाकिस्तान के साथ इसकी सीमा लगती है, बावजूद इसके किसी ने राज्य की शांति भंग करने की जुर्त नहीं की है।

शाह ने नशीले पदार्थों की तस्करी का भंडाफोड़ करने में गुजरात को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए सरकार को बधाई दी। उन्होंने साइबर अपराधों से लड़ने और पुलिसिंग से संबंधित बेहद चुनौतीपूर्ण कार्यों को पूरी शिद्दत से निभाने के लिए राज्य पुलिस बल की सराहना की। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि अपराध विभिन्न स्वरूपों में सामने आया, लेकिन गुजरात पुलिस ने अपराधियों से दो कदम आगे रहने की अपनी रणनीति के माध्यम से सभी चुनौतियों का डटकर सामना किया। गुजरात मॉडल को आज भी पूरा देश हैरानी से देखता है।

उन्होंने देशभर में अपने प्राणों की आहुति देने वाले 35,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि यह संख्या उन जवानों से अधिक है, जो भारत द्वारा लड़े गए सभी युद्धों में शहीद हुए। शाह ने कहा, हमने पुलिस के बारे में कई बार नकारात्मक शब्द सुने हैं, लेकिन इस कार्यक्रम के माध्यम से मैं यह कहना चाहूंगा कि भारत सुरक्षित नहीं होता, अगर इन 35,000 पुलिसकर्मियों ने अपनी मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति नहीं दी होती। उन्होंने कहा कि इन पुलिसकर्मियों के परिजनों को हुए नुकसान की भरपाई नहीं की जा सकती, लेकिन पुलिस बल का बलिदान हमेशा स्वर्ण अक्षरों में दर्ज किया जाएगा।

# हिट फिल्म से सबको होता है फायदा: तब्बू

एजेंसी। मुंबई

**बॉलीवुड अभिनेत्री** तब्बू का कहना है कि एक सफल फिल्म देने की भावना किसी जिम्मेदारी को पूरा करने के समान है। उन्होंने कहा कि अपने तीन दशक लंबे करियर में उन्होंने बॉक्स ऑफिस पर नहीं बल्कि केवल अच्छे काम पर ध्यान दिया है। तब्बू की नई फिल्म भूल भूलैया 2 इस साल की सफल फिल्मों में एक है और रिलीज के 10 दिनों क भीतर इसने 100 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की है। तब्बू ने एक साक्षात्कार में कहा कि अनीस बज्मी निर्देशित हॉरर कॉमेडी फिल्म के दर्शकों के साथ जुड़ाव से वह रोमांचित महसूस कर रही हैं। यह फिल्म 20 मई को बड़े परदे पर आई। इसमें अभिनेता कार्तिक आर्यन और अदाकारा कियारा आडवाणी भी हैं। तब्बू ने कहा, फिल्म को मिली प्रतिक्रिया से बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। किसी हिट फिल्म से वाकई आपको काफी खुशी होती है। इसका मतलब है कि फिल्म को लेकर जिम्मेदारी का मेरा हिस्सा पूरा हो गया है। यह व्यक्तिगत स्तर पर बेहद सुकून देने वाला है। एक हिट फिल्म से सभी को फायदा होता है। उन्होंने कहा, इसलिए एक हिट प्रोजेक्ट कभी बेकार नहीं जाता। लोगों की धारणा बदल जाती है, यह कभी-कभी हमारे द्वारा चुने गए विकल्पों को भी प्रभावित करता है। हालिया समय में अभिनेत्री, रोहित शेट्टी की गोलमाल अगेन (2017), श्रीराम राघवन की अंधाधुन (2018) और अजय देवगन की दे दे प्यार दे (2019) जैसी वाणिज्यिक रूप से सफल फिल्मों में नजर आई थीं। मकबूल, द नेमसेक और हैदर जैसी फिल्मों में अभिनय के लिए वाहवाही बटोर चुकी तब्बू (50) ने कहा कि अलग-अलग विषय की फिल्मों में सफलता पाना एक दिन की बात नहीं है। तब्बू ने कहा, मैं ऐसा कभी नहीं कहती कि एक खास तरह की मेरी फिल्म कामायब हुई है तो मैं और सफलता के लिए ऐसी ही फिल्में करूंगी। यह गारंटी नहीं है। किसी भी फिल्म के हिट होने से अच्छा लगता है। उन्होंने कहा, मैं अपने करियर में बॉक्स ऑफिस के नंबर के पीछे कभी नहीं भागी, मैंने केवल अच्छे काम पर ध्यान दिया है। हम सब कई फिल्मों में काम करते हैं, हिट और फ्लॉप का सिलसिला चलता रहता है यह हमारे लिए मायने नहीं रखता। भूल भुलैया 2 का प्रस्ताव उन्हें तब मिला था जब वह हैदराबाद में अल्लू अर्जुन अभिनीत अला वैकुंठापुरामुल्लू के लिए शूटिंग कर रही थीं। बज्मी ने फोन पर उन्हें संक्षेप में कहानी सुनाई जो उन्हें पसंद आ गई। अदाकारा ने कहा कि बज्मी की फिल्मों की वह प्रशंसक रही हैं। तब्बू ने कहा, इस फिल्म में मेरे लिए हर चीज नई थी। इसलिए कलाकार के तौर पर यह नया अनुभव था। बज्मी ने चीजें काफी आसान कर दी। उन्होंने कहा कि फिल्मों के चयन को लेकर वह संतुलन बनाए रखती हैं और वह इसमें फर्क नहीं करती हैं। आगामी दिनों में तब्बू फिल्म कुत्ते में नजर आएंगी। नामी निर्देशक विशाल भारद्वाज के बेटे आसमान भारद्वाज इस फिल्म के जरिए निर्देशन की अपनी पारी की शुरूआत करेंगे। तब्बू नेटफ्लिक्स के लिए विशाल भारद्वाज के आगामी प्रोजेक्ट खुफिया समेत कुछ अन्य फिल्मों में भी नजर आएंगी।



## आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर नूपुर शर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने एक समाचार चैनल पर चर्चा के दौरान पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी की प्रवक्ता नूपुर शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि एक मुस्लिम संगठन रजा अकादमी के संयुक्त सचिव इरफान शेख की शिकायत पर शनिवार की रात दक्षिण मुंबई के पायधुनी थाने में शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि शर्मा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 295ए (विमर्शित और विद्वेषपूर्ण कार्य जो किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आशय से किए गए हों), 153ए (समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और 505 (2) (विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता, घ्रणा या वैमनस्य की भावनाएं पैदा करने के आशय से झूठे बयान आदि फैलाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# राष्ट्रपति कोविंद ने महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की

भाषा। उज्जैन (मप्र)

**राष्ट्रपति रामनाथ** कोविंद ने रविवार को मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। महाकालेश्वर मंदिर देश के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है।

मध्य प्रदेश जनसंपर्क विभाग के एक अधिकारी ने बताया, राष्ट्रपति कोविंद ने आज पत्नी सविता कोविंद और पुत्री स्वाति कोविंद के साथ उज्जैन में श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की।

उन्होंने कहा कि पंडित घनश्याम शर्मा और अन्य पुरोहितों ने पूजा-अर्चना कराई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति के साथ पूजन में राज्य के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री की पत्नी साधना सिंह चौहान भी शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश की संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर भी मौजूद थीं। मुख्यमंत्री चौहान ने ट्वीट किया, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी और राज्यपाल मंगुभाई पटेल जी के साथ उज्जैन में भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना कर प्रदेश-देश की प्रगति एवं उन्नति और जनता के कल्याण के लिए प्रार्थना की। राज्य के तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन कोविंद ने इससे पहले आज उज्जैन में अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के 59वें अधिवेशन का उद्घाटन किया और शासकीय धन्वंतरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय के भवन का ऑनलाइन तरीके से लोकार्पण भी किया।



# रूस और यूक्रेन के सैनिकों के बीच आमने-सामने की जंग

एपी। पोक्रोव्स्क (यूक्रेन)



**यूक्रेन** के एक पूर्वी शहर में रविवार को रूस और यूक्रेन के सैनिकों के बीच आमने-सामने की लड़ाई हुई। इस दौरान भारी बमबारी के साथ मॉस्को के सैनिकों ने क्षेत्र में रणनीतिक महत्व के स्थानों पर कब्जा करने का प्रयास किया और यूक्रेन ने रूस के इस आक्रमण का बहादुरी से जवाब दिया। यूक्रेन के क्षेत्रीय अधिकारियों ने कहा कि रूस की सेना ने पूर्व में स्थित सिविरोदोनेत्स्क शहर पर धावा बोला जहां लड़ाई के कारण बिजली और मोबाइल सेवा बंद कर दी गई है। सिविरोदोनेत्स्क एक औद्योगिक उत्पादन केंद्र है। रूस ने पास में स्थित लिसिचांस्क पर कब्जा करने का प्रयास भी तेज कर दिया है जहां यूक्रेन के अधिकारियों मुताबिक भारी गोलाबारी हो रही है। युद्ध से पहले इन दोनों शहरों की सम्मिलित जनसंख्या दो लाख थी और लुहांस्क में ए यूक्रेन के नियंत्रण वाले अंतिम बड़े क्षेत्र हैं। रूस इन दोनों शहरों के उन क्षेत्रों पर कब्जा करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जो पहले से ही मॉस्को समर्थित अलगाववादियों के नियंत्रण में नहीं हैं। रूसी सेना हाल के दिनों में धीमी गति से आगे बढ़ रही है और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के दौरान आम लोगों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। शनिवार रात अपने वीडियो संबोधन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पूर्वी भाग में स्थिति को बहुत मुश्किल करार दिया।

## रूस ने छोटे शहरों को कब्जे में लिया, पूर्वी यूक्रेन में लड़ाई का दायरा बढ़ाना लक्ष्य

एपी। क्रामातोर्स्क (यूक्रेन)

**संपूर्ण** पूर्वी यूक्रेन पर कब्जा करने के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के रूसी दावे के बीच राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने यूरोपीय देशों द्वारा पाबंदियां लगाकर तथा यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति कर उनके देश को दंडित करने के संकल्प को शनिवार को डिगाने का प्रयास किया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी सैनिकों एवं क्रेमलिन समर्थित अलगाववादियों के संयुक्त दल ने दूसरे छोटे शहर लीमान को पूरी तरह से मुक्त करा लिया है। इन अलगाववादियों ने रूस से सटे औद्योगिक क्षेत्र डोनबास में आठ साल पहले लड़ाई शुरू की थी। इस बीच, यूक्रेन की रेल प्रणाली ने पूर्व में स्थित एक अहम रेल केंद्र लीमान में हथियार पहुंचाए हैं और वहां से लोगों को निकाला है। लीमान पर कब्जे का मतलब है कि रूसी सेना को इस क्षेत्र में एक और बड़ी कामयाबी मिलेगी। इस क्षेत्र में सैनिकों के लिए सिवरस्की डोनेत्स नदी को पार करने और उन्हें सैन्य साजोसामान पहुंचाने की खातिर कई पुल मौजूद हैं। यह नदी ही रूसी सेना के लिए डोनबास में आगे बढ़ने में अब तक अड़चन बनी हुई है। यूक्रेन के अधिकारियों की लीमान पर मिश्रित प्रतिक्रियाएं थीं। शुक्रवार को डोनेत्स्क के गवर्नर पावलो कीरीलेंको ने कहा कि रूसी सैनिकों ने उसके ज्यादातर हिस्सों पर कब्जा कर लिया है और वे अब इस क्षेत्र के अन्य शहर बाखमूट की ओर बढ़ने की कोशिश में हैं। हालांकि, शनिवार को यूक्रेन के उप रक्षा मंत्री हन्ना मायला ने रूस के इस दावे का खंडन किया कि लीमान उसके कब्जे में आ गया है। उन्होंने कहा कि लड़ाई अभी भी चल रही है। शनिवार को एक वीडियो संबोधन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पूर्वी क्षेत्र की स्थिति को बहुत जटिल करार दिया। उन्होंने कहा कि रूसी सेना वहां अपने प्रयास तेज कर कुछ न कुछ परिणाम हासिल करने में जुटी है। इस बीच, क्रेमलिन ने कहा कि पुतिन ने शनिवार को फ्रांस और जर्मनी के नेताओं के साथ फोन पर 80 मिनट तक बातचीत की और उन्हें यूक्रेन को लगातार हाथियार देने के खिलाफ चेताया।

## बांग्लादेश सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत, 20 घायल

**ढाका।** बांग्लादेश के बारिशाल जिले में रविवार सुबह एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक बच्चे समेत 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना जिले के वजीरपुर इलाके में हुई। पुलिस के मुताबिक चालक के नियंत्रण खोने के कारण बस सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद ही 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हो गए। वजीरपुर थाना प्रभारी अली अरशाद ने कहा कि एक घायल को बारिशाल शेर-ए-बंगाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला प्रशासन ने दुर्घटना को लेकर जांच शुरू की है।

## ब्रेक्जिट के बाद पाउंड और औंस की वापसी पर विचार कर रहा ब्रिटेन

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन अगले हफ्ते महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की ताजपोशी की प्लेटिनम जुबली के अवसर पर कथित तौर पर माप की राजशाही व्यवस्था यानी पाउंड और औंस की वापसी की घोषणा करने की तैयारियों में जुटे हैं। इसे ब्रेक्जिट के बाद यूरोपीय माप प्रणाली से अलग होने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। स्थानीय मीडिया में प्रकाशित खबरों से संकेत मिलता है कि ब्रिटिश सिंहासन पर 96 वर्षीय महारानी के काबिज होने के 70 साल पूरे होने के जश्न के तहत की जाने वाली घोषणाओं के एक हिस्से के रूप में जॉनसन देश पर यूरोपीय संघ (ईयू) के एक और प्रभाव को खत्म करने की तैयारी कर रहे हैं। इसे कोविड-19 की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन का उल्लंघन कर डाउनिंग स्ट्रीट में दावत आयोजित किए जाने से नाराज ब्रेक्जिट समर्थक मतदाताओं को मनाने की जॉनसन की एक कोशिश के तौर पर भी देखा जा रहा है। द मिरर ने जॉनसन मंत्रिमंडल के एक सूत्र के हवाले से कहा, चूंकि, ब्रिटिश नागरिक अपने दैनिक जीवन में शाही और मीट्रिक, दोनों माप प्रणालियों का इस्तेमाल करके खुश हैं, ऐसे में सरकार के लिए यह दर्शाने का उपयुक्त समय है कि हम नियमों में तदनुसार बदलाव करने के लिए स्वतंत्र हैं। मौजूदा समय में इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स में पैकेज्ड या खुला सामान बेचने वाले दुकानदार कानूनी रूप से मीट्रिक माप इकाई, मसलन ग्राम, किलोग्राम, मिलीलीटर और लीटर का इस्तेमाल करने के लिए बाध्य हैं। वजन मापने की मीट्रिक प्रणाली में जहां 1,000 ग्राम को एक किलोग्राम के बराबर माना जाता है, वहीं शाही प्रणाली के तहत एक स्टोन में 14 पाउंड, जबकि एक पाउंड में 16 औंस होते हैं।

## भारत-बांग्लादेश के बीच दो ट्रेन सेवाएं बहाल

**ढाका।** बांग्लादेश और भारत के बीच यात्री ट्रेन सेवाएं मैत्री एक्सप्रेस और बंधन एक्सप्रेस दो साल बाद रविवार को फिर से शुरू हो गई। कोरोना वायरस फैलने के कारण ए सेवाएं रोक दी गई थीं। बांग्लादेश रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि ढाका और कोलकाता के बीच मैत्री एक्सप्रेस ट्रेन सेवा ढाका छावनी रेलवे स्टेशन से रविवार को बहाल हुई। बांग्लादेश रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा, ट्रेन ढाका छावनी रेलवे स्टेशन से 165 यात्रियों के साथ कोलकाता के लिए रवाना हुई...यह सोमवार को वापसी करेगी और ढाका पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन से यात्रा की संभावित अवधि आठ घंटों की है। बांग्लादेश रेलवे के महानिदेशक धीरेंद्र नाथ मजूमदार ने कहा कि अब से ट्रेन एक सप्ताह में पांच दिन चलेगी। हालांकि कोविड-19 महामारी पूरी तरह खत्म न होने के कारण पहले दिन उम्मीद के अनुरूप यात्री नहीं आए।

## टीटीपी आतंकवादी समूह पाक की सुरक्षा के लिए खतरा

भाषा। इस्लामाबाद

**संयुक्त** राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक रिपोर्ट में अफगानिस्तान आधारित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से पाकिस्तान की सुरक्षा को लगातार खतरे की ओर ध्यान आकृष्ट किया है गया और कहा गया है कि खूंखार आतंकी संगठन के साथ चल रही शांति प्रक्रिया के सफल होने की संभावनाएं क्षीण हैं। तालिबान प्रतिबंध समिति 1988 की निगरानी टीम की वार्षिक रिपोर्ट में अफगान-तालिबान के साथ टीटीपी के संबंधों का उल्लेख किया गया है और यह बताया गया है कि पिछले साल गनी शासन के पतन से इस समूह को कैसे फायदा हुआ और इसने अफगानिस्तान से संचालित अन्य आतंकवादी समूहों के साथ अपने संबंध कैसे जोड़े। पाकिस्तान के डॉन अखबार के मुताबिक, रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रतिबंधित टीटीपी में अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा पर पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी इलाकों में 4,000 लड़ाके हैं तथा वहां इसने विदेशी लड़ाकों का सबसे बड़ा समूह बना लिया है। पिछले साल अगस्त में काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद से समिति के लिए टीम की यह पहली रिपोर्ट है। रिपोर्ट में तालिबान की आंतरिक राजनीति, उसके वित्तीय मामलों, अलकायदा, दाएश और अन्य आतंकवादी समूहों के साथ इसके संबंधों तथा सुरक्षा परिषद के प्रतिबंधों के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह रिपोर्ट ऐसे समय प्रकाशित हुई जब पिछले बृहस्पतिवार को पाकिस्तान सरकार और टीटीपी के बीच तीसरे दौर की बातचीत की शुरुआत हुई। पिछले साल नवंबर में हुई पहले दौर की वार्ता के परिणामस्वरूप एक महीने का संघर्षविराम हुआ था, लेकिन बाद में टीटीपी ने पाकिस्तान पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए संघर्षविराम खत्म कर दिया था। टीटीपी ने बाद में पाकिस्तानी सेना के खिलाफ हमले फिर से शुरू कर दिए।

## गोलाबारी के बाद अमेरिका के कई स्कूलों में बढ़ाई जा रही सुरक्षा व्यवस्था

**ऑस्टिन (अमेरिका)।** अमेरिका के टेक्सास स्थित उवाल्दे के एक प्राथमिक स्कूल में गोलीबारी के बाद देशभर के स्कूल अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती कर रहे हैं और आगंतुकों की संख्या सीमित कर दी है। 2012 में सैंडी हुक प्राथमिक स्कूल पर हुए हमले के बाद हुए इस हमले के मद्देनजर कई शिक्षकों और अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। टेक्सास के एल पासो में 2019 में एक बंदूकधारी ने नस्ली हमले में 23 लोगों की हत्या कर दी थी। इस क्षेत्र के स्कूलों में डर का माहौल है। एल पासो इंडिपेंडेंट स्कूल डिस्ट्रिक्ट में हमले की कई धमकी मिल चुकी है जो बाद में फर्जी पाई गई। जिले के प्रवक्ता गुस्तावो रेवेल्स अकोस्टा ने कहा, उस घटना के कारण हमारा समुदाय सकते में है। जिले के पुलिस विभाग ने सभी 85 स्कूल परिसरों पर गश्त लगाना शुरू कर दिया है।

## पोप फ्रांसिस ने 21 नए कार्डिनल घोषित किए

**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस ने रविवार को कहा कि वह इस साल गर्मियों में वेटिकन में आयोजित होने वाले एक समारोह में चर्च के 21 सदस्यों को कार्डिनल के पद पर पदोन्नत करेंगे। पोप से लाल हैट पाने वाले चर्च के सदस्यों में दो भारत के, जबकि एक-एक मंगोलिया, घाना, नाइजीरिया, सिंगापुर, पूर्वी तिमोर, पराग्वे और ब्राजील के होंगे। इनके चयन को चर्च का ऐसा नेतृत्व तैयार करने के पोप फ्रांसिस के संकल्प का हिस्सा माना जा रहा है, जिससे कैथलिक चर्च का वैश्विक चेहरा प्रदर्शित होता हो। पोप फ्रांसिस ने सेंट पीटर्स स्क्वायर में रविवार के अपने पारंपरिक संबोधन के अंत में नए कार्डिनल के नामों की घोषणा की।

## भारत से भेजी गई सामग्री का श्रीलंका में वितरण शुरू

**कोलंबो।** श्रीलंका में कम आय वाले परिवारों को भारतीय ऋण सहायता के तहत प्राप्त चावल और दूध पाउडर सहित विभिन्न सामानों का वितरण शुरू हो गया है। खाद्य आयुक्त विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। खाद्य आयुक्त जे. पी. कृष्णमूर्ति ने कहा कि नुवारा एलिया, बडुल्ला, मुल्लातीवु और अमपारा सहित सभी 25 जिलों में कम आय वाले परिवारों को सामान का वितरण शुरू हो चुका है। कृष्णमूर्ति ने कहा कि श्रीलंका सरकार संभागीय सचिवालय स्तर पर चुने गए निम्न-आय वाले प्रत्एक परिवार को राहत सामग्री देगी, जिसमें 10 किलोग्राम चावल भी होगा।

## फिनलैंड और स्वीडन को नाटो में शामिल करने के लिए अब भी खिलाफ है तुर्की

**इस्तांबुल।** तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब अर्दोआन ने कहा है कि वह अब भी फिनलैंड और स्वीडन को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने से रोकना चाहते हैं। अर्दोआन ने पत्रकारों से कहा कि इस सप्ताह फिनलैंड और स्वीडन के प्रतिनिधिमंडलों के साथ हुईं बैठकें अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहीं और तुर्की की सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया।

## नेशनल टेक्सटाइल्स कॉरपोरेशन के खिलाफ शुरू होगी दिवाला कार्यवाही

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने एक परिचालन कर्जदाता की याचिका को मंजूर करने के बाद सार्वजनिक क्षेत्र की कपड़ा कंपनी नेशनल टेक्सटाइल कॉरपोरेशन (एनटीसी) के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया है। एनसीएलटी की दिल्ली पीठ ने एनटीसी के बोर्ड को निलंबित करने के साथ ही अमित तलवार को अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) नियुक्त किया है। पीठ ने ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता (आईबीसी) के प्रावधानों के अनुसार एनटीसी के खिलाफ स्थगन की भी घोषणा की है। एनसीएलटी की दो-सदस्ईय पीठ ने एनटीसी के दावों को भी खारिज करते हुए कहा कि इसके परिचालन लेनदार द्वारा दावा की गई देय राशि पर खड़ा किया गया विवाद सिर्फ एक जबरन खड़ा किया गया विवाद है और करीब 14 लाख रुपए के भुगतान में चूक हुई है।

## पूर्वोत्तर में 1.34 लाख करोड़ की ढांचागत परियोजनाओं पर चल रहा काम: सीतारमण

भाषा। गुवाहाटी




**केंद्र** सरकार पूर्वोत्तर में 1.34 लाख करोड़ रुपए से अधिक लागत की कई रेल, सड़क एवं हवाई संपर्क परियोजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को यह जानकारी दी। सीतारमण ने यहां विकास और परस्पर निर्भरता में स्वाभाविक सहयोगी विषय पर एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र में कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विकास पर भारी निवेश कर रही है। सीतारमण ने कहा, हम 2,011 किलोमीटर लंबी और 74,000 करोड़ रुपए की लागत वाली 20 रेलवे परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा केंद्र सरकार क्षेत्र में कुल 58,000 करोड़ रुपए की लागत से 4,000 किलोमीटर लंबी सड़कों का विकास कर रही है।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में करीब 2,200 करोड़ रुपए की 15 हवाई संपर्क परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है। हालांकि वित्त मंत्री ने यह नहीं बताया कि ए परियोजनाएं कब तक पूरी होंगी। सीतारमण ने कहा कि गंगा, ब्रह्मपुत्र और बराक नदियों पर राष्ट्रीय जलमार्ग विकसित करने के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश में 50 नदी प्रणालियां हैं जिनका इस्तेमाल सभी प्रकार के परिवहन उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है क्योंकि जलमार्ग से यात्रा की लागत हवाई, सड़क और रेल नेटवर्क की तुलना में सबसे कम है।सीतारमण ने कहा, सरकार गंगा पर राष्ट्रीय जलमार्ग-एक, ब्रह्मपुत्र पर राष्ट्रीय जलमार्ग-दो और बराक पर राष्ट्रीय जलमार्ग-16 को और भी विकसित कर रही है। पिछले सात-आठ वर्षों में हमने बेहतर संपर्क सुविधा देने की कोशिश की है।

उन्होंने कहा कि असम में ब्रह्मपुत्र नदी के आसपास सदिया और धुबरी के बीच के पूरे क्षेत्र को विकसित किया जा रहा है ताकि बेहतर संपर्क सुविधा दी जा सके। उन्होंने कहा, हम गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र पर एक बहु-साधन केंद्र बना रहे हैं। इसमें पांडु में एक जहाज मरम्मत बंदरगाह, चार पर्यटक घाट और 11 तैरते हुए टर्मिनल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वी जलमार्ग संपर्क परिवहन ग्रिड पूरा हो जाने के बाद यह न केवल पूर्वोत्तर और बाकी भारत के बीच बल्कि उप-महाद्वीप में भी निर्बाध संपर्क सुविधा दे पाएगा। इसमें 5,000 किलोमीटर लंबे जलमार्ग की पेशकश की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### जुलाई-अगस्त में भी झेलना पड़ सकता है बिजली संकट

**नई दिल्ली।** भारत में ताप बिजली संयंत्रों में मानसून से पहले कोयला भंडार की कमी होने से संकेत मिल रहा है कि जुलाई-अगस्त तक देश में एक और ऊर्जा संकट खड़ा हो सकता है। स्वतंत्र शोध संगठन सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लिन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। खदानों पर लगे ऊर्जा स्टेशनों के पास अभी 1.35 करोड़ टन का कोयला भंडार है और देशभर के ऊर्जा संयंत्रों के पास 2.07 करोड़ टन कोयला भंडार है। सीआरईए ने अपनी भार उठाने में विफल: भारत का ऊर्जा संकट कोयला प्रबंधन का संकट है शीर्षक की रिपोर्ट में कहा है, आधिकारिक स्रोतों से एकत्रित आंकड़े बताते है कि कोयला आधारित बिजली संयंत्र ऊर्जा की मांग में मामूली बढ़ोतरी को भी झेलने की स्थिति में नही है और कोयला परिवहन की योजना पहले से बनाने की जरूरत है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) का अनुमान है कि अगस्त में ऊर्जा की अधिकतम मांग 214 गीगावॉट पर पहुंच जाएगी, इसके अलावा औसत बिजली की मांग भी मई के दौरान 13,342.6 करोड़ यूनिट से अधिक हो सकती है। सीआरईए ने कहा, दक्षिणपश्चिमी मानसून के आगमन से खनन में और खदानों से बिजली स्टेशनों तक कोयले के परिवहन में भी मुश्किलें आएंगी। मानसून से पहले यदि कोयला भंडार को पर्याप्त स्तर तक नही बनाया गया, तो जुलाई-अगस्त में देश को एक और बिजली संकट का सामना करना पड़ सकता है।

### रिलायंस की हेल्थ गेन पॉलिसी लॉन्च

**मुंबई।** भारत में निजी क्षेत्र की जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने सबसे ज्यादा सुविधाजनक और कस्टमाइज करने योग्य हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी द् रिलायंस हेल्थ गेन को लॉन्च किया है। यह पॉलिसी ग्राहकों को अपनी जरूरत के अनुसार सुविधाओं का चयन करने और केवल चुनी गई सुविधाओं के लिए भुगतान करके अपनी हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी तैयार करने का विकल्प प्रदान करती है। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने विभिन्न प्रकार की सुविधाओं के साथ.साथ 3 योजनाओं . प्लसए पावर और प्राइम को पेश किया है ताकि, ग्राहक को अपनी जरूरतों के अनुरूप पॉलिसी तैयार करने में सहूलियत मिल सके। रिलायंस जनरल ने आज के जमाने के हर उम्र के ग्राहकों की विशेष और उभरती हुई जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से इस पॉलिसी को लॉन्च किया है। इस लॉन्च से बेहद उत्साहित राकेश जैन चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेडने कहा कि श्महामारी के बाद लोगों के बीच हेल्थ इंश्योरेंस को अपनाने के विचार में तेजी आई हैए तथा लोग उपचार की आधुनिक सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत के बारे में अधिक जागरूक हो गए हैं।

### टाटा मोटर्स ने पेश की नई नेक्सॉन ईवी मैक्स

**कानपुर।** भारत में यातायात के साधनों के तेजी से इलेक्ट्रिफिकेशन के लिए प्रतिबद्ध टाटा मोटर्स ने कानपुर में पसर्नल मोबिलिटी सेग्मेंट में भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाले इलेक्ट्रिक वाहन का नया मॉडल लॉन्च किया है। सोसाइटी मोटर्स पर उपलब्ध नेक्सॉन ईवी मैक्स 17.74 लाख रुपये एक्सशोरूम ऑल इंडिया के शुरुआती आकर्षक दाम पर यहां के उपभोक्ताओं के लिए लॉन्च किया है। इस पेशकश के साथ टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक वाहनों के आकर्षण को बढ़ाने के लिए अपनी नेतृत्व की स्थिति को बनाए रखा है। कंपनी ने उन उपभोक्ताओं को नया ऑफर देने के साथ बाजार का विस्तार किया है, जो अलग-अलग शहरों के बीच लंबी यात्रा के लिए किसी वाहन की तलाश कर रहे थे। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड में मार्केटिंग सेल्स और सर्विस स्ट्रैटेजी के हेड विवेक श्रीवत्स ने लॉन्चिंग पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हम देश में यातायात के साधनों का तेजी से इलेक्ट्रिफिकेशन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### एफपीआई की बिकवाली जारी, मई में अबतक शेयरों से 39,000 करोड़ रुपए निकाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजारों में बिकवाली का सिलसिला मई में भी जारी है। मई में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों से 39,000 करोड़ रुपए से अधिक की निकासी की है। अमेरिका में बांड पर प्रतिफल बढ़ने, डॉलर की मजबूती और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में और आक्रामक वृद्धि की संभावना के बीच एफपीआई भारतीय बाजार में बिकवाल बने हुए है। एफपीआई 2022 में अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 1.66 लाख करोड़ रुपए की निकासी कर चुके हैं। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध प्रमुख (खुदरा) श्रीकांत चौहान ने कहा कि आगे चलकर भारतीय भारतीय बाजारों में एफपीआई का रुख उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, ऊंची मुद्रास्फीति तथा सख्त मौद्रिक रुख के मद्देनजर अभी एफपीआई की बिकवाली जारी रह सकती है।

## अमेरिका बना भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार, 2021-22 में द्विपक्षीय व्यापार 119.42 अरब डॉलर पर

भाषा। नई दिल्ली

**अमेरिका** बीते वित्त वर्ष (2021-22) में भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया है। इससे दोनों देशों के बीच मजबूत होते आर्थिक रिश्तों का पता चलता है। इस तरह भारत के साथ व्यापार के मामले में अमेरिका ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2021-22 में अमेरिका और भारत का द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 119.42 अरब डॉलर पर पहुंच गया। 2020-21 में यह आंकड़ा 80.51 अरब डॉलर का था। आंकड़ों के अनुसार, 2021-22 में भारत का अमेरिका को निर्यात बढ़कर 76.11 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 51.62 अरब डॉलर रहा था। वहीं इस दौरान अमेरिका से भारत का आयात बढ़कर 43.31 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 29 अरब डॉलर था। आंकड़ों के अनुसार, 2021-22 में भारत-चीन द्विपक्षीय व्यापार 115.42 अरब डॉलर रहा, जो 2020-21 में 86.4 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष के दौरान चीन को भारत का निर्यात मामूली बढ़कर 21.25 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो 2020-21 में 21.18 अरब डॉलर रहा था। वहीं इस दौरान चीन से भारत का आयात बढ़कर 94.16 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो 2020-21 में 65.21 अरब डॉलर पर था। वित्त वर्ष के दौरान भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 72.91 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो 2020-21 में 44 अरब डॉलर रहा था। व्यापार क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि आगामी वर्षों में भारत का अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार और बढ़ेगा, जिससे दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों को और मजबूती मिलेगी। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के उपाध्यक्ष खालिद खान ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद व्यापार भागीदार के रूप में उभर रहा है और वैश्विक कंपनियां चीन पर अपनी निर्भरता कम कर रही हैं। वैश्विक कंपनियां अपने कारोबार का भारत और अन्य देशों में विविधीकरण कर रही हैं। खान ने कहा, आगामी बरसों में भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार और बढ़ेगा। भारत, अमेरिका की हिंद-प्रशांत आर्थिक रूपरेखा (आईपीईएफ) पहल में शामिल हुआ है। इससे आर्थिक रिश्तों को और मजबूती मिलेगी। भारतीय बागान प्रबंधन संस्थान (आईआईपीएम), बेंगलूर के निदेशक राकेश मोहन जोशी ने कहा कि 1.39 अरब की आबादी के साथ भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के चलते अमेरिका और भारत की कंपनियों के पास प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, विनिर्माण, व्यापार और निवेश के काफी अवसर हैं।

## गेहूं निर्यात पर रोक घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगाई गई: चौधरी

**इंदौर।** केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने रविवार को कहा कि सरकार ने देश के नागरिकों को गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इस प्रमुख खाद्यान्न के निर्यात पर रोक लगाई है। चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, हमारे लिए देश सबसे पहले है और देश के नागरिकों के लिए गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी पहली प्राथमिकता है। हमने गेहूं का निर्यात रोकने का फैसला इसलिए किया ताकि नागरिकों को गेहूं की कमी नहीं हो। बहरहाल गेहूं निर्यात रुकने के बाद मंडियों में इस प्रमुख खाद्यान्न के खरीद भाव में कमी आ गई है जिसकी वजह से किसान संगठन गेहूं निर्यात पर रोक के सरकारी फैसले का विरोध कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या ऐसे हालात में किसानों को सरकारी खरीद में गेहूं पर बोनस दिया जाएगा, कृषि राज्य मंत्री ने कोई सीधा जवाब न देते हुए कहा कि सरकार किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदती है।

## ओएनजीसी ने 40,306 करोड़ का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ कमाया

भाषा। नई दिल्ली

**सार्वजनिक** क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने बीते वित्त वर्ष (2021-22) में करीब 40,306 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ कमाया है। कच्चे तेल के उत्पादन पर ऊंची कीमत मिलने की वजह से ओएनजीसी रिकॉर्ड मुनाफा कमा पाई है। इस तरह अब रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद ओएनजीसी देश की दूसरी सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली कंपनी बन गई है। ओएनजीसी ने एक बयान में कहा कि बीते वित्त वर्ष में उसका शुद्ध लाभ 258 प्रतिशत के उछाल के साथ 40,305.74 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष (2020-21) में कंपनी ने 11,246.44 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष के दौरान कंपनी को प्रत्एक बैरल कच्चे तेल के उत्पादन और बिक्री पर 76.62 डॉलर की प्राप्ति हुई। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी को प्रत्एक बैरल कच्चे तेल के उत्पादन पर 42.78 डॉलर मिले थे। यह ओएनजीसी को कच्चे तेल के उत्पादन पर मिलने वाला सबसे ऊंचा दाम है। रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद 2021 के आखिर में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जोरदार उछाल आया और यह करीब 14 साल के उच्चस्तर 139 डॉलर प्रत बैरल पर पहुंच गए। हालांकि, 2008 में भी कच्चे तेल के दाम 147 डॉलर प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे थे, लेकिन उस समय ओएनजीसी को पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा बिक्री करने वाली कंपनियों को सब्सिडी उपलब्ध करानी पड़ी थी जिसकी वजह से उसकी प्राप्ति कम रही थी। अब ओएनजीसी को अंतरराष्ट्रीय कीमतों के हिसाब से ही प्राप्ति हो रही है क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलयम कंपनियां भी पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के दाम वैश्विक दरों के हिसाब से तय करती हैं।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति से बढ़ा मुक्त विवि के पाठ्यक्रमों का महत्व

**● मुख्यमंत्री ने रखी उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के गोरखपुर क्षेत्रीय केंद्र भवन की आधारशिला**

**● कहा-डिजिटल इंडिया की परिकल्पना पीएम मोदी की दूरदर्शिता का परिचायक**


पायनियर ससमाचार सेवा। गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लंबे अर्से बाद भारत ने वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अंगीकार किया है। इस शिक्षा नीति में पहली बार एक साथ दो डिग्री लेने की सुविधा दी गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों का महत्व बहुत बढ़ गया है। सीएम योगी रविवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र भवन का शिलान्यास करने के बाद योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते दो वर्षों में देश.दुनिया ने मुक्त विश्वविद्यालयों की महत्ता को स्वीकारा है। कोरोना काल में शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई। परए 2014 में ही पीएम मोदी ने अपनी दूरदृष्टि से जिस डिजिटल इंडिया की परिकल्पना की थीए वह कोरोना काल में दूरस्थ व ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कारगर साबित हुई। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने जब डिजिटल इंडिया की बात कही थी तब लोग हंसते थे। परए आज इसका लाभ सर्वत्र दिख रहा है। डीबीटी के माध्यम से जब करोड़ों लोगों के बैंक खातों में सरकार की सहायता राशि पहुंचती है तो इसका लाभ समाज के अंतिम पायदान तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचता है। डिजिटल इंडिया की नई क्रांति का अनुभव सभी लोग कर रहे हैं।

**'अब परिवार और बोझ नहीं स्वावलंबन का आधार बन रहे युवा':** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी की दूरदर्शिता की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा शुरू किए गए स्किल इंडिया मिशन से आज युवा परिवार पर बोझ नहीं बल्कि स्वावलंबन का आधार बन रहे हैं। स्किल इंडिया मिशन आज गांव गांव तक पहुंचा है। मुक्त विश्वविद्यालय स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में बहुत कारगर हो सकता है यहां नौकरी और कामकाज करते हुए शिक्षा हासिल की जा सकती है। हम सभी को स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रेरित करना चाहिए। मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम नौकरीपेशा व कामकाज करने वालों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कौशल के जरिए ही आप समाज को कुछ देने की स्थिति में होंगे और राष्ट्रीय शिक्षा नीति का ध्येय भी यही है।

सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय से तकनीक पक्ष पर ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय के 1200 अध्ययन केंद्र प्रयागराज स्थित इस विश्वविद्यालय से जुड़कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में स्थापित हो रहे क्षेत्रीय केंद्र की भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होगी। तकनीकी के जरिए एक शिक्षक एक साथ सभी केंद्रों के छात्रों के कक्षाएं ले सकता है। ऐसा करने से शिक्षा व समाज की सेवा के जरिए राजर्षि टंडन की भावनाओं के अनुरूप नए भारत के नए उत्तर प्रदेश को भी तेजी से आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष जब उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहा होगा तब तक गोरखपुर के क्षेत्रीय केंद्र भवन के बनकर तैयार हो जाने की उम्मीद है। ऐसे में मुक्त विश्वविद्यालय का रजत जयंती वर्ष बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। सीएम ने भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार मुक्त विश्वविद्यालय को भरपूर सहयोग देने को संकल्पित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजर्षि टंडन की स्मृतियों को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि इस मुक्त विश्वविद्यालय का नामकरण जिस महापुरुष के नाम पर है वह राजर्षि टंडन स्वतंत्रता आंदोलन कि अगर पंक्ति में समर्पित रहे। वरिष्ठ राजनेता महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व हिंदी के अनन्य उपासक राजर्षि टंडन आजादी के बाद भी समाज की सेवा व शिक्षा के प्रसार के लिए समर्पित रहे। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा विश्वास है। सीएम योगी का शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान रहता है। उनका मानना है कि शिक्षा के जरिये किसी भी ऊंचाई पर पहुंचा जा सकता है क्योंकि पढ़ेंगे तभी आगे बढ़ेंगे। शिक्षा के माध्यम से ही रोजगार बढ़ेगा और पलायन रुकेगा। संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूएसए से उनसे मिलने आए एक कार्डियोलॉजिस्ट की चर्चा की। बताया कि वह कार्डियोलॉजिस्ट आईआईटी कानपुर से पढ़े थे। अच्छे पैकेज पर यूएसए में नौकरी करने गए थे। वहां उन्होंने नौकरी करते हुए कार्डियोलॉजी की डिग्री ली और कार्डियोलॉजिस्ट बन गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से इस तरह के हुनर को अब भारत में भी मंच मिलने वाला है। इसके लिए हमें नए परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों को तैयार करना होगा।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए बताया कि 1998 में स्थापित इस मुक्त विश्वविद्यालय के 12 क्षेत्रीय केंद्रों के जरिये 1200 से अधिक अध्ययन केंद्र संचालित हैं। 137 पाठ्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश में दूरस्थ प्रणाली से उच्च शिक्षा की लौ प्रज्ज्वलित की जा रही है।



## योगी ने राष्ट्रपति के दौरे की तैयारियां परखीं

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी पांच जून को संत कबीर नगर जिले में स्थित कबीर स्थली में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के दौरे के मद्देनजर तैयारियों का रविवार को जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर संपूर्ण कबीर चौरा परिसर में तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को समय से काम पूरा करने और सुरक्षा इंतजामों को लेकर अतिरिक्त ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति कोविंद द्वारा संत कबीर नगर का दौरा करना सम्मान की बात है और इस कार्यक्रम की तैयारियों में कोई कोर कसर बाकी नहीं रहनी चाहिए। योगी ने राष्ट्रपति कोविंद के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के संबंध में अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की। गौरतलब है कि राष्ट्रपति कोविंद आगामी पांच जून को संत कबीर दास की संत कबीर नगर स्थित निर्वाण स्थली मगहर का दौरा करेंगे। इस दौरान वह अनेक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे।

## पूर्व सांसद रिजवान जहीर पर रासुका के तहत कार्रवाई

बलरामपुर। बलरामपुर के पूर्व सांसद और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता रिजवान जहीर के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्वाई की गई है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। सक्सेना के मुताबिक, प्रदेश स्तरीय माफिया रिजवान जहीर के खिलाफ शनिवार रात लोक शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्वाई की गई है। उन्होंने बताया कि रासुका के तहत की गई कार्वाई की एक प्रति जेल में बंद रिजवान जहीर को तामील कराई गई है। उल्लेखनीय है कि रिजवान जहीर पिछले पांच महीने से तुलसीपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष फिरोज पप्पू की हत्या के आरोप में जेल में बंद हैं।

## नदी में डूबने से दो युवकों की मौत

**शाहजहांपु।** रामगंगा नदी में डूबने से रविवार को दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। अल्लाहगंज थाने के प्रभारी प्रदीप शेरावत ने बताया कि मऊ शाहजहांपुर गांव में चार युवक सुबह रामगंगा नदी में नहाने गए थे। उन्होंने बताया कि ए युवक तैरना नहीं जानते थे और गहरे पानी में चले गए जिससे फरहत (18) और अजान (19) की मौत हो गई और इनके दो अन्य साथी सुरक्षित बाहर निकल आए।

## सड़क हादसे में दो युवकों की जान गई

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव में एक मोटरसाइकिल के असंतुलित होकर पेड़ से टकरा जाने से उस पर सवार दो युवकों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

## किशोर की लाठियों से पीटकर हत्या

**बांदा।** बांदा जिले के बिसंडा क्षेत्र में कुछ हमलावरों ने एक किशोर की लाठियों से पीट-पीटकर कथित रूप से हत्या कर दी। हमले में किशोर के पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) लक्ष्मी निवास मिश्रा ने रविवार को बताया कि बिसंडा थाना क्षेत्र के तेंदुरा गांव में शनिवार की देर रात लाठियों से पीट-पीटकर 16 वर्षीय एक लड़के प्रेमबाबू उर्फ दादू की हत्या कर शव तालाब के किनारे पानी में फेंककर हमलावर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि इस हमले में घायल हुए प्रेमबाबू के पिता परशुराम उर्फ परसी (42) की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है और उन्हें इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिश्रा ने बताया कि इस सिलसिले में हमलावर जयकरन और उसके तीन बेटों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। लड़के के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाया गया है।पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि गांव में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि हमलावरों के कुछ परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।पुलिस सूत्रों ने बताया कि लगभग छह-सात माह पूर्व जयकरन की बेटी परशुराम के भांजे के साथ चली गई थी, जो अब तक वापस नहीं लौटी। सूत्रों ने बताया कि जयकरन को शक था कि उसकी बेटी को भगाने में परशुराम का हाथ था और इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच अक्सर विवाद होता था।

### कुत्ते के साथ क्रूरता का वीडियो आया सामने, मामला दर्ज

**बदायूं।** बदायूं जलि के कोतवाली सहसवान क्षेत्र में सोशल मीडिया पर आवारा कुत्ते के साथ क्रूरता करते हुए एक युवक का वीडियो वायरल हुआ है। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने रविवार को बताया कि दो दिन पूर्व सोशल मीडिया पर कुत्ते के साथ क्रूरता करते एक युवक का वीडियो सामने आया, जिसको लेकर पशु प्रेमियों ने ट्विटर पर शिकायत दर्ज कराते हुए कार्वाई की मांग की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए युवक की तलाश शुरू कर दी। वीडियो की सत्यता जानने के बाद शनिवार रात आरोपी युवक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो में दिख रहे व्यक्ति की पहचान सहसवान थाना क्षेत्र के रहने वाले जुनैद के रूप में हुई है।

## अब बंदियों के हुनर को लगे पंख

**● आम आदमी खरीद सकेंगे जेल में बनी कुर्सी, मेज और सोफा, बढ़ेगी गरीब कैदियों की आमदनी, सेंट्रल जेल में बने 77 प्रोडक्ट्स का खुला आउटलेट, लोगों ने दिखाई दिलचस्पी**



**नैनी, प्रयागराज।** केंद्रीय कारागार नैनी में निरुद्ध कैदियों के हाथों से निर्मित विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट की रविवार को सेंट्रल जेल परिसर में प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान आम नागरिकों ने कैदियों के हाथों से बने अचार मुरब्बा समेत अन्य सामानों की खरीदारी की और जमकर तारीफकी। जेल प्रशासन का दावा है कि राज्य सरकार की पहल पर प्रदेश का यह पहला आउटलेट है जो नैनी सेंट्रल जेल से शुरू हुआ है। जम्मू कश्मीर में विस्फोट एवं अन्य आतंकी गतिविधियों में शामिल दुर्दांत आतंकियों समेत देश के कोने कोने के संगीन अपराध ही भले ही इस अतिसंवेदनशील जेल में बंद हैं लेकिन इनके साथ ऐसे कई हुनरमंद कैदी भी हैं। जिनके हाथों की कला के कायल आम आदमी से लेकर सरकारी मुलाजिम तक है। हुनरमंद कैदियों की कला को देख कर ही प्रदेश सरकार ने ऐसा आउटलेट शुरू करने का निर्देश दिया था। जिसके तहत रविवार को या आउटलेट आम आदमी के लिए खोला गया। जेल प्रशासन का कहना है कि इस आउटलेट से होने वाली आमदनी बंदियों के प्रोत्साहन में लगाई जाएगी। जिससे उनके परिवार का भी आर्थिक लाभ हो सकेगा। वरिष्ठ जेल अधीक्षक पी एन पांडेय ने बताया कि केंद्रीय कारागार नैनी में सौ से डेढ़ सौ बंदी ऐसे हैं जिनके बनाए गए प्रोडक्ट किसी भी ब्रांडेड कंपनी से कम नहीं हैं। जेल परिसर में आज जो आउटलेट खोला गया है। इससे होने वाली आमदनी का 99 प्रतिशत भाग बंदियों के अकाउंट में सीधे ट्रांसफर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बंदी कल्याण एवं पुनर्वास सेवा सहकारी समिति लिमिटेड की ओर से बंदियों के बनाए गए 77 प्रोडक्ट को आउटलेट के माध्यम से आम आदमी को खरीदने के लिए उपलब्ध कराया गया है। जिसमें विभिन्न प्रकार के फर्नीचर जैसे बेड सोफा सेट लैपटॉप टेबल दरी अचार बिस्किट नहाने का साबुन लोहे के सामान फिनायल कुर्सी आदि शामिल है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक पी एन पांडेय ने बताया कि आम आदमियों की दिलचस्पी को देखते हुए उम्मीद है कि इससे गरीब बंदियों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी और वह इससे होने वाली आय के जरिए अपने परिवार की भी मदद कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जो कैदी जिस भी कला में पारंगत है। उसे उसके अनुसार ही कार्य सौंपा गया है। उसे सारा सामान उपलब्ध कराया जाता है और जब प्रोडक्ट बनकर तैयार हो जाता है तो प्रोडक्ट का खर्चा काटकर उसका मेहनताना उसके अकाउंट में सीधे भेजा जाता है। इस आउटलेट को देखकर बंदियों में भी खासा उत्साह रहा।

## जो हमसे देश छोड़ने की बात कह रहे, खुद चले जाएं

**मदनी ने समान नागरिक संहिता लागू करने की कुछ राज्यों की योजना पर आपत्ति जताते हुए कहा, इससे समुदाय के लोगों को डरने की जरूरत नहीं, काशी-मथुरा और ईदगाह को लेकर हो रही माहौल बिगाड़ने की कोशिश**



**देवबंद।** प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद (महमूद मदनी समूह) के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने रविवार को कहा कि जो लोग मुसलमानों से देश छोड़ने की बात कहते हैं वे खुद देश छोड़कर चले जाएं।संगठन की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, मदनी ने समान नागरिक संहिता लागू करने की कुछ राज्यों की योजना पर आपत्ति जताते हुए कहा, इससे समुदाय के लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने मुस्लिम समुदाय से धर्म के प्रति आस्थावान बने रहने और दृढ़ता का परिचय देने की गुजारिश की। राज्यसभा के पूर्व सदस्य जमीयत की प्रबंधन समिति के सालाना दो दिवसीय अधिवेशन के अंतिम दिन आयोजित सत्र को संबोधित कर रहे थे। मौलाना मदनी ने कहा, हम नहीं जाएंगे, जिसे हमें भेजने का शौक है वो यहां से चला जाए। उन्होंने यह भी कहा, राष्ट्र निर्माण के लिए जो लोग हमख्याल हैं उनको साथ लेना है। समझदारी, हिम्मत और दीर्घकालिक रणनीति के तहत नफरत के सौदागरों को हराना है। संगठन के बयान के मुताबिक, जमीयत उलेमा-ए-हिंद की असम इकाई के अध्यक्ष और लोकसभा सदस्य मौलाना बदरुद्दीन अजमल ने सरकार के रवैए की आलोचना करते हुए कहा कि मुसलमानों की चुप्पी को कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। इसके अलावा संगठन ने अधिवेशन के दूसरे दिन वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा की शाही ईदगाह तथा समान नागरिक संहिता पर प्रस्ताव पारित किए और एक घोषणापत्र जारी कर सभी मुसलमानों को डर, निराशा और भावुकता से दूर रहने तथा अपने भविष्य की बेहतरी के लिए काम करने की सलाह दी। बयान में कहा गया कि ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा ईदगाह से संबंधित प्रस्ताव में संगठन ने प्राचीन इबादतगाहों पर बार-बार विवाद खड़ा करके देश में अमन व शांति को ख़राब करने वाली शक्तियों और उनको समर्थन देने वाले राजनीतिक दलों के रवैए पर गहरी नाराज़गी ज़ाहिर की है। प्रस्ताव में कहा गया है, बनारस की ज्ञानवापी मस्जिद,मथुरा की ऐतिहासिक ईदगाह और दीगर (अन्य) मस्जिदों के खिलाफ़ इस समय ऐसे अभियान जारी हैं, जिससे देश में अमन शांति और उसकी गरिमा एवं अखंडता को नुकसान पहुंचा है। इसमें आरोप लगाया गया है, अब इन विवादों को उठाकर सांप्रदायिक टकराव और बहुसंख्यक समुदाय के वर्चस्व की नकारात्मक राजनीति के लिए अवसर निकाले जा रहे हैं।

## कर्मयोगियों को प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया हौसला



**● छात्र-छात्रों को भी जिलाधिकारी ने किया पुरस्कृत**

**बांदा।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विधान सभा सामान्य निर्वाचन.2022 के अन्तर्गत स्वीप कार्यक्रम एवं सड़क सुरक्षा सप्ताह से सम्बन्धित आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सहभाग करने वाले छात्राओंए शिक्षकों, समाजसेवियों एवं किन्नरों को मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अनुराग पटेल की उपस्थिति में प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बांदा डा. दीपाली गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सबीहा रहमानीए डॉ. जय कुमार चौरसिया, डॉ. जयंती सिंह (सह संयोजक) डॉ विनय कुमार पटेल (सह नोडल उच्च शिक्षा) के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्या डा0 दीपाली गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अनुराग पटेल को बुके प्रदान कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात इसी श्रंखला में मंच से अन्य अतिथियों का स्वागत बुके एवं बैच अलंकृर कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।जिलाधिकारी द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्या डा. दीपाली गुप्ता को प्रमाण.पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु महाविद्यालय की स्वीप प्रभारी डॉ. सबीहा रहमानीए डॉ. जयंती सिंहए डॉ0 विनय कुमार पटेलए डॉ. मोहम्मद अफ्जलए डॉ0 वीरेंद्र प्रताप चौरसिया एवं पंडित जे एन पी जी कॉलेज के डॉ. प्रत्युष मिश्रा को प्रमाण.पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेने वाले डी0ए0वी0 इण्टर कॉलेजए आर्य कन्या इण्टर कॉलेजए आदर्श बजरंग इण्टर कॉलेजए सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेजए राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज एवं भगवती प्रसाद ओमर बालिका इण्टर कॉलेजए बांदा की छात्र.छात्राओं को प्रमाण.पत्र वितरित किये गये। जिलाधिकारी द्वारा विधान सभा सामान्य निर्वाचन.2022 में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओं को जागरूक करने वाले किन्नरों को भी सम्मानित किया गया। किन्नर मधुए प्रियाए रानीए खुशबूए बबलीए आदि को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं मिशन शक्ति की सह नोडल डॉ0 सबीहा रहमानी द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत किन्नरों को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक बांदा श्री विनोद सिंहए सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी बांदा श्री शंकर जी सिंहए तहसीलदार बांदा श्री पुष्पकए प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज बांदा बीना गुप्ता अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### भीषण पेयजल संकट से पार पाने की मुहिम पर निकल पड़े बांदा के डीएम

# उठाया बीड़ा और खुद चलाने लगे फावड़ा

आलोक निगम। बांदा

**बुंदेलखंड** इन दिनों भीषण पेयजल संकट से जूझ रहा है। बांदा जनपद को जो पानी मिलता था 3 बांधों से मिलता था जो मध्य प्रदेश राज्य की सीमा के अंदर स्थित है। इसे यूपी ही देखता था। लेकिन उन तीनों बांधों की समय सीमा समाप्त हो गई है 99 साल पूरा हो चुका है, अब मध्य प्रदेश सरकार अपनी जमीन बांध बनाने के लिए नहीं दे रही है,उसका कहना है कि हम यहां खेती करेंगे अब अपनी जमीन को डूब क्षेत्र में नहीं बर्बाद करेंगे। बांध रंगवा गंगू बरियारपुर है 10 साल पहले बहुत पानी इन बांधों से हमारे बांदा को मिलता था लगभग पूरे 12 महीने में 4 बार पानी एक 1 महीने के लिए नहरें खुलती थीं, लेकिन अब यही स्थिति है कि एक बार भी पानी नहीं मिलता है, सबसे बड़ी विडंबना यह है कि केन नदी मध्य प्रदेश से आई है अब मध्य प्रदेश सरकार ने के नदी में बड़े.बड़े बांध बना रखे हैं जिससे अब पानी नदी में आता ही नहीं है। यही हाल रहा तो आगे आने वाले समय पर यह क्षेत्र से रेगिस्तान में तब्दील हो सकता है। अब इस संकट पार पाने का संकल्प जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने लिया और एक भागीरथी प्रयास शुरू किया। उन्होंने इसके तहत नजदीक मरौली झील 122 बीघे में एक विशालकाय झील के निर्माण का बीड़ा उठाया है। इनका मानना है कि यदि हम इस झील को चारों तरफसे अच्छे से पैक करके पैचिंग करके और लगातार पोकलैंड उसे खुदाई कराकर बरसात के पहले तैयार कर लेते हैं तो आने वाला समय बारिश का है बारिश में यह पानी है स्टोर हो जाएगा और यह एक प्रकार से मिनी बांध क़े रूप में डेब्लप हो जायेगी। डीएम अनुराग पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस फार्मूले को आदर्श मानकर अपने र्मिशन में जुटा हूं कि कि झील का पानी झील में खेत का पानी खेत में रहना चाहिये, इस झील से कई किमीटर रीचार्जिंग बढ़ जायेगी । इसी को दृष्टिगत रखते हुये आज प्रातः 122 बीघे मरौली झील के जीर्णोद्धारध्पुर्नजीवित करने हेतु जिलाधिकारी अनुराग पटेल द्वारा ब्लॉक प्रमुख बड़ोखर स्वर्ण सिंह ष्ष्सोनूष्ष्ए मुख्य विकास अधिकारी `द प्रकाश मौर्याए उपायुक्त मनरेगा राघवेन्द्र तिवारी, खनिज अधिकारी सौरभ गुप्ताए खण्ड विकास अधिकारी बड़ोखरए सहायक अभियन्ता लघु सिंचाईए ग्राम प्रधान मटौंध ग्रामीण एवं इटवां के साथ मरौली झील का भ्रमण किया गया एवं चिन्हित किये गये स्थलों पर समाजसेवी एवं जल संचयन के प्रति जागरूक व्यक्तियों द्वारा श्रमदान के रूप में उपलब्ध कराई गई मशीनों का उन स्थलों पर खुदाई के कार्य के लिए प्रयोग किया गया जहां पर मिट्टी कंकड़ युक्त है तथा झील के अंदर जिस भाग में कटीली झाड़ियां हैं उनको साफ करने के लिए भी मशीन का प्रयोग किया गया। 110 श्रमिकों द्वारा 4 तकनीकी सहायकों एवं अवर अभियन्ता लघु सिंचाई की उपस्थिति में झील के जीर्णोद्धार हेतु सफाई एवं खुदाई का कार्य किया जा रहा है। पंचायत सहायक द्वारा झील में कार्य कर रही महिला श्रमिकों को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया।





# गुजरात टाइटंस आईपीएल का नया चैंपियन

## हार्दिक का कमाल, राजस्थान को 7 विकेट से हराया

भाषा। अहमदाबाद

**हार्दिक हरफनमौला** खेल से गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीत लिया। राजस्थान के 130 रन का पीछा करने उतरी गुजरात ने 11 गेंद शेष रहते 133 रन बनाकर मैच जीता। गुजरात आईपीएल की नई टीम थी उसने पहलीबार में ही खिताब कब्जा लिया। शुभमन-45, हार्दिक-34 व मिलर ने 32 रन बनाए।
इससे पहले कप्तान हार्दिक पंड्या की अगुवाई में गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राजस्थान रॉयल्स को इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल में नौ विकेट पर 130 रन पर रोक दिया।
हार्दिक ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 18 रन देकर एक विकेट लिया। राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया हालांकि उनका कोई



हार्दिक के हरफनमौला खेल पर उन्हें बधाई देते साथी खिलाड़ी

भी बल्लेबाज टिककर खेल नहीं सका। वहीं अपने घरेलू मैदान पर एक लाख से अधिक दर्शकों के सामने गुजरात के गेंदबाजों ने उन पर दबाव बना दिया। जोस बटलर (35 गेंद में 39) और यशस्वी जायसवाल (16 गेंद में 22 रन) के बल्ले से ही कुछ रन निकल सके। मोहम्मद शमी की रफ्तार और स्विंग के आगे सहज होकर नहीं खेल पा रहे जायसवाल ने जोखिम लेने में कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने शमी को कवर में छक्का जड़ा और यश दयाल को लांग लेग पर छक्का लगाया। अधिक ऊंचे शॉट खेलने के प्रयास में वह डीप में कैच दे बैठे। आरेंज कैपधारी बटलर और सैमसन अब क्रीज पर थे। राशिद खान के खिलाफ दोनों को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखकर हार्दिक ने पावरप्ले में ही इस अनुभवी स्पिनर को गेंद सौंप दी। बटलर और सैमसन ने राशिद को संभलकर खेला और पावरप्ले में स्कोर एक विकेट पर 44 रन था। फॉर्म में चल रहे बटलर ने लॉकी फर्ग्युसन को लगातार दो चौके लगाए। सैमसन को हार्दिक ने अपनी दूसरी ही गेंद पर पवेलियन भेज दिया। उन्हें पूल शॉट खेलने के प्रयास में सैमसन आफ साइड में कैच दे बैठे। देवदत्त पडिक्कल ने खाता खोलने में आठ गेंदें ली और दो रन बनाकर लौट गए। इसके तीन गेंद बाद बटलर भी अपना विकेट गंवा बैठे। पडिक्कल को राशिद ने और बटलर को हार्दिक ने रवाना किया। हार्दिक ने शिमरोन हेटमाएर को भी पवेलियन भेजा और अब राजस्थान का स्कोर पांच विकेट पर 94 रन था। रविचंद्रन अश्विन के आउट होते ही राजस्थान की वापसी की उम्मीदें खत्म हो गई। शमी ने बेहतरीन यॉर्कर पर रियान पराग को आउट किया।

### स्कोरबोर्ड

**राजस्थान रॉयल्स** : यशस्वी का साई किशोर बो दयाल 22, बटलर का साहा बो पंड्या 39,सैमसन का साई किशोर बो पंड्या 14, पडिक्कल का शमी बो राशिद 2, हेटमाएर का और बो पंड्या 11,अश्विन का मिलर बो साई किशोर 6,पराग बो शमी 15,बोल्ट का तेवतिया बो साई किशोर 11,मैकॉय रन आउट 8,कृष्णा नाबाद 0,**अतिरिक्त** : दो रन,**कुल** : 20 ओवर में नौ विकेट पर 130 रन, विकेट पतन :1- 31, 2- 60, 3-79, 4-79, 5-94, 6-98, 7 -112 , 8-130, 9-130, **गेंदबाजी** : शमी 4- 0-33-1, दयाल 3-0-18-1, फर्ग्युसन 3-0-22-0, राशिद 4-0-18 -1, पंड्या 4-0-17-3, साई किशोर 2- 0 -20- 2
**गुजरात टाइटंस** : साहा बो कृष्णा 5, गिल नाबाद 45, वेड का पराग बो बोल्ट 8, पंड्या का जायसवाल बो चहल 34, मिलर नाबाद 32,**अतिरिक्त** : नौ रन, कुल योग : 18.1 ओवर में तीन विकेट पर 133 रन, **विकेट पतन** :1-9, 2-23, 3-86, गेंदबाजी : बोल्ट 4-1-14-1, चहल 4-0 -20-1 कृष्णा 4-0-40 -1, मैकॉय 3.1-0-26- 0, अश्विन 3- 0- 32 . 0

# एआईएफएफ का निर्वाचित निकाय सितंबर के अंत तक

## 15 जुलाई तक संशोधित संविधान सौंपेंगे : कुरैशी

भाषा। नई दिल्ली

**प्रशासकों की समिति** (सीओए) के सदस्य एस वाई कुरैशी ने रविवार को कहा कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) का नवनिर्वाचित निकाय सितंबर के अंत तक अस्तित्व में आ जाएगा और उनकी समिति 15 जुलाई तक संशोधित संविधान को उच्चतम न्यायालय में पेश करेगी। उच्चतम न्यायालय ने 18 मई को एआईएफएफ के मामलों का प्रबंधन करने और राष्ट्रीय खेल संहिता और उसके दिशानिर्देशों के अनुरूप संविधान बनाने के लिए पूर्व न्यायाधीश एआर दवे की अध्यक्षता में तीन सदस्ईय सीओए नियुक्त किया था। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त कुरैशी और पूर्व भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान भास्कर गांगुली सीओए के अन्य सदस्य हैं। कुरैशी ने कहा, चुनाव प्रक्रिया पूरी होने में छह से आठ सप्ताह का समय लगेगा। फिर सितंबर के अंत तक, एक नव निर्वाचित निकाय अस्तित्व में होगी। मेरे नेतृत्व में सीओए ने उच्चतम न्यायालय में लंबे विचार-विमर्श के बाद संविधान का मसौदा प्रस्तुत किया है जो लंबे समय तक सार्वजनिक नहीं था। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि अब मसौदे को सार्वजनिक कर उस पर सुझाव और प्रतिक्रिया लेने का आदेश दिया है। इसे ध्यान में रखते हुए, हम 15 जुलाई तक संविधान का एक संशोधित संस्करण प्रस्तुत करने की उम्मीद कर रहे हैं। कुरैशी और गांगुली को 2017 में राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुरूप एआईएफएफ का गठन करने के लिए न्यायालय द्वारा प्रशासक नियुक्त किया गया था। उन्होंने जनवरी 2020 में एक सीलबंद लिफाफे में न्यायालय में संविधान का मसौदा प्रस्तुत किया था।उम्मीद है 21 जुलाई तक हमारे पास एक स्वीकृत संविधान होगा क्योंकि मतदाता सूची को लेकर हमारे पास कई नोटिस और स्पष्टीकरण हैं। उसके बाद, हम जितनी जल्दी हो सके चुनाव कराएंगे। चुनाव प्रक्रिया को पूरा होने में छह से आठ सप्ताह लगेंगे। एक बार नव निर्वाचित निकाय अस्तित्व मे आ जाए तो, हमारा काम पूरा हो जाएगा। फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) की एक संयुक्त टीम उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद मौजूदा स्थिति को समझने के लिए भारत का दौरा करने के लिए तैयार है।

### अर्जुन, दीपशिखा ने जीता दिल्ली स्टेट रैंकिंग बैडमिंटन चैंपियनशिप का खिताब

**नई दिल्ली।** अर्जुन रेहानी और दीपशिखा सिंह ने दिल्ली राज्य रैंकिंग बैडमिंटन चैंपियनशिप में रविवार को यहां पुरुष और महिला एकल वर्ग में जीत हासिल की। शीर्ष वरीय अर्जुन ने पुरुषों के फाइनल में सिद्धांत चोपड़ा को 22-20, 21-12 से हराया, जबकि दीपशिखा ने चौथी वरीयता प्राप्त खुशी ठक्कर को 21-12 15-21 21-8 से मात दी। अंडर-19 बालिका एकल में इसोबेल कुरियन शीर्ष वरीय इशिता नेगी को 21-15 21-15 से हराकर चैंपियन बनी, तो वही एस गिनपॉल ने नौवी वरीयता प्राप्त सतक्ष सिंह को 21-13 16-21 21-6 से हराकर बालक अंडर-19 का खिताब अपने नाम किया।

### रूद्रांक्ष बाकू निशानेबाजी कप में सातवें स्थान पर रहे

**नई दिल्ली।** भारत के निशानेबाज रूद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल रविवार को अजरबेजान के बाकू में आईएसएसएफ संयुक्त विश्व कप मे पुरूषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में सातवे स्थान पर रहे। जूनियर विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता रूद्रांक्ष (18 वर्ष) ने शनिवार को क्वालीफिकेशन में चौथा स्थान हासिल कर शीर्ष आठ चरण के लिए क्वालीफाई किया था। सर्बिया के लाजार कोवासेविच (261.8 अंक) ने स्वर्ण, क्रोएशिया के मिरान मारिसिच ने रजत और कजाखस्तान के इस्लाम उसेनोव ने कांस्य पदक जीते। रूद्रांक्ष ने रैंकिंग दौर में 153.7 अंक बनाए जिससे वह पोलैंड के मासिएज कोवालेविक्ज के साथ बाहर होने वाले पहले निशानेबाज रहे। भारत ने इस विश्व कप मे केवल 12 सदस्ईय राइफल टीम भेजी थी।

### रियल्टी शो वॉर फोर टाइम् में दिखाएंगे जौहर

**नई दिल्ली।** डीएम प्रोडक्शन एडवेंचर व रोमांच से भरपूर रियलटी शो वॉर फोर टाइम का आयोजन करेगा, जिसमें स्पोर्ट्स, स्टंट, व अन्य विधाओं में महारथ टैलेंट को एक मंच प्रदान किया जागा। जिसका लखनऊ शहर में प्रोमो व पोस्टर लॉन्च किया गया। शो ऑर्गनाइजर्स धीरज गौर मंगल यादव व महिमा यादव ने बताया कि इस रियलटी शो में पूरे देश भर से मिस्टर, मिस व मिसेज केटेगरी के 18 वर्ष से अधिक उम्र के पार्टिसिपेंट्स भाग लेंगे। इस शो में टोटल 5 टीम भाग लेंगे और इंदौर सहित मुम्बई, दिल्ली, चंडीगढ़, लखनऊजैसी सिटीज में ऑडिशन लिए जाएँगे। कैंडिडेट्स का सिलेक्शन ऑडिशन, मेगा ऑडिशनए प्री एक्टिविटीज एन्ड टास्क और फ इनल सिलेक्शन राउंड्स के बाद किया जाएगा। विनर्स को 21 लाख का कैश प्राइजए गोल्डन ट्रॉफी और चार म्यूजिक वीडियो एलबम्स में काम करने का मौका मिलेगा।

### जयशंकर ने डब्ल्यूबीसी प्रो खिताब जीता

**सिडनी।** भारतीय प्रो मुक्केबाज एस जयशंकर ने आस्ट्रेलियाई चैम्पियन माइकल पेंग्यू को हराकर वेल्टरवेट वर्ग में विश्व मुक्केबाजी परिषद का आस्ट्रालासिया खिताब जीत लिया। माइकल लगातार दो मुकाबले जीतकर यहां उतरे थे और खिताब के प्रबल दावेदार थे। उन्होंने दिसंबर 2021 मे हमवतन जॉर्ज कापीन को हराकर यह खिताब जीता था। तमिलनाडु के मुक्केबाज जयशंकर ने दिसंबर 2021 में डब्ल्यूबीसी इंडिया खिताब जीता था। उन्होंने हैदराबाद में आकाशदीप को बंटे हुए फैसले पर हराया था। जयशंकर ने यहां शुरू ही से काफी आक्रामक खेल दिखाया और आठवे दौर तक आस्ट्रेलियाई मुक्केबाज बुरी तरह से थक चुका था।

# भारत को मैत्री मैच में जोर्डन ने 2-0 से हराया



भाषा। दोहा

**करिश्माई** खिलाड़ी सुनील छेत्री की वापसी का भारतीय फुटबॉल टीम कोई फायदा नहीं उठा सकी और उसे शनिवार को यहां अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैत्री मैच में टीम को जोर्डन से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 91वें स्थान पर काबिज जोर्डन ने दोनों गोल दूसरे हाफ में किए। मंथर अबू अमारा ने मैच के 75वें मिनट में टीम का खाता खोला जबकि आखिरी सीटी बजने से कुछ समय पहले अबू जराइक (904 मिनट) के गोल ने जोर्डन की बढ़त को दोगुना कर दिया। फीफा रैंकिंग में 106 वें स्थान पर काबिज भारतीय टीम यहां के कतर स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर बमुश्किल लक्ष्य पर एक शॉट लगा सकी, जिसका प्रतिद्वंद्वी गोलकीपर ने शानदार बचाव किया। एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर 2023 से पहले यह मैच भारत के लिए तैयारी का आखिरी मौका था। एशियाई कप क्वालीफायर के मैच आठ जून से कोलकाता में खेले जाएंगे। भारत इसी दिन ग्रुप डी के मुकाबले में कंबोडिया से भिड़ेगा। सैंतीस साल के छेत्री ने पिछली बार अक्टूबर 2021 में सैफ चैंपियनशिप के फाइनल में नेपाल पर 3-0 से जीत के दौरान भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उसके बाद से वह चोट के कारण टीम से बाहर थे। उनकी वापसी भी टीम के खिलाड़ियों को प्रेरित नहीं कर सकी।

# पैरा कैनो एथलीट प्राची यादव ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा



भाषा। नई दिल्ली

**पैरा कैनो** एथलीट प्राची यादव ने पोलैंड के पोंजनान में चल रहे पैराकैनो विश्व कप की महिला वीएल2 200 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। प्राची ने 1:04.71 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। वह कनाडा की रजत पदक विजेता ब्रियाना हेनेसी (1:01.58प) और स्वर्ण पदक विजेता आस्ट्रेलिया की सुजान सेपेल (1:01.54प) से पीछे रहीं। यह भारत का 26 मई से शुरू होकर रविवार को खत्म होने वाली प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वहीं मनीष कौरव (केएल पुरूष 200 मीटर) और मंजीत सिंह (वीएल2 पुरूष 200 मीटर) ने अपनी स्पर्धाओं के फाइनल्स में प्रवेश किया है।

# जोकोविच 16वीं बार क्वार्टरफाइनल में

## फ्रेंच ओपन टेनिस

भाषा। पेरिस

**गत चैम्पियन** और शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रविवार को यहां रिकॉर्ड 16वीं बार फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। सर्बिया के शीर्ष वरीय खिलाड़ी ने सुजाने लेंगलेन कोर्ट पर 15वीं वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्ट्जमैन पर 6-1, 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच हालांकि दूसरे सेट में 0-3 से पिछड़ रहे थे लेकिन उन्होंने लगातार सात गेम जीतकर सेट जीता और फिर तीसरे में 1-0 से बढ़त बनाई। जोकोविच ने इस साल रोलां गैरो में अभी तक चार मैचों में सभी 12 सेट जीते हैं। बीस ग्रैंडस्लैम खिताब जीत चुके जोकोविच रोलां गैरां में लगातार 13 साल तक क्वार्टरफाइनल में पहुंचे हैं जिसमें 2016 और पिछले साल उन्होंने ट्राफी जीती थी। वह ट्राफियों के मामले में सिर्फ रफेल नडाल से पीछे हैं जिनके नाम 21 ट्राफियां हैं। जोकोविच और नडाल फिर क्वार्टरफाइनल आमने सामने हो सकते हैं, अगर 13 बार का फ्रेंच ओपन चैम्पियन फेलिक्स ऑगर एलिसिमे के खिलाफ चौथे दौर का मैच जीत जाता है। वहीं महिलाओं के वर्ग में अमेरिकी ओपन के उप विजेता कनाडा की लैला फर्नांडिज ने 27वीं वरीय और 2019 में यहां सेमीफाइनल तक पहुंची अमांडा एनिसिमोवा परला 6-3, 4-6, 6-3 की जीत से पहली बार क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। अब 17वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना इटली की मार्टिना ट्रेविसान से होगा जिन्होंने अलीकसांद्रा सासनोविच को 7-6, 7-5 से हराया। वहीं 18 वर्षीय कोको गॉ ने भी बेल्जियम की 31 वरीय एलिसे मर्टन्स पर 6-4, 6-0 से जीत दर्ज की।



### लगातार 31 मैच जीतनी वाली स्वियातेक का ध्यान रिकॉर्ड की जगह अपने मैचों पर

**पेरिस।** लगातार 31 मैच जीत चुकी शीर्ष रैंकिंग की महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने कहा कि उनका ध्यान रिकॉर्ड की जगह यहां फ्रेंच ओपन के अपने मैचों पर लगा है। पूर्व रोलां गैरां चैम्पियन (2020) स्वियातेक को तीसरे दौर के मैच मे मोंटेनेग्रो की खिलाड़ी से डानका कोविनिच से दूसरे सेट मे टक्कर मिली लेकिन उन्होने अपना ध्यान नही भटकने दिया और 6-3 7-5 जीत के अपने रिकॉर्ड में सुधार किया। पोलैंड की इस 20 साल की खिलाड़ी ने कहा, इन आंकड़ो के बारे मे सोचने से कोई मदद नही मिलेगी। मै यहां अपने खेल पर ध्यान देने के साथ इससे जुड़ी समस्याओ का हल ढूंढना चाहती हूं। विश्व रैंकिंग मे 95वे स्थान पर काबिज कोविनिच ने भी स्वियातेक की तारीफ करते हुए कहा, मैने उससे इस लय को जारी रखने के लिए कहा। यह टेनिस, हमारे खेल के लिए शानदार है। उसमे कुछ ऐसा खास है जो हम सब के पास नही है। स्वियातेक के सामने अगले मैच मे चीन की झेंग किनवेन की चुनौती होगी। अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खेल रही इस 19 साल की झेंग ने कहा, मै उसके (स्वियातेक) खिलाफ खेलने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। स्वियातेक को अपनी पिछली हार का सामना 16 फरवरी को दुबई मे चौथे दौर मे करना पड़ा था। तब 2017 की फ्रेंच ओपन चैम्पियन जेलेना ओस्टापेंको ने उन्हे हराया था। उसके बाद से अजेय रही इस खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र मे 15 सेट को 6-0 के अंतर से जीता है।

# फाइनल में पहुंचने के करीब भारतीय हॉकी टीम

## एशिया कप हॉकी : मलेशिया से ड्रॉ के बावजूद मिली सफलता

भाषा। जकार्ता

**रजी रहीम** की हैट्रिक के दम पर मलेशिया ने एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सुपर 4 के मुकाबले में भारत को 3-3 से ड्रॉ पर रोक दिया।
रहीम ने 12वें, 21वें और 56वें मिनट में तीन गोल पेनल्टी कॉर्नर पर दागे। भारत ने दो गोल से पिछड़ने के बाद विष्णुकांत सिंह (32वां मिनट), एस वी सुनील (53वां) और नीलम संजीप सेस (55वां) के गोलों के दम पर वापसी की। इससे पहले भारत ने शनिवार को जापान को 2-1 से हराया



था। सुपर 4 चरण के दूसरे मैच में दक्षिण कोरिया ने जापान को 3-1 से हराया। इससे पहले कोरिया ने मलेशिया से 2-2 से ड्रॉ खेला था। सुपर 4 अंकतालिका में दक्षिण कोरिया प्लस दो के गोल अंतर से शीर्ष पर है जबकि भारत प्लस एक के गोल अंतर से दूसरे स्थान पर है। जापान फाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका है जबकि मलेशिया का गोल अंतर 0 है और जापान को बड़े अंतर से हराकर वह फाइनल में पहुंच सकता है बशर्ते भारत और दक्षिण कोरिया का मैच ड्रॉ रहे। मलेशिया ने अच्छी शुरूआत करके भारतीय डिफेंस पर दबाव बनाए रखा। भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा ने छठे मिनट में मोहम्मद हसन की रिवर्स हिट पर शर्तिया गोल बचाया। मलेशिया को मिला पेनल्टी कॉर्नर भी बेकार गया। पहले क्वार्टर में मलेशिया ने भारतीय गोल पर लगातार हमले बोले। मलेशिया को 12वें मिनट में फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार रहीम ने करकेरा को छकाकर गोल कर दिया। भारत ने दूसरे क्वार्टर में कई मौके बनाए लेकिन कामयाबी नहीं मिली। मलेशिया ने 21वें मिनट में फिर पेनल्टी कॉर्नर बनाया और रहीम ने बढत दुगुनी कर दी। दो गोल से पिछड़ने के बाद भारतीयों ने जवाबी हमले बोले और विष्णुकांत ने पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड के जरिए गोल करके अंतर कम किया।

# स्मित आस्ट्रियाई ओपन इंटरनेशनल सीरीज के सेमीफाइनल में हारीं

भाषा। नई दिल्ली

**भारत की** स्मित तोशनीवाल को ग्राज में आस्ट्रियाई ओपन इंटरनेशनल बैडमिंटन सीरीज के महिला एकल सेमीफाइनल में सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। छठी वरीय तोशनीवाल ओडिशा सुपर 100 और स्लोवेनिया इंटरनेशनल के फाइनल्स में पहुंची थीं। वह प्रतियोगिता में इस हफ्ते शानदार प्रदर्शन के बाद सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की शीर्ष वरीय वेन चि सु से 28 मिनट में 13-21 11-21 से हार गईं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हमवतन केयुरा मोपाटी को हराया था। इससे पहले मुकाबलों में उन्होंने इंडोनेशिया की मुतियारा और इंग्लैंड की लीवयून को मात दी थी।

# तेज गेंदबाजी के लिए उमरान मलिक ताजी हवा के झोंके की तरह : वाटमोर



**श्रीनगर।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और विश्व कप विजेता कोच डेव वाटमोर ने उमरान मलिक को तेज गेंदबाजी की दुनिया में ताजी हवा का झोंका करार देते हुए यहां उम्मीद जताई कि 22 साल के इस खिलाड़ी के प्रदर्शन में अभी और सुधार होगा। निजी स्कूल के शिविर में यहां पहुंचे वाटमोर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के कई युवा इस तेज गेंदबाज के नक्शे-कदम पर चलना चाहते है। पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे देशों के कोच रह चुके वाटमोर ने कहा, तेज गेंदबाजी के लिए उमरान मलिक ताजी हवा के झोंके की तरह हैं। उन्होंने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्हें उनकी (आईपीएल) फ्रेंचाइजी द्वारा बरकरार रखा गया जो एक बड़ी बात है। मुझे यकीन है कि यहां के बहुत सारे युवा उनका अनुकरण करना चाहेंगे। उन्होंने मलिक को भारतीय क्रिकेट टीम में चुने जाने के लिए बधाई देते हुए कहा, उम्मीद करते हैं कि वह अच्छा करेंगे। उन्हें भारतीय टीम में चुने जाने पर बधाई। हम सभी को उम्मीद है कि उनके प्रदर्शन में और सुधार आएगा। वाटमोर 1979 में भारत दौरे पर आई उस ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे जिसने घाटी में एक मैच खेला था। उन्होंने उम्मीद जताई कि उन्हें यहां आने का और मौका मिलेगा।

### रमेश और शुगर सर्फिंग के राष्ट्रीय चैम्पियन बने

**मेंगलुरू।** कर्नाटक के रमेश बुधियाल रविवार को यहां इंडियन ओपन सर्फिंग के तीसरे चरण के अंतिम दिन पुरूष ओपन सर्फ वर्ग में तमिलनाडु के अजीश अली को हराकर नए राष्ट्रीय चैम्पियन बने। शुगर बनारसे और सोफिया शर्मा क्रमश: महिला ओपन और ग्रोम्स बालिका 16 एवं अंडर वर्ग की राष्ट्रीय चैम्पियन बनीं। तमिलनाडु के किशोर कुमार ने ग्रोम्स लड़कों के 16 एवं अंडर वर्ग का खिताब जीता। रमेश बुधियाल का कुल स्कोर 16.33 रहा जबकि उप विजेता अजीश अली ने 15.67 अंक हासिल किए। गोवा की 16 वर्षीय शुगर बनारसे ने 14.50 अंक हासिल किए। तमिलनाडु ने प्रतियोगिता में कुल छह पदक जीते, उसके बाद कर्नाटक ने पांच और गोवा ने दो पदक हासिल किए।

### राष्ट्रमंडल और विश्व टी20 टीम में जगह पक्की करने के लिए स्ट्राइक रेट पर काम कर रही हूं : तानिया

**पुणे।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज तानिया भाटिया ने कहा कि बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों और अगले साल होने वाले विश्व टी20 से पहले वह राष्ट्रीय महिला टीम में अपना स्थान पक्का करने के लिए अपने स्ट्राइक रेट पर काम कर रही हैं। चंडीगढ़ की 24 साल की यह खिलाड़ी दो साल पहले टी20 विश्व कप फाइनल के दौरान कनकशन (सिर में गेंद लगने) के कारण रिटायर हर्ट होने के बाद से भारतीय टीम में नियमित सदस्य नहीं हैं। उन्होंने पिछले साल इंग्लैंड में तीन वनडे खेले जिसमें वह दो मौकों पर केवल सात और दो रन ही बना सकी। वह इस साल भी तीन वनडे - वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ - के लिए टीम में थीं, जिसमें एक पारी खेलीं और केवल आठ रन ही जोड़ सकीं।

# मनीषा रामदास ने फाजा दुबई पैरा बैडमिंटन में दो स्वर्ण पदक जीते

भाषा। दुबई

**मनीषा रामदास** ने रविवार को यहां चौथे फाजा दुबई पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए जबकि पैरालंपिक चैम्पियन प्रमोद भगत भी पुरूष वर्ग में पीला तमगा हासिल करने में सफल रहे। महिला एसयू5 वर्ग के फाइनल में मनीषा ने जापान की अकिको सुगिनो को 21-17 21-11 से शिकस्त दी और फिर मंदीप कौर के साथ मिलकर थाईलैंड की निपाडा साएनसुपा और चानिडा श्रीनावाकुल की जोड़ी को महज 21 मिनट में 21-9 21-13 से पराजित कर दिया। पुरूष एकल एसएल3 में भगत ने हमवतन नीतिश कुमार को 19-21 21-17 21-17 से शिकस्त दी।

# रीयाल मैड्रिड 14वीं बार बना चैंपियंस लीग चैंपियन

## लिवरपूल को 1-0 से शिकस्त दी

भाषा। पेरिस

**ब्राजील के** खिलाड़ी विनिसियस जूनियर के गोल के बूते रीयाल मैड्रिड ने चैम्पियंस लीग के फाइनल में शनिवार को यहां लिवरपूल को 1-0 से शिकस्त देकर अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 14वीं बार इस खिताब को अपने नाम किया। फेडेरिको वाल्वरडे के पास में विनिसियस ने मैच के 59वें मिनट में विजई गोल दागा। रीयाल मैड्रिड को चैम्पियन बनाने का श्रेय उनके अलावा गोलकीपर थिबॉट कोर्टोइस को जाता है जिन्होंने सदियो माने और मोहम्मद सलाह के प्रयासों को शानदार बचाव के साथ विफल कर दिया। यह मुकाबला भी पिछले चैम्पियंस लीग फाइनल की तरह दर्शकों के उत्पात से प्रभावित हुआ। इसी वजह से यहां के स्टाडे डे फ्रांस स्टेडियम में फाइनल मैच के शुरू होने में 37 मिनट का विलंब हुआ। मैदान में घुसने का प्रयास कर रही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले का सहारा लेना पड़ा। मैच के बाद गोलकीपर कोर्टोइस ने कहा, आज कोई भी मुझे भेद नहीं पा रहा था। मुझे विश्वास था कि कुछ भी हो जाए मैच चैम्पियंस लीग जीतूंगा। यह मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी का चौथा यूरोपीय कप खिताब है, जो प्रतियोगिता के इतिहास में किसी कोच या मैनेजर के लिए सबसे अधिक है। उनकी देखरेख में टीम ने एक बार फिर ला-लीगा (स्पेन की शीर्ष घरेलू लीग) और चैम्पियंस लीग का दोहरा खिताब अपने नाम किया। मैड्रिड को अपने अभियान के दौरान नॉकआउट चरण में पेरिस सेंट जर्मेन, गत चैम्पियन चेल्सी और मैनचेस्टर सिटी जैसी दिग्गज टीमों शिकस्त देना पड़ा। टीम के स्ट्राइकर करीम बेंजेमा ने कहा, हमारी टीम सर्वश्रेष्ठ है। यह हमारे लिए बहुत कठिन मुकाबला था और हम इस फाइनल को जीतने के हकदार थे। हमारा इतिहास यह दर्शाता है कि हमारी टीम हमेशा इस खिताब के करीब रहती है। पूरे सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाली लिवरपूल की टीम के लिए पिछले एक सप्ताह में यह दोहरा झटका है।

